# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 55 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**2004:** एचआईवी-एड्स पर एशियाई मंत्रियों का सम्मेलन बैंकॉक में।

**2006:** मुंबई बम धमाकों में 209 लोग मारे गए।

**2007:** चर्चित चित्रकार एमएफ़ हुसैन ने न्यूयार्क की कला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

**2010:** फुटबॉल विश्वकप के फाइल में स्पेन ने नीदरलैंड को -0 से हराकर खिताब जीता।

# भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी मिलकर करें काम : अमित शाह

## झारखंड के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** रांची के होटल रेडिसन ब्लू में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक दोपहर तक चली। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है और उनके साहस और पराक्रम के लिए पूर्वी क्षेत्रीय परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए भारत का आतंकवाद के अंत का मजबूत इरादा पूरी दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बहुत बड़ा योगदान रहा है और इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि पूरा पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि रहा है। शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। श्री शाह ने कहा कि राज्यों के विकास के माध्यम से भारत का विकास और 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें। हमारे संघीय ढांचे को मज़बूत करने के लिए अंतरराज्यीय परिषद और क्षेत्रीय परिषद को संविधान और कानून में आधार दिया गया है और उसी के तहत क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित होती हैं। परिषद की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र के सामने 31 प्रमुख मांगे रखीं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार का सहयोग नितांत आवश्यक है। सहकारी संघवाद की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। उनका कहना था कि ये मांगें राज्य के लोगों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में निर्णायक कदम हैं। इसे गंभीरता से लिया जाए। परिषद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के अलावा ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन मौजूद थे। वहीं, झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह आदि अधिकारी भी शरीक थे। दो राज्यों से मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वहां के मंत्री प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

# राज्य में 3181 पदों पर एएनएम बहाली की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए एक बड़ी पहल की गई है। राज्य भर में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) के 3181 पदों पर नियुक्ति की तैयारी शुरू हो गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने इसके लिए एएनएम प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाने की घोषणा कर दी है। इन पदों में 3020 पद नियमित हैं जबकि 161 पद बैकलॉग श्रेणी के अंतर्गत रखे गए हैं। खास बात यह है कि इस बहाली में हर जिले के लिए अलग-अलग पद आरक्षित किए गए हैं ताकि राज्य के सभी हिस्सों में समान रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत की जा सकें। राज्य के बड़े जिलों में ज्यादा पद निकाले गए हैं। मसलन रांची में 245, दुमका में 214, गुमला में 203, पश्चिमी सिंहभूम में 200, पलामू में 180, पूर्वी सिंहभूम में 172 और सिमडेगा में 150 नियमित पद निर्धारित किए गए हैं। वहीं जिन जिलों में पिछली बहालियों में पद खाली रह गए थे, वहां बैकलॉग के अंतर्गत नई बहाली की जाएगी। गिरिडीह, लातेहार, गोड्डा, दुमका, सरायकेला जैसे जिलों में यह प्रक्रिया चलेगी। जेएसएससी की ओर से यह परीक्षा सीबीटी यानी कंप्यूटर आधारित परीक्षा के तौर पर ली जाएगी। परीक्षा एक ही चरण की होगी, जिसमें 50 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। जेएसएससी के परीक्षा विभाग ने कहा कि आधिकारिक वेबसाइट में तमाम जानकारी प्रकाशित कर दी गई है। परीक्षा की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा जाएगा। सभी जिलों में स्थानीय युवाओं को अवसर मिलेगा। यह बहाली सिर्फ रोजगार नहीं है, यह झारखंड की स्वास्थ्य सेवा में एक बड़ी कड़ी जोड़ने का काम करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु देखभाल, टीकाकरण, पोषण और प्राथमिक चिकित्सा में एएनएम की भूमिका बेहद अहम होती है। इन पदों के भरने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति बेहतर होगी और महिलाओं-बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती ट्रक में लगी आग

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा-चौका मार्ग पर गुरुवार सुबह एक ट्रक में अचानक आग लग गई। यह हादसा लखना सिंह घाटी में उस समय हुआ जब ट्रक कांड्रा से चौका की ओर जा रहा था। घाटी के एक तीखे मोड़ पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गया। टक्कर के बाद हुए शॉर्ट सर्किट से ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरा ट्रक चंद मिनटों में जलकर खाक हो गया।

### हाइवा की ठोकर से युवक की मौत

**दुमका (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नौनीहाट के पास सड़क दुर्घटना में गोड्डा निवासी एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक जख्मी है। दोनों युवक बासुकीनाथ मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे और इसी दौरान उनकी बाइक में पीछे से हाइवा ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान गोड्डा के शांति नगर निवासी 22 वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। वहीं, सरौनी का रहने वाला मुकेश कुमार घायल है।

### नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

बोकारो(नबिटा ब्यूरो)। चिरा चास थाना क्षेत्र के नन्दुआ स्थान में पुलिस ने नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिंटू कुमार के मकान में गोपाल सिंह नकली शराब का निर्माण और बिक्री कर रहा है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम ने छापेमारी की। मौके से नकली शराब, निर्माण सामग्री, विदेशी ब्रांड के स्टीकर, ढक्कन, कार्टून और स्प्रिट बरामद हुए। पुलिस ने गोपाल सिंह और पिंटू कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया है।

# राजनीतिक दल सभी मतदान केंद्रों पर करें बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे सभी मतदान केंद्रों पर अपने-अपने दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर लें। जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल जिला/विधानसभा स्तर पर बूथ लेवल एजेंट-1 एवं सभी मतदान केंद्र स्तर पर बूथ लेवल एजेंट-2 को चयनित करते हुए उनकी सूची संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री के. रवि कुमार गुरुवार को राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि राजनीतिक दल बीएलए नियुक्त करते समय इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित बीएलए उसी मतदान केंद्र का मतदाता हो। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बीएलए की सूची संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे जिसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दिया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के क्रम में एक भी मतदाता छूटे नहीं इस हेतु बीएलए एवं बीएलओ आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के चयनित बीएलए को शर्तों के साथ मतदाताओं के फॉर्म जमा करने, मतदाता सूची के प्रारूप की कॉपी प्राप्त करने आदि कई अधिकार भी दिए गए हैं। मतदाता सूची को पारदर्शी एवं एक भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय को पूरा करने के लिए बीएलओ की भूमिका के साथ-साथ बीएलए की भी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पर्यटन मंत्री ने किया विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का विधिवत उदघाटन

# दुम्मा से मंदिर तक बनेगा कांवरिया फ्लाईओवर : सुदिव्य कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का बिहार-झारखंड सीमा दुम्मा में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। मौके पर देवघर विधायक सुरेश पासवान जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुमार, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख मौजूद थे। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि कांवरियों की सेवा शिव की सेवा है। आने वाले समय में दुम्मा से बैद्यनाथ मंदिर तक कांवरियां फ्लाईओवर बनेगा। इससे भक्तों को सड़क पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह काम अगले मेले तक हो जाएगा। मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नाम संजय, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय शर्मा मौजूद थे। इस बार का श्रावणी मेला पूरी तरह से हाईटेक और डिजिटल रूप में आयोजित किया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए देवघर जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालु अब मोबाइल फोन के माध्यम से अपने ठहरने की जगह, सफाई, पेयजल, परिवहन आदि से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे और जरूरत पड़ने पर शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे। देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के अनुसार, मेला क्षेत्र में दो क्यूआर कोड लगाए गए हैं। पहला क्यूआर कोड चैटबॉट सुविधा से जुड़ा है, जिससे श्रद्धालु किसी भी जानकारी जैसे रूट, रुकने की व्यवस्था, चिकित्सा सहायता आदि प्राप्त कर सकते हैं। दूसरा क्यूआर कोड शिकायत एवं खोया-पाया से संबंधित है। शिकायत दर्ज करने के लिए श्रद्धालु को नाम, मोबाइल नंबर, श्रेणी चयन और विवरण के साथ फोटो अपलोड करनी होगी। शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासन कांवरियों से सीधा संपर्क करेगा। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कांवरियों की सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस बार बड़ा बदलाव किया है। बाबा मंदिर के पास ही अब सीधे बासुकी नाथ जाने के लिए बसें मिलेंगी, जिससे श्रद्धालुओं को स्टेशन या बस स्टैंड नहीं जाना पड़ेगा। खास बात यह है कि केवल प्रशासन द्वारा अनुमति प्राप्त बसों को ही प्रवेश मिलेगा। बसें खासतौर पर उन श्रद्धालुओं के लिए होंगी, जो बासुकी नाथ की यात्रा करना चाहते हैं। जिला प्रशासन ने रूट तय कर दिया है और विशेष पास जारी किए गए हैं। इस नई व्यवस्था से लाखों श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी और सफर भी सुगम होगा। केवल परमिट वाली बसों को ही इस रूट पर चलने की अनुमति दी गई है। ये बसें क्लब ग्राउंड के पास ही मिल जाएंगी।

# निजी क्लिनिक में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के एक निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर और अस्पताल के कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया जिसके बाद बाहर भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पांकी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले को शांत कराया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई निवासी ममता देवी को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर में एक डॉक्टर ने जांच कराई थी। बाद में ममता देवी को प्रसव के लिए पांकी स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया जहां बुधवार की देर रात ऑपरेशन के दौरान ममता देवी और बच्चे की मौत हो गई। मृतका के पति सोनू सिंह ने बताया कि निजी नर्सिंग होम ने कहा था कि वे स्थिति को संभाल लेंगे, रात में जब उनकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने रेफर करने की भी बात कही। लेकिन अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है, सब ठीक हो जाएगा। बाद में उनकी पत्नी और बच्चे की मौत हो गई। ममता देवी के चाचा सुरेंद्र सिंह का कहना है कि डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नशे की हालत में मौजूद थे और शराब के नशे में ही ऑपरेशन कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मृतका के परिजनों की ओर से पांकी थाने में एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि जच्चा-बच्चा की मौत हो गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के दारू थाना क्षेत्र में झुमरा-मेढ़कुरी मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में तीन ग्रामीणों की जान चली गई। गुरुवार को यह हादसा तब हुआ जब तीनों ग्रामीण अपने मवेशियों के साथ सड़क किनारे चल रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान मेढ़कुरी पंचायत के अमली गांव के बासुदेव यादव (60), घाघरा गांव के रामसेवक मेहता (50) और तुलसी मेहता के रूप में हुई है। सेवाने नदी के पास हुई इस दुर्घटना में रामसेवक और तुलसी मेहता की मौके पर ही मौत हो गई। बासुदेव यादव को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्र हो गए। उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। दारू थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेजा है। पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# केंद्रीय भंडार गृह में सुरक्षा मानकों का करें पालन : चोपड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने आज हजारीबाग जिले का दौरा कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सचिव श्री चोपड़ा ने सबसे पहले केंद्रीय भंडारण निगम अंतर्गत संचालित केंद्रीय भंडार गृह का भ्रमण किया। उन्होंने खाद्यान्नों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा प्रणाली, अग्निशमन सुविधा एवं सीसीटीवी निगरानी आदि का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। सचिव ने गोदाम के अंदर रखे अनाज के भौतिक गुणवत्ता की भी जांच की।श्री चोपड़ा ने कटकमदाग प्रखंड के सलगांवां पैक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया, बायोमेट्रिक प्रणाली, ई-उपार्जन पोर्टल की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के द्वारा खरीदी गई धान के भुगतान पर गति लाने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने नावाडीह गांव स्थित सदानंद ओझा के जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने ई-पोश मशीन, वजन मापक प्रणाली, खाद्यान्न की गुणवत्ता, और ई-केवाईसी की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे फोर्टीफाइड चावल में अतिरिक्त पोषक तत्व होते हैं, जिसे सभी लाभुकों को नियमित रूप से उपयोग में लाना चाहिए। सचिव श्री चोपड़ा ने चुरचू प्रखंड के नगड़ी बिरहोर टोला का दौरा कर बिरहोर जनजाति के लोगों से मुलाकात की एवं उन्होंने बिरहोर कॉलोनी का निरीक्षण किया और समुदाय की शैक्षिक, सामाजिक और खाद्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं को सुना। परिसदन भवन में सचिव श्री चोपड़ा ने सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा की और लाभुकों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद किया। लोगों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने, राशन कार्ड बंद होने, तथा ई-उपार्जन पोर्टल में नाम नहीं होने जैसी समस्याओं को साझा किया। सचिव ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को योग्य लाभुकों को शामिल करने और अयोग्य लाभुकों को विलोपित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in



# विपक्षी दलों ने बिहार बंद को सफल बताया, सत्ता पक्ष ने कहा-असफल

## ● गरीबों को वोटिंग से रोकने के लिए पुनरीक्षण : महागठबंधन

**पटना, एजेंसी।** महागठबंधन के नेताओं ने बिहार बंद को सफल बताया है। कहा कि मतदाता पुनरीक्षण गरीबों को मतदान से रोकने की तैयारी है। रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रह गया है। यह केंद्र की एनडीए सरकार के इशारों पर पक्षपातपूर्ण कार्य कर रहा है। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार बंद वोटबंदी और गुंडाराज के खिलाफ है। ये पूरी तरह सफल रहा। आम जनता ने बंद का समर्थन किया।

बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि राज्य में चुनाव आयोग के वोटबंदी ने आम जनता को त्रस्त कर दिया है, इसीलिए जनता ने बंद का समर्थन किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सूरज सिन्हा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में वोटबंदी से बिहार में भय का वातावरण बना है। इसके खिलाफ बिहार बंद किया गया, जो सफल रहा है। इधर, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण गरीबों को मतदान देने से रोकने की साजिश है। लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण रहा बंद राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि बिहार बंद और चक्का जाम आंदोलन ऐतिहासिक रहा। यह बंद लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण रहा।

इधर, माकपा महासचिव एमए बेबी ने कहा कि चुनाव आयोग के फरमान से करोड़ों मतदाताओं का मताधिकार समाप्त हो जाएगा। केंद्र सरकार बिहार के गरीब, अतिपिछड़ा और पिछड़ा समुदाय से भयभीत है। वहीं, कांग्रेस के मीडिया विभाग चेयरमैन राजेश राठौड़, रालोजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान, राष्ट्रीय



प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, विधान पार्षद भूषण कुमार, भूषण कुमार, यशराज पासवान, चंदन सिंह सहित अन्य ने बिहार बंद को सफल बताया।विपक्ष को आयोग पर भरोसा नहीं, भ्रम फैला रहा : एनडीएबिहार बंद को एनडीए के नेताओं ने असफल बताया है। कहा कि मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि राहुल गांधी संविधान की पुस्तक लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें सुप्रीम कोर्ट, संविधान और चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है। 2020 में पीएम नरेंद्र मोदी आधार कार्ड को मतदान पहचान-पत्र से जोड़ने से संबंधित बिल लाए थे।इसका विरोध कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मनीष तिवारी, शशि थरूर, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के राम गोपाल यादव सहित अन्य नेताओं ने किया था। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का विरोध असफल रहा है। जनता ने विपक्ष का साथ नहीं दिया है।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को बिहार की समस्या से कोई मतलब नहीं। वह बिहार में पॉलिटिकल पिकनिक मनाने आते रहते हैं। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन का बिहार बंद चुनावी स्टंट है। इसके बहाने बिहार में परिवारवादियों का जमघट लगा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मुद्दाविहीन राजनीति के सूचक हैं।

स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राजद और कांग्रेस का गकसद मतदाताओं को गुमराह करना है, मगर जनता ने उसे नाकारा दिया। बिहार बंद के दौरान जंगल राज की झलक दिखाई दी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद चंद्रवंशी ने बिहार बंद के प्रयास को लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि झूठ, भ्रम और भय आज विपक्ष की राजनीति का मुख्य आधार बन चुका है।

कांग्रेस, राजद और इंडिया गठबंधन हर चुनाव से पहले जनता को डराती है। लोजपा-रा के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बिहार बंद को जंगल राज का प्रकटीकरण बताया। बिहार भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रवींद्र रंजन ने कहा कि बिहार बंद के नाम पर तमाशा किया गया।

## 2003 में राजद शासन में जब मतदाता सूची पुनरीक्षण 31 दिन में हो सकता हैं



**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विशेष मतदाता पुनरीक्षण किया जा रहा है। विपक्ष इसे लेकर हमलावर है और चुनाव आयोग से मांग कर रहा है कि मतदाता पुनरीक्षण को रोका जाए। विपक्ष ने पुनरीक्षण को लेकर कई आरोप भी लगाए हैं। इस बीच अब भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा है कि 2003 में राजद शासन में जब मतदाता सूची पुनरीक्षण 31 दिन में हो सकता है, तो आज क्यों नहीं? 1965 में जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री थे और 1983 में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, तब पुनरीक्षण कार्य हुआ था। देखा जाए तो 20 साल में यह पुनरीक्षण कार्य होता है।

उन्होंने बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में दावा किया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण से जितने रोहिंग्या और बांग्लादेशी हैं, उनकी पोल खुल जाएगी और उनका नाम कट जाएगा। किशनगंज में 105 प्रतिशत आधार कार्ड बना है, जबकि अररिया में 103 प्रतिशत, यानी आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।

यह बड़ा सवाल है। इसलिए महागठबंधन की चाहती है कि वे वोटर बने रहें। यही कारण है कि वे इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे खुद तो संविधान की पुस्तक लेकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें संविधान पर भरोसा नहीं है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभु, अनामिका पासवान, दानिश इकबाल, कुंतल कृष्ण और सूरज पांडेय उपस्थित थे।

## पटना में अबतक सामान्य से 52 फीसदी कम बारिश

### रात में अचानक मौसम बदला, बारिश होने से गर्मी से राहत



**पटना, एजेंसी।** बिहार में मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है। कम दबाव का क्षेत्र और साइक्लोनिक सर्कुलेशन नहीं होने की वजह से पिछले चार-पांच दिनों में बिहार में कहीं भी भारी बारिश नहीं हुई है। कुछ जिलों में मध्यम बारिश हुई है। इधर, बुधवार की रात पटना में अचानक मौसम में बदलाव हो गया। देखते ही देखते बादल छा गए और बारिश होने लगी। पटना और आसपास के इलाके में गुरुवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

बिहार में अबतक सामान्य से 50 फीसदी कम और पटना में 52 फीसदी कम बारिश हुई है। गयाजी को छोड़कर बिहार के 37 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। गयाजी में सामान्य से 17 फीसदी अधिक वर्षा हुई है। वहां 215 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, पर 251 एमएम हुई। पटना में 223 एमएम की बजाय 106 एमएम ही हुई है।

नवादा समेत छह जिलों में वज्रपात का अलर्टजमुई, औरंगाबाद, गयाजी, रोहतास, नवादा और बांका जिले में तेज हवा चलने के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। कहीं-कहीं छिटपुट और हल्की वर्षा हो सकती है। बुधवार को पटना के अधिकतम तापमान में 2.5 डिग्री की गिरावट आई। 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## मतदाता सूची सत्यापन में लापरवाही, शिवहर डीएम ने रोका वेतन



**शिवहर, एजेंसी।** शिवहर में मतदाता सूची के सत्यापन अभियान में लापरवाही का मामला सामने आया है। ऐसे कर्मियों पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय ने सख्त कार्रवाई की है। 50 शिक्षकों और 28 आंगनबाड़ी सेविकाओं का दो दिन का वेतन/मानदेय रोक दिया है। यह फैसला 8 जुलाई को आयोजित समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। बैठक में पाया गया कि संबंधित बीएलओ ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फॉर्म अपलोड नहीं किए थे। साथ ही, अधिकांश कर्मियों ने अभियान में रुचि नहीं दिखाई।

कारण बताओ नोटिस थमाने के निर्देश डीएम ने निर्देश दिया है कि वे सभी दोषी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें और इस संबंध में जल्द रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।25 जुलाई तक करा सकेंगे सत्यापन

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मतदाता सूची का सत्यापन कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार, राज्य के 7.90 करोड़ मतदाताओं में से लगभग आधे के प्रपत्र जमा हो चुके हैं। यह अभियान 25 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## वैशाली में 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोपी युवक ने आम देने का लालच देकर बच्ची को झाड़ियों में ले जाकर यह घिनौनी हरकत की। यह घटना पातेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है। बच्ची अपने घर के पास ही आम चुनने गई थी। इसी दौरान आरोपी उसे आम देने की बात कहकर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ी की ओर ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता बदहवासी की हालत में घर पहुंची और अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया।

मां ने बताई पीड़ित बच्ची की आपबीती पीड़िता की मां ने बताया कि, बच्ची घर आई और मुझे पकड़ कर रोने लगी। जब उससे पूछे तो कहा कि गांव के ही लड़के ने उसे इकड़ी में ले जाकर गलत किया है। इसके बाद हमारे देवर ने बाइक से आरोपी को बगीचे से पकड़ कर घर लाए। उसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

मामले को दबाने की कोशिश, फिर बढ़ा तनाव खबर लगते ही पीड़िता के चाचा ने तुरंत बाइक से आरोपी की तलाश शुरू की और उसे बगीचे से पकड़ लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के तुरंत बाद कुछ मुखिया और सरपंच मामले को गांव में ही सुलझाने की कोशिश करने लगे। जब बात नहीं बनी और दोनों पक्षों में तनाव बढ़ा, तब पुलिस को सूचना दी गई।

आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता का मेडिकल कराया सूचना मिलते ही पातेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पातेपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया, नाबालिक लड़की से दुष्कर्म की सूचना मिली है। पीड़िता का मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है। इसके अलावा फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिहार में ग्राम कचहरी सचिवों का दोगुना होगा मानदेय, नीतीश सरकार देगी सौगात



**पटना, एजेंसी।** बिहार में ग्राम कचहरी सचिवों के मानदेय में दोगुना बढ़ोतरी की तैयारी है। अभी कचहरी सचिव को प्रतिमाह 6 हजार मानदेय मिल रहे हैं। इसे बढ़ाकर 12 हजार किया जाएगा। पंचायती राज विभाग ने ग्राम कचहरी सचिव, तकनीकी सहायक और लेखापाल सह आईटी सहायक का मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव नए सिरे से तैयार किया है। इसके लागू होने से करीब 11 हजार ग्राम कचहरी सचिव, तकनीकी सहायक और लेखापाल को लाभ मिलेगा।

पंचायती राज विभाग ने विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय भुगतान का अध्ययन कराया था। विभिन्न विभाग के संविदाकर्मियों के मानदेय अध्ययन में अधिकारियों ने पाया कि अन्य विभागों के संविदाकर्मियों की तुलना में कचहरी सचिव का मानदेय बहुत कम है। पंचायती राज विभाग की तैयारी है कि अगले दो माह के अंदर ही ग्राम कचहरी सचिव, तकनीकी सहायक सहित अन्य संविदा कर्मियों को मानदेय बढ़ोतरी की सौगात दे दी जाए। मानदेय बढ़ोतरी संबंधी नए प्रावधान पर फिर से राज्य प्राधिकृत समिति और वित्त विभाग से हरी झंडी मिलते ही राज्य कैबिनेट से मंजूरी ले ली जाएगी।

पहले काम के आधार पर बढ़ता था मानदेय पिछले साल पंचायती राज विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया था कि जिस कर्मी का परफार्मेंस (काम का मूल्यांकन) बेहतर होगा, उसका मानदेय अधिक बढ़ेगा। इसके लिए विभाग ने राज्य स्तरीय प्राधिकृत समिति और वित्त विभाग की भी सहमति ले ली थी। कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही इसे लागू किया जाना था, लेकिन इस प्रस्ताव का कर्मियों के विरोध के बाद पुराने प्रस्ताव को बदला गया है। मानदेय वृद्धि का लाभ लगभग 8054 ग्राम कचहरी सचिव, 1600 लेखापाल सह आईटी सहायक और 1500 तकनीकी सहायक को होगा। कचहरी सचिव के मानदेय में 50 प्रतिशत, जबकि अन्य संविदा कर्मियों के मानदेय में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की तैयारी है।

न्याय मित्र के मानदेय में बढ़ोतरी होगी। पुराने प्रस्ताव के अनुसार, ग्राम कचहरी सचिव का न्यूनतम मानदेय प्रतिमाह 6 हजार से बढ़ाकर 7 हजार रुपये, जबकि अधिकतम मानदेय 10 हजार तक था। लेखापाल सह आईटी सहायक का संशोधित न्यूनतम मानदेय 20 हजार से बढ़ाकर 21 हजार और अधिकतम 25 हजार करना था। तकनीकी सहायक का मानदेय 27 हजार से बढ़ाकर अब 31 से 36 हजार तक करना था।

पंचायती राज मंत्री, केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ग्राम कचहरी सचिव का मानदेय दोगुना किया जाएगा। इसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है। जल्द ही सभी प्रक्रिया पूरी कर मानदेय में बढ़ोतरी का लाभ कर्मियों को दिला दिया जाएगा। साथ ही तकनीकी सहायक और लेखापाल सह आईटी सहायक के भी मानदेय में वृद्धि की जा रही है।

2007 में नियुक्त हुए थे ग्राम कचहरी सचिव पंचायतों में सरपंच को सहायता देने और आवेदन सहित सभी कागजात के रेकॉर्ड रखने के लिए संविदा के आधार पर पंचायतों में 2007 में ग्राम कचहरी सचिव नियोजित किए गए। शुरू में ग्राम कचहरी सचिव को प्रतिमाह 2 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता था।

## दरभंगा में जनसुराज को मिला जनसमर्थन: बहादुरपुर की जनसभा में युवाओं ने ली सदस्यता



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड में जनसुराज की लोकप्रियता युवाओं के बीच बढ़ रही है। उघड़ा पंचायत के पनसिहा गांव में गुरुवार को जनसुराज की जनसभा हुई। जनसभा में रणवीर झा, रौशन झा, उज्ज्वल झा और बिजली समेत कई युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

पंचायत समिति सदस्य गंगाप्रसाद साहू ने युवाओं की रुचि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज का युवा मतदान तक सीमित नहीं रहना चाहता। वह नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है। साहू ने जनसुराज का मूल सिद्धांत दोहराया - जनता के लिए, जनता के द्वारा और जनता का शासन।

युवा सोशल मीडिया पर जनसुराज और यूथफॉरचेंज हैशटैग से अपने विचार साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर हैदर उपस्थित रहे।

भगवन ठाकुर, अशोक यादव, नाथू मांझी, संतोष सिंह, कैलाश सिंह, नगीना सिंह, नवीन सिंह, राजेश पासवान, मदन सिंह, लक्ष्मी मांझी और उज्ज्वल झा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## प्रशांत किशोर का बड़ा ऐलान, 60+ बुजुर्गों को 2000 रूपएपेंशन: बच्चों को प्राइवेट स्कूल में फ्री-पढ़ाई



**मधुबनी, एजेंसी।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार शाम मधुबनी में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। सभा में पीके ने किए दो बड़े ऐलान किए, जिससे बिहार की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। पहला 60 साल से अधिक उम्र के हर नागरिक को ?2000 प्रतिमाह पेंशन का वादा किया। वहीं, दूसरा 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूल में मुफ्त पढ़ाई (जब तक सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुधरे) का वादा किया है। सभा में प्रशांत किशोर ने जनता से अपील करते हुए कहा, अब वक्त आ गया है कि बिहार की जनता वोट नेताओं के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को देखकर दे।

राजद सुप्रीमो लालू यादव पर सीधा हमलाप्रशांत किशोर ने सभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, बच्चों की चिंता क्या होती है, ये कोई लालू जी से सीखे। उनका बेटा 9वीं पास भी नहीं है, फिर भी उसे बिहार का राजा बनाना चाहते हैं। वहीं, बिहार के पढ़े-लिखे युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक हैं।

अब का चुनाव बच्चों के भविष्य के लिए- पीके प्रशांत किशोर ने कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से वे गांव-गांव घूम रहे हैं और बिहार की हकीकत को समझा है। उन्होंने कहा, यह चुनाव लालू, नीतीश या मोदी के लिए नहीं है। यह चुनाव आपके बच्चों की शिक्षा, उनके रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए है।

छठ के बाद लाखों युवा पलायन करते हैं- पीके पीके ने दावा किया कि बिहार को केवल जनता का राज ही बदल सकता है। उन्होंने आगे कहा, हर साल छठ के बाद लाखों युवाओं को मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ता है। हमारी सरकार आने पर उन्हें घर पर ही रोजगार मिलेगा।

## प्रधान जिला जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित, अब गवाहों को उपलब्ध कराया जाएगा बॉडीगाड

### ● उनके घरों में लगेंगे सीसीटीवी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गवाहों को घर से लेकर अदालत तक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए उन्हें बॉडीगार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उनके घरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बिहार गवाह सुरक्षा योजना के तहत जिले में कमेटी गठित की गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी की है। गवाह के साथ-साथ पीड़ित व उनके पक्षकार को भी गवाह सुरक्षा योजना के तहत सुरक्षा प्रदान की जायेगी।

सुरक्षा लेने के लिए गवाह, पीड़ित व पक्षकार दो प्रति में अपना आवेदन जिला अभियोजन अधिकारी सह कमेटी के सचिव को आवेदन देंगे। जिसके बाद संबंधित क्षेत्र के डीएसपी जांच कर अपनी रिपोर्ट कमेटी को सौंपेंगे। आवेदन देने वाले गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने पर निर्णय कमेटी के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायधीश की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में लिए जाएंगे। योजना के तहत जिले को 25 हजार रुपए आवंटित की



गई है। इस राशि का उपयोग योजना के प्रचार-प्रसार के लिए किया जा रहा है। गवाह सुरक्षा योजना से अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी।योजना लागू होने से गवाह भय मुक्त होंगे और वे गवाही के लिए आगे आएंगे। इससे अपराधियों को सजा दिलाने में तेजी आएगी। गवाहों के अदालत नहीं जाने व गवाही से मुकरने के कारण अपराधी बरी हो जाते हैं। सनसनीखेज आपराधिक वारदातों में गवाह अदालत में बयान दर्ज कराने से कतराते हैं।

यह योजना कुख्यात अपराधियों से गवाहों को सुरक्षा प्रदान करेगा। एसओपी के तहत गवाहों को सुरक्षा उपलब्ध कराया जाएगा।

वर्चस्व, रंगदारी व फिरौती के लिए होने वाले हत्या की घटना के गवाहों की सुरक्षा जरूरी हो जाती है। वे बेहिचक होकर सुरक्षा ले सकते हैं। चार्जशीट में देरी, अपराधियों को गंभीर मामलों में मिल जा रही डिफॉल्ट बेलजिला समेत राज्यभर में गंभीर आपराधिक मामलों में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं करने से अपराधियों को कोर्ट से डिफॉल्ट बेल मिल रही है।

इससे न केवल अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है, बल्कि पुलिस और अभियोजन तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह विभाग ने इस पर सख्त रुख अपनाया है।

अभियोजन निदेशालय के विशेष सचिव ने सभी जिलों को पत्र भेजकर जनवरी 2025 से मई 2025 तक डिफॉल्ट बेल से संबंधित रिपोर्ट तत्काल भेजने का निर्देश दिया है। यदि अनुसंधानकर्ता समय पर आरोप पत्र दाखिल नहीं करते हैं, तो अभियुक्तों को बेल का लाभ मिल जाता है। अब जिलों को नियमित रूप से उन मामलों की सूची भेजनी होगी, जिनमें डिफॉल्ट बेल दी गई है। निदेशालय ने प्रत्येक माह की पांच तारीख तक संबंधित रिपोर्ट पटना भेजने का निर्देश दिया है।

### चिटफंड घोटाले में लापरवाही

**केस-1:** डीआईजी सहित पांच हजार लोगों से 30 करोड़ की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनी स्वर्ण इंडिया के एमडी अनिल चौधरी को बेतिया पुलिस की लापरवाही का लाभ मिला। शिकारपुर थाना से जेल भेजे जाने के तीन महीने बाद तक भी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया, जिससे उसे सीजेएम कोर्ट से जमानत मिल गई।

## तेजस्वी यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक, मरीन ड्राइव पर गाड़ी से टक्कर मारने की कोशिश



**पटना, एजेंसी।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को बाल-बाल बच गए। पटना के जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर उनके काफिले में एक गाड़ी ने टक्कर मारने की कोशिश की। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी कार्यक्रम कर लौट रहे थे। तभी यह वाकया हुआ। इस दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि तेजस्वी के काफिले में बड़ा हादसा होने से टल गया।

जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव जब बुधवार शाम को अपने आवास पर लौट रहे थे। तभी मरीन ड्राइव के पास जेपी गंगा पथ पर एक तेज रफ्तार कार उनके काफिले के पास आई। कार ड्राइवर ने तेजस्वी के काफिले में अपनी गाड़ी घुसाने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोककर पकड़ लिया। गनीमत रही कि काफिले की किसी गाड़ी को टक्कर नहीं लगी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

राजधानी पटना के अंदर नेता प्रतिपक्ष की सुरक्षा में चूक होने से हड़कंप मच गया। पटना की सुल्तानगंज थाना पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। इसके पीछे आरोपी का क्या मकसद था, इसकी जांच की जा रही है।

## संत रविदास महासंघ ने बखरी में किया सड़क जाम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** संत रविदास महासंघ की ओर से संघ के प्रदेश महासचिव जयमंगल राम के नेतृत्व में बुधवार को बखरी चौक फोरलेन पर जाम कर बिहार बंद शांतिपूर्ण समर्थन किया। जयमंगल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार दलित विरोधी नीति अपना रही है।

मौके पर अशोक राम, संजय राम, हरीवंश राम, रणजीत कुमार, राम विनोद राम, सुनील कुमार, सुरेश राम, अर्जुन राम, दीपक राम, राहुल कुमार आदि थे।

## समस्तीपुर में बुजुर्ग महिला की हत्या: मेड़ तोड़ने को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में बुधवार देर रात सड़क पर पटक कर एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। पड़ोसी से मेड़ तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था।

मृतका की पहचान फूल कुमारी(65) के तौर पर हुई है। घटना मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव की है। मृतका के पोते अविनाश कुमार ने बताया, जुताई के दौरान पड़ोसी सतीश कुमार उर्फ सौरभ ने खेत की मेड़ को तोड़ दिया था। शिकायत करने पर सतीश ने मेरी दादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पहले लाठी-डंडे से बेरहमी से मारा। फिर बीच सड़क पर उठाकर पटक दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले फरार हो गए।

जांच के लिए पहुंची एफएसएलकी टीम एएसपी संजय पांडे ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। जमीन विवाद में महिला की हत्या हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।

# जिलाधिकारी ने परिचारियों को किया नियुक्ति पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** 10 जुलाई 2025 को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कुल 32 नवनियुक्त परिचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें अपने नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कार्य करना एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी नवचयनित कर्मियों को अपने वरिष्ठों एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कार्यालय परिचारी की भूमिका प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण होती है, और उनके कार्यों से कार्यालय कार्य प्रणाली में सुगमता आती है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे समयबद्ध, अनुशासित एवं सेवाभाव से कार्य कर एक उदाहरण प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनिल कुमार तिवारी, स्थापना प्रभारी डा. राजकुमार सिंहा, प्रधान लिपिक अरविन्द कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददादाता**

**नवादा।** मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 235-रजौली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 338, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 61, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 399, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 95 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 61 है। 236-हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में




पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 397, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 88, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 485, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 94 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 88 है। 237-नवादा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 373, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 85, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 458, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 90 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 85 है। 238-गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 328, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 76, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 404, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 96 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 76 है। 239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 362, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 61, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 423, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 80 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 61 है। बैठक के दौरान दावा/आपत्ति (शिकायत/सुझाव) की विवरणी भी प्रस्तुत की गई। सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित फीडबैक लिया गया। 239-गोविंदपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्र 318 पर कुल 1072 मतदाता हैं, दुमुहान से गुआघोघरा की दूरी लगभग 1.75 किलोमीटर है तथा पूर्व से मतदान के लिए मतदान केंद्र संख्या-317 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुआघोघरा पूर्वी भाग एवं 318 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुआघोघरा पश्चिमी भाग स्वीकृत है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि अपने-अपने बीएलए को सक्रिय करें ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

# एमजीएम कॉलेज मामले में दिलीप जायसवाल त्याग पत्र दें : संजीव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जनसुराज के जिला संगठन पदाधिकारियों ने आज पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने किशनगंज स्थित माता गुजरी मेडिकल कॉलेज (सिख माइनॉरिटी कॉलेज) पर पिछले 25 वर्षों से कब्जा कर रखा है। इस बात की खुलासा करते हुए जिला अभियान समिति के संयोजक संजीव कुमार ने कहा कि माता गुजरी मेडिकल कॉलेज एमजीएम के संस्थापक सरदार मोलेश्वर सिंह है। उनके पुत्र करतार सिंह (आजीवन ट्रस्टी) और गुरुदयाल सिंह ट्रस्टी बनाए गए थे पर दिलीप जायसवाल ने ट्रस्ट एक्ट, रजिस्ट्रेशन एक्ट का उल्लंघन कर उन्हें धोखे से ट्रस्टी पद से हटा दिया। फिर स्वयं एमजीएम कॉलेज के डायरेक्टर बन गए जिसमें एक समय वो क्लर्क हुआ करते थे। ट्रस्ट में दो




तिहाई (2/3) हिस्सा सिख समुदाय का होना चाहिए, लेकिन इसकी भी पूरी तरह से अनदेखी की गई है। जिला अभियान समिति संयोजक ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पिछले 25 वर्षों से गैरकानूनी, अवैध तरीकों और हर स्तर पर अनियमितताओं के माध्यम से अल्पसंख्यक सिख कॉलेज पर कब्जा कर रखा है। करतार सिंह के जरिए उन्होंने पहले परिवार के दूसरे ट्रस्टी गुरुदयाल सिंह को ट्रस्ट से बाहर कराया और फिर खुद करतार सिंह पर दबाव बनाकर उन्हें किशनगंज छोड़ने पर मजबूर कर दिया। दिलीप जायसवाल पर कॉलेज से जुड़े राजेश साह की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच की और दिलीप जायसवाल को क्लीन चिट दी, उनकी पत्नी ने उसी माता गुजरी कॉलेज से एबीबीएस की डिग्री हासिल की। जिला प्रवक्ता चंद्र उदय कुमार ने कहा कि इस पूरे मामले में जितने दोषी दिलीप जायसवाल हैं उतने ही जिम्मेदार राजद वाले भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिलीप जायसवाल के कॉलेज पर कब्जा करने की शुरुआत राजद के कार्यकाल में ही हुई थी। 25 वर्षों में राजद ने इसपर कभी कोई सवाल नहीं उठाया क्योंकि राजद नेता राबड़ी देवी कहती है कि दिलीप जायसवाल उनके मुंह बोले भाई है। लालू के साले के परिवार के कई सदस्यों ने दिलीप जायसवाल के कब्जे वाले कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। अनेक नेताओं और अफसरों के परिवार के सदस्यों को मैनेजमेंट कोटे से एडमिशन देकर एमबीबीएस की डिग्री दिलवाई गई है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि जब व्यक्तिगत लाभ की बात आती है तो भाजपा, जदयू, राजद सभी हाथ मिला लेते हैं, जो इस मामले से स्पष्ट है। जनसुराज की मांग है कि कॉलेज के असली मालिक सरदार मोलेश्वर सिंह के परिवार को उनका हक मिले, राजेश साह की हत्या की दोबारा निष्पक्ष जांच हो और इस मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना के पुलिस ने चोरी की सामान बरामद कर ली है। इस घटना में संलिप्त एक आरोपी को बिंद बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक बालक को निरूद्ध किया गया। अपर थानाध्यक्ष मिलन कुमार राय ने बताया कि बीते 6 जुलाई को पोआरी गांव के एक दुकान में 120 ट्यूब की चोरी ली गई थी। जिसका प्राथमिकी दर्ज था। जिसमें 35 ट्यूब की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर रहुई थाना क्षेत्र के निजाय गांव के सदन राम के पुत्र अजय कुमार है, जो बिंद बाजार में चोरी का ट्यूब बेच रहा था। जहां से वह गिरफ्तार हुआ, जबकि एक बालक को निरुद्ध किया गया। बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

# बाबा मणिराम की समाधि पर डीएम व एसपी ने किया लंगोट अर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लोक आस्था और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक बाबा मणिराम का सात दिवसीय मेला गुरुवार से प्रारंभ हो गया। मेले की शुरुआत जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा बाबा की समाधि पर पहला लंगोट अर्पण कर की गई। पुलिस के जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी दी गई। मौके पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बाबा की समाधि पर विधिवत पूजा-अर्चना कर पहला लंगोट चढ़ाया और जिलेवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मेला आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। बाबा मणिराम सद्भाव, सेवा और समर्पण के प्रतीक रहे हैं, और उनकी परंपरा आज भी समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है। यह मेला 17 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देशभर के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे और बाबा की समाधि पर लंगोट अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट चढ़ाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें लोग अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की मन्नत मांगते हैं और पूर्ण होने पर लंगोट चढ़ाते हैं। इससे पहले जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल कार्यालय और पुलिस प्रशासन की ओर से नगर थाना परिसर से लंगोट यात्रा निकाली गई, जिसमें अधिकारी लंगोट को थाल में रखकर सिर पर धारण कर भक्तिमय वातावरण में बाबा के दरबार तक पहुंचे। वहां विधि-विधान के साथ पहला लंगोट अर्पित किया गया। मौके कर एसडीओ काजले वैभव नितिन, डीएसपी नुरुल हक, नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि, लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक समेत कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। मेले को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य और यातायात की समुचित व्यवस्था की है। पुलिस बलों की व्यापक तैनाती की गई है, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व मेले की गरिमा को प्रभावित न कर सके। नगर निगम द्वारा पेयजल, शौचालय और 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की म व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल टीम की तैनाती, एंबुलेंस की सुविधा और प्राथमिक उपचार केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन और निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** पटना-रांची एनएच 20 पर रजौली थाना क्षेत्र के कारीगांव टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बहादुरपुर निवासी चनिरक चौधरी (55) के रूप में हुई है, जो रोज की तरह काम से लौट रहे थे। जैसे ही वे टोल प्लाजा पार कर कुछ आगे बढ़े, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल प्लाजा के समीप एनएच-20 को करीब ढाई घंटे तक जाम कर दिया। लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और घटनास्थल पर फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनाने की मांग कर रहे थे। सूचना



पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार जा एम हटाने ग्रामीण को काफी देर तक मैं बुझाया जा रहा था। लेकिन लोग नहीं मान रहे थे जिसके बाद बीडीओ संजीव झा मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण आवश्यक है।

# लोजपा नेता ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के डुमरावां गांव में रविवार को हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जमुई सांसद सह बिहार संगठन प्रभारी अरुण भारती ने गुरुवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। दीपनगर थाना क्षेत्र के इस दर्दनाक घटना में दो युवाओं की जान गई थी। सांसद अरुण भारती ने घटना की गंभीरता पर चिंता जताते हुए कहा कि यह मामला साधारण हत्याकांड नहीं लगता। उन्होंने कहा कि यहां दो परिवार हैं जहां दो एकदम नौजवान बच्चों की नृशंस हत्या की गई है। मुझे लगता है कि स्थानीय कुछ ताकतवर लोगों के संरक्षण में ही इस हत्या को अंजाम दिया गया है। घटना में मारे गए दोनों युवा दलित परिवारों से थे। 18 वर्षीय लड़का और 22 वर्षीय लड़की की हत्या के इस मामले में सामाजिक न्याय का सवाल भी उठ रहा है। सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट किया कि यह मात्र हत्या का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं। लोजपा नेता ने बताया कि वे इस घटना के सारे साक्ष्य एकत्र करके प्रशासन को सौंपेंगे। उन्होंने कहा की हमारा ये लक्ष्य रहेगा कि दोषी किसी भी प्रकार से बच नहीं पाए। उन्होंने पुलिस जांच में किसी भी प्रकार की बाधा न डालने की अपील भी की। सांसद भारती ने कहा कि पुलिस का जो अनुसंधान चल रहा है, उसे चलने दिया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस अपने अनुसंधान में सारी बातें सामने लाएगी और उसके हिसाब से ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम के संबोधन का सीधा प्रसारण आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में सीएम नीतीश कुमार का सीधा प्रसारण 11 जुलाई 2025 यानी शुक्रवार को होगा। वे इस प्रसारण के माध्यम से समाजिक सुरक्षा पेंशन की नई दर पेंशन राशि की जानकारी देंगे। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण के लिए नारदीगंज प्रखंड के 11 पंचायतों में स्थान चिन्हित कर दिया गया है। इसके लिए कर्मियों को भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा पंचायत सरकार भवन हंडिया, पंचायत भवन इचुआ करना,मनरेगा भवन ओड़ो, पंचायत भवन मसौढ़ा, बिस्कोमान भवन कोसला, सामुदायिक भवन नारदीगंज, पंचायत भवन ननौरा, पुस्तकालय भवन पेश, सामुदायिक भवन कहुआरा, सामुदायिक भवन परमा के अलावा पुस्तकालय भवन डोहरा में मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण होगा।

# गुरु पूर्णिमा के मौके पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पार नवादा नरेन्द्र शर्मा अधिवक्ता के निवास उपासना महिला मंडल की अध्यक्षा उर्मिला शर्मा के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर पंचकुडीय, गायत्री यज्ञ, गायत्री जाप, दीप यज्ञ, सामूहिक गायत्री मंत्र पाठ, हवन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार की महिलाएं और पुरुषों की काफी संख्या रही। आज के कार्यक्रम में वरीय नागरिक संघ नवादा के बहुत सारे वरीय नागरिक उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाए। कार्यक्रम में डॉ.सुबोध कुमार, प्यारे लाल, उमाशंकर रजक, अखिल राज, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, ईशु वैष्णवी कुमारी, श्यामली कुमारी, साक्षी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, नव्या श्री, कृष्ण वैभव इत्यादि गायत्री परिवार के लोग उपस्थित हुए।

# नीतीश ने दिलाई बिहार को जंगलराज से मुक्ति : डॉ. सतीश कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जदयू के नवादा जिला अभियान प्रभारी व गोविंदपुर विधानसभा से भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. सतीश कुशवाहा का तूफानी दौरा इन दिनों लगातार कौआकोल प्रखण्ड में जारी है। गुरुवार को जदयू नेता डॉ. सतीश कुशवाहा ने प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के चोंगवा, पनसगवा, गुड़ीघाट समेत अन्य कई गांवों का दौरा कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों पर लोगों से चर्चा करते हुए बिहार के विकास की गति को लगातार तेज करने के उद्देश्य से व स्वच्छ सुशासन बरकरार रखने के लिए ईमानदार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने मतदाताओं से सम्पर्क कर कहा कि नीतीश सरकार ने बिहार में विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही जंगलराज से मुक्ति भी दिलाने का काम किया है। यही कारण है कि आज बिहार की छवि पूरे विश्व में चमक रहा है। उन्होंने क्षेत्र में अब तक रहे विधायकों पर राजनीतिक रूप से हमला करते हुए क्षेत्र की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। वहीं इस दरम्यान जदयू नेता डॉ0 सतीश कुशवाहा ने मतदाताओं से बिहार में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए मतदाताओं से अपना अपना सत्यापन करवाने की अपील किया।

## मारपीट में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के ननौरा गांव में बुधवार की शाम मारपीट की घटना हुई। इस बाबत रामस्वरूप रविदास का पुत्र प्रदीप कुमार ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कहा गया गांव में मेरा किराना दुकान है। वह दुकान मेरी पत्नी चला रही थी। इसी बीच गांव के मेरे पड़ोसी और दो अज्ञात व्यक्ति हथियार के साथ दुकान पहुंचे। मेरी पत्नी को अकेले में देखकर मारपीट की। दुकान का समान भी फेंक दिया है। इसके बाद उनलोगों ने मेरी पत्नी का जेवरात छीनकर व दुकान में रखे नकद राशि लेकर भाग गए। वह अपना बाइक को छोड़ कर भाग रहा था तभी उसका मोबाइल भी वही पर गिर गया है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है कि दूसरे पक्ष के लोग भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषियों पर अग्रेतर कार्रवाई होगी।

# तनपुरा में कैम्प लगाकर 61 लोगों का किया गया इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उकौड़ा ग्राम पंचायत के तनपुरा गांव में हेल्थ कैम्प लगाकर 61 लोगों का इलाज किया गया। सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत की दवाएं दी गई। इस दौरान शुगर जांच भी की गई। इसीजी जांच भी की गई। इसके साथ ही अन्य जांच की भी व्यवस्था है। हेल्थ कैम्प की व्यवस्था से लोगों में काफी खुशी देखी गई। लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की। लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई। बताया गया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउण्डेशन, मुबंई के द्वारा सीएसआर अन्तर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड




के कुल 20 ग्रामों में संजीवनी-क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना के क्रियान्वयन हेतु चयन किया गया है। यह जिला एवं प्रखण्ड नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड हैं। परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण समुदाय के बीच जिला प्रशासन, सिविल सर्जन कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, पीआरआई, स्वास्थ्य कर्मी, समुदाय के सहयोग एवं सहभागिता से ग्रामों का सर्वे, मोबाइल ओपीडी., स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, रेफरल सेवा, स्वच्छ भारत अभियान आदि हेतु कार्य किया जाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय, डॉ. गौरव कुमार, गौतम कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर अग्निशमन कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अग्नि सुरक्षा को लेकर अनुमंडल अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि अगलगी की घटना कोई भी मौसम में कभी भी हो सकती है। इसलिए अग्नि सुरक्षा को लेकर रजौली अनुमंडल क्षेत्र में 8 जगहों पर मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अग्नि सुरक्षा से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि कहीं भी अगलगी की घटना होती है तो डायल 101 या



112 पर तुरंत सूचना दें। सूचना पर अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी उक्त घटनास्थल पर तुरंत पहुंचकर आग को काबू पा सकेगी। मौके पर अग्निक चालक निशांत कुमार के साथ कई लोग उपस्थित थे।

# गुरू पूर्णिमा पर निर्धनों के बीच वस्त्र वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के मठ गुलनी स्थित स्वामी सर्वानंद शिष्य योग वेद प्रचार मंडल ट्रस्ट के द्वारा गुरुवार को गुरु पूर्णिमा आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से किया गया। हवन कार्यक्रम में दर्जनों लोग शामिल हुए। इसके बाद प्रवचन के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने स्वामी सर्वानंद के बारे में कहा कि वे क्रांतिकारी विचारधारा वाले थे। मानवता की सेवा करना उनका परम उद्देश्य था। उनका ही अनुकरण कर एवं कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों के बीच वस्त्र एवं अन्य



सामग्रियों का वितरण किया जाता है। बताया गया ट्रस्ट के संरक्षक सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया हैं। दयानंद मठ दीनानगर के बलविन्दर शास्त्री के निर्देशन में एवं आर्य समाज मठ गुलनी के प्रधान जयप्रकाश आर्य के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच मैट्रिक सहित विभिन्न वर्गो की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। पकरीबरावां बाजार निवासी समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद के हाथों वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष सावित्री कुमारी, सचिव सुमिता कुमारी, डॉ. गनौरी चौधरी, दिनेश आर्य, डॉ. बभीषण, पिंटू कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# राहुल रंजन बने पकरीबरावां के नए बीइओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राहुल रंजन को पकरीबरावां के नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार दिया गया है। गुरुवार को उन्होंने बीआरसी में आकर अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि पकरीबरावां के प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्द्र पासवान का पदस्थापना अपने मूल जगह में हो जाने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। बीआरसी पहुंचने पर शिक्षकों एवं बीआरसी के कर्मियों ने नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का स्वागत किया। उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। इस बीच पूर्व प्रखण्ड शिक्षा



पदाधिकारी मिसिन्द्र पासवान ने अपना प्रभार नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह, शिक्षक सुबोध कुमार, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शंभु कुमार, विद्याभूषण दिनकर, प्रभात कुमार प्रभाकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# बहादुरपुर में राज्यसभा सांसद ने कराई सार्वजनिक चापाकल की बोरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड के बहादुरपुर पंचायत के अदल बिगहा मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास में गुरुवार को राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह के द्वारा एक सार्वजनिक चापाकल का बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया। बोरिंग करवाने पर बहादुरपुर के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। चंद्रवंशी चेतना मंच के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार चंद्रवंशी के द्वारा पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गुरुवार से बोरिंग का कार्य का शुभारंभ हो गया है और अगले दो से तीन दिनों में उक्त जगह पर चापाकल लगा दिया



जाएगा। बहादुरपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में चापाकल नहीं होने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी दिक्कतें होती थी। फोरलेन के पास चापाकल होने से आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। चापाकल लगने के बाद ग्रामीणों, राहगीरों एवं आने जाने वाले यात्रियों को पानी उपलब्ध हो सकेगा। मौके पर चंद्रवंशी चेतना मंच के जिलाध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, अजय किशोर सिंह, महामंत्री मनसा सिंह, चंदन कुमार, प्रवेश कुमार, पंकज कुमार, अमरजीत कुमार, अंकित सिन्हा, सनी वर्मा, अश्मित चंद्रवंशी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मध्याह्न भोजन खाने से 48 बच्चे बीमार

▸ चावल के साथ उबल गई थी छिपकली ▸ पीएचसी पीरो में कराया गया भर्ती ▸ अभिभावकों में मची खलबली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** पीरो प्रखंड के मध्य विद्यालय खननीकलां में विषाक्त मध्याह्न भोजन खाने से 48 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। बीमार सभी बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरो में दाखिल कराया गया है।

इनमें कंचन कुमारी,अंजली कुमारी, धनवंती कुमारी, काजल कुमारी, आयुष कुमार, राहुल कुमार, प्रीति कुमारी सहित कुछ अन्य बच्चों की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

भोजन में मरी हुई छिपकली गिरे होने की बात सामने आई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुप्तेश्वर राम ने बताया कि यहां सुप्रभात सोशल वेल्फेयर सोसाइटीज नाम की एनजीओ द्वारा मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

गुरुवार को एनजीओ द्वारा चावल और दाल तड़का उपलब्ध कराया गया था। रोज की तरह बच्चों को भोजन परोसा गया लेकिन कुछ देर बाद उनमें से एक बच्ची को मुंह से झाग फेकते देखकर गांव वाले उसे उठाकर विद्यालय ले आए।

जहां उक्त बच्ची की हालत देखकर भोजन करने वाले दूसरे बच्चे भी उल्टी-दस्त करने लगे। जिससे देखते ही देखते उन बच्चों की स्थिति खराब होने लगी। भोजन की जांच के क्रम में पाया गया कि चावल(भात) वाले बर्तन में पहले से नीचे मरी हुई छिपकली पड़ी है जो चावल के साथ पूरी तरह उबल गई थी।

इस दौरान विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह ने तत्काल पीरो से एंबुलेंस मंगाकर बीमार बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरो पहुंचाया। कुछ



बच्चों को बीईओ स्वयं अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गए।

पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 48 बच्चों को भर्ती कराया गया, जिसमें 8 की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व बीमार बच्चों से मिलकर उनका हालचाल पूछा।

## किसान की गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद।** जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र के मलहचक गांव में एक बुजुर्ग किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई है।मृतक की पहचान मलहचक गांव निवासी 60 वर्षीय शिवनंदन बिना के रूप में हुई है।जानकारी के मुताबिक, शिवनंदन बिना बीते कई दिनों से अपने खेत में धान पटवन के लिए समरसेबल मोटर पंप के पास ही सो रहे थे। बुधवार रात भी वे खाना खाने के बाद बधार में खेत पर चले गए थे। गुरुवार की सुबह उनके बड़े भाई शौच के लिए खेत की ओर गए, तो उन्होंने शिवनंदन का शव देखा।

मृतक के शरीर पर तीन जगह गोली लगने के निशान मिले हैं। गोली उनके पीठ, छाती और गले में मारी गई है। परिजनों का कहना है कि मृतक का किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ग्रामीणों का मानना है कि खेतों में सक्रिय मोटर चोरी करने वाले गिरोह की यह करतूत हो सकती है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभवतः शिवनंदन ने किसी चोर को पहचान लिया होगा, जिस कारण उनकी हत्या कर दी गई।

# हवाई अड्डे पर लगी आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना हवाई अड्डे पर गुरुवार को आग लगने की घटना सामने आई।यह घटना पुराने (स्टेट हैंगर एरिया) में एयरलाइन टिकटिंग काउंटर के निकट स्टील कटिंग कार्य के दौरान हुई। गैस कटिंग से निकली चिंगारियों के कारण आग लगी, जिसे अधिकारियों ने दुर्घटनावश हुई घटना करार दिया है। यह घटना दोपहर के समय हुई, लेकिन त्वरित कार्रवाई के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

आग की सूचना मिलते ही ठेकेदार के कर्मचारी ने मौके पर उपलब्ध अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। साथ ही, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचित किया।

हवाई अड्डे का फायर रेस्क्यू वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा और कुछ ही मिनटों में स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। इस त्वरित और समन्वित प्रयास से आग को फैलने से रोका गया। हवाई अड्डा प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि इस घटना से न तो कोई संपत्ति को क्षति पहुंची और न ही हवाई अड्डे के परिचालन में कोई व्यवधान आया। विमान संचालन और यात्रियों की आवाजाही पूरी तरह सामान्य रही। अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और हवाई अड्डा प्राधिकरण ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। यह घटना मामूली थी और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## विशेष अभियान में 20 गिरफ्तार

**बक्सर।** अपराध नियंत्रण को लेकर जिले में लगातार कार्रवाई करते हुए पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ कर रही है। बुधवार को हुई कार्रवाई के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 20 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया वहीं, कोर्ट से जारी 30 वारंट का निष्पादन करते हुए अन्य कार्रवाई की गयी है।

पुलिस कार्यालय से जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को जुआ खेलने वालों के खिलाफ अभियान के तहत छापेमारी के दौरान पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्करों के विरुद्ध जारी कार्रवाई के दौरान छिपाकर रखी छह लीटर अंग्रेजी शराब के अलावा सात लीटर देसी शराब जब्त की है। वहीं, नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई में 14 लोगों को गिरफ्तार कर जुमार्ना के लिए कोर्ट को सुपुर्द किया गया है। दूसरी ओर कोर्ट से जारी कुर्की के पांच मामलों का निष्पादन करते हुए पुलिस ने वारंट के आलोक में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए कोर्ट को सुपुर्द कर दिया गया है। वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों को जब्त कर 22 हजार रुपया जुमार्ना वसूल किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर नानु बाबा के शिष्यों ने लिया आशीर्वाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में महाभोग का आयोजन किया गया। इस महाभोग में देश के कई राज्यों से हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंच कर परमपूज नानु बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। महाभोग से पूर्व मां खड्गेश्वरी महाकाली के साधक नानू बाबा ने अपने शिष्यों ने गुरु पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिष्यों ने नानू बाबा का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नानु बाबा के शिष्यों ने बताया की मां खड्गेश्वरी महाकाली से गुरु नानु बाबा की जीवन लंबी जीवन आयु की कामना किये। जबकि मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर का आकर्षक रूप भक्तों को काफी आकर्षित कर रहा था। जिसे देख सेल्फी का भी होर लगा रहा। मौके पर किमी आनंद उर्फ भैरव पांडे, डॉ प्रहलाद वर्मा, डॉ विद्या रानी वर्मा, राम जिनिस पासवान, अरुण मिश्रा, सूरज कुमार, आकाश मालाकार, किशोर कुमार, किशन भगत, धीरज पांडे, रोशन दुबे, शंकर मालाकार, नीरज मंडल, अरुण आनंद, सम्राट धर्मेंद्र, विकास सिंह, आदर्श राज, मायानंद पासवान, धर्मेंद्र पासवान, राजू पासवान, गुड्डू सिंह, दीपक सिन्हा, दिलीप सोनकार, अखिलेश दास, गोलु सहाय,हेमंत कुमार हीरा आदि मौजूद थे।

## सप्तक्रांति एक्सप्रेस पर फेंके पत्थर, कांच टूटा

**मुजफ्फरपुर।** आनंद विहार दिल्ली से मुजफ्फरपुर आने वाली 12558 सप्तक्रांति एक्सप्रेस के थर्ड एसी का शीशा कुछ असमाजिक तत्वों ने तोड़ा डाला। बुधवार की रात लखनऊ के पहले बी-1 कोच पर असमाजिक तत्वों ने पत्थर चलाया, जो सीधे खिड़की पर लगी और शीशा टूट गया। इस घटना से कोच में बैठे यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। वहीं, एक अन्य खिड़की पर भी टूट का निशान आ गया। उसके बाद यात्री घबरा गए। बाहर से हवा प्रवेश करने पर कई तरह की आवाजें आने लगी। रात होने के कारण किसी को नहीं पता चला कि इंमरजेंसी खिड़की का शीशा कैसे टूट गया, लेकिन बीच में ट्रेन रुकने बाहर जाकर देखा तो इमरजेंसी खिड़की के बगल वाली खिड़की पर भी पत्थर के निशान थे।इमरजेंसी खिड़की वाला शीश पूरी तरह टूट चुका था। उक्त ट्रेन में सफर कर रहे मुजफ्फरपुर के यात्री मनोहर गुप्ता ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए एक्स पर पोस्ट कर रेल मंत्री से लेकर रेलवे के उच्चाधिकारियों से शिकायत की। सूचना पर डीआरएम सोनपुर डीआरम ने इस मामले को गंभीरता से लिया और लखनऊ आते-आते किसी स्टेशन पर शीश चेंज करा दिया।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला इलाका

## सात बाइकों पर 16 बदमाश थे सवार, खोखा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** केवटी थाना क्षेत्र के भेरियाही गांव गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। शमसे आलम उर्फ पप्पू के घर पर बुधवार की शाम को बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इससे किसी को नुकसान तो नहीं पहुंचा लेकिन, पूरे इलाके में दहशत फैल गई। शमसे आल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवां के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम का छोटा भाई है। सूचना पर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सदल पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया । नजरे आलम सहित आसपास के लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने मौके से सात खोखा बरामद की है। बताया जाता है कि घटना के समय शमसे का घर बंद था। वह सपरिवार दिल्ली में है।

दिल्ली मोड़ बस स्टैंड के वर्चस्व की लड़ाई को लेकर घटना होने की बात कही जा रही है। दोपहर तीन बजे के आस-पास सात बाइक पर 16 बदमाश शमसे आलम उर्फ पप्पू के नवनिर्मित घर पर पहुंचे और अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर आस-पास के लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। इससे लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। इस बीच सभी बदमाश पिस्टल लहराते हुए फरार हो गए।

हालांकि, सभी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे कि शमशे और उसके भाई नजरे की हत्या निश्चित है। अभी यह ट्रेलर है। पूरी फिल्म बाकी है। नजरे ने बताया कि पूर्व में भी दोनों भाई पर हवाई अड्डा के पास जानलेवा हमला हुआ था। जिसकी जानकारी विधिवत पुलिस को दी गई थी। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन दिया है। उधर, थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसी कैमरे से कुछ फुटेज मिला है। जिस आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि शनिवार को दिल्ली मोड़ बस स्टैंड में तीन बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। वह मंगलवार की रात खरथुआ में लक्ष्मण यादव के घर पर फायरिंग की घटना घटी है।

## चार बच्चों की मां भांजे संग फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रुन्नीसैदपुर।** चार बच्चों की मां अपने भांजे के प्रेमजाल में फंसकर घर छोड़ फरार हो गई है। जाते-जाते अपने साथ घर से एक लाख रुपये नकद व एक लाख के सोने-चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई है।

इस संबंध में विवाहिता के पति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, गांव के ही डीलर से राशन लेने गई विवाहिता वापस नहीं लौटी।

# जन संवाद कार्यक्रम में शिलापट्ट का अनावरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के इंटर कॉलेज मैदान परिसर में ग्रामीण कार्य विभाग के बैनर तले जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी, समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी, रोसरा विधायक वीरेंद्र कुमार वारिसनगर विधायक अशोक कुमार समस्तीपुर एमएलसी तरुण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, शशिधर झा और सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान करोड़ों की लागत से बनने वाले सड़क एवं पुल निर्माण योजना के शिलापट्ट का अनावरण किया गया।

मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच , सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण और आमजन को सशक्त बनाने की भावना का सजीव उदाहरण है। सांसद शांभवी चौधरी ,रोसरा विधायक बीरेंद्र कुमार और वारिसनगर विधायक अशोक कुमार और एमएलसी तरुण कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, अनिल सिंह, नबीन कुमार सिंह, मणिशंकर सिन्हा, संतोष कुमार बबली, किशोरी प्रसाद सिंह, अनीश राज, सुंदरम सूर्यवंशी, अखिलेश सिंह, राहुल चौधरी, सरोज कुमार, आदि थे।

# स्नान के दौरान दो युवतियां डूबीं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के मुंगेर जिले से गुरु पूर्णिमा के दिन एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत झौवा बाहियार पंचायत के बुढ़वा गंगा घाट पर स्नान के दौरान दो युवतियां गहरे पानी में डूब गईं। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरु पूर्णिमा के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं गंगा स्नान के लिए बुढ़वा घाट पर पहुंची थीं। उसी दौरान दो युवतियां 17 वर्षीय शोभा कुमारी, जो झौवा पंचायत के वार्ड संख्या 6 निवासी कुमोद मंडल की पुत्री है और 15 वर्षीय गुंजा कुमारी, जो खगड़िया जिले के तेलिया बथान निवासी रोशन मंडल की पुत्री है, गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं। बताया जा रहा है कि शोभा अपनी मौसी गुंजा के साथ गंगा स्नान के लिए आई थी। स्नान के दौरान अचानक दोनों अनजाने में गहरे पानी में चली गईं और देखते ही देखते लापता हो गईं। आसपास स्नान कर रही महिलाओं ने जब शोर मचाया तो ग्रामीण घाट पर दौड़े और बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों युवतियां पानी में समा चुकी थीं।

घटना की सूचना मिलते ही बरियारपुर सीओ ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा। फिलहाल, एसडीआरएफ की टीम गंगा में डूबी युवतियों की तलाश में जुटी है। साथ ही, हरिनमार थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि बुढ़वा गंगा घाट पर हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने से इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आती हैं।

## लावारिस नवजात को कुत्तों ने नोंचा

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले के रोसड़ा से मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक नवजात बच्ची का शव देखा, जिसे आवारा कुत्ते नोचते हुए दिखाई दिए। यह दिल दहला देने वाली घटना रोसड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मात्र 20 मीटर की दूरी पर घटी।

सुबह टहलने निकले कुछ लोगों की नजर जब उस शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। लोगों का आरोप है कि इस मासूम नवजात को जन्म के तुरंत बाद लावारिस हालत में छोड़ दिया गया, जिससे कुत्तों ने उसे निवाला बना लिया। घटना के संबंध में रोसड़ा ढळ्उ प्रभारी ओपिंदर राम ने आशंका जताई कि यह मामला किसी अवैध रूप से संचालित निजी क्लिनिक का हो सकता है, जहां गर्भपात के बाद नवजात को फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और विभाग को मामले की जानकारी दे दी गई है।

## बालू कारोबारी की गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना में बेखौफ अपराधियों ने बालू कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। आननफानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकितास्कों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना रानी तालाब थाना क्षेत्र के धाना गांव की है। मृतक की पहचान रमाकांत यादव के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम रमाकांत यादव अपने घर के बगीचे में टहल रहे थे। तभी अचानक अपराधी वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ उन पर फायरिंग करने लगे। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, गोली लगने से वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर घर के लोग और आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे तब तक अपराधी वहां से फरार हो गये। आननफानन में सभी लोगों ने उन्हें बिहटा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सात सूत्री मांगों को ले पंचायत प्रतिनिधियों ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू)।** सात सूत्री मांग को लेकर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने गुरुवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय पर धरना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण पंचायतों का समग्र विकास नहीं हो पा रहा है। राज्य की सत्तारूढ़ सरकार हो या कोई भी सांसद- विधायक, किसी को भी पंचायतों के विकास से कुछ लेना देना नहीं है। सभी अपने हित की बात सोचते हैं।

उन्होंने कहा कि हक- अधिकार मिलने तक पंचायत प्रतिनिधियों का आंदोलन जारी रहेगा।

जिप सदस्य फजल अहमद ने कहा कि झारखंड राज्य छोड़कर देश के सभी राज्यों में पंचायती राज व्यवस्था पूर्ण रूपेण लागू है। राज्य सरकार पंचायत के विकास में अग्रणी भूमिका निभाती है। परंतु यहां पर पंचायत




प्रतिनिधियों को उनके अधिकार से वंचित रखा गया है।

प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह ने प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि गलती करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अजय सिंह चेरो ने पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की लड़ाई में हमेशा साथ देने की बात कही। धरना कार्यक्रम में जिप सदस्य खुशबू कुमारी, अजय कुमार मेहरा, विजय रविदास, मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, निर्मला देवी व नीतीश कुमार सिंह, सिंटू सिंह, व्यास राम, दिलीप पासवान, बबलू चौरसिया, संजय चौरसिया, आले हसन आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार सिंह ने किया।

इधर धरना पर बैठे सदस्य हाथों में तख्तियां लिए पंचायत प्रतिनिधियों को उनका अधिकार देना होगा..., वित्त आयोग के अनुशंसा लागू करो.. आदि नारे लगा रहे थे।

कार्यक्रम के अंत में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को सरकार के नाम सात सूत्री ज्ञापन सौपा गया। इसमें 15वीं वित्त की बकाया राशि का अविलंब भुगतान करने,राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा लागू करने, पंचायत को 14 विभागों की शक्तियों को क्रियाशील करने, केरल की तर्ज पर मानदेय देने, वार्ड सदस्यों को सरकारी योजना का लाभ देने व पंचायत प्रतिनिधियों को सामाजिक सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा का लाभ देने की मांग शामिल है। धरना कार्यक्रम में मुखिया मीना देवी, दीनानाथ मांझी, बसंत राम, लाल बहादुर भुइयां, पार्वती देवी, निशा प्रवीण,सुनीता देवी, बबिता देवी, समिति सदस्य लालजी चौधरी सकीना बीबी मुन्ना पाल अमरजीत कुमार, मुस्तफा अंसारी समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

# मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति, लोग हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** पिछले 24 घंटे से पूर्वी सिंहभूम समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। जमशेदपुर सहित घाटशिला, बहरागोड़ा, गुड़ाबांधा, धालभूमगढ़, चाईबासा, चांडिल और अन्य इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सबसे अधिक बारिश घाटशिला में 83.6 एमएम और जमशेदपुर के आस-पास 82.6 एमएम दर्ज की गई। कुल मिलाकर कोल्हान में 854.5 एमएम बारिश हुई। बारिश का असर जमशेदपुर के कदमा, सोनारी, बागबेड़ा, साकची, बिष्टुपुर जैसे क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

कदमा अनिल सूर पथ में हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। वहां तालाब और नाली का पानी दर्जनों घरों में घुस गया है। दो दिनों से बुजुर्ग और बच्चे घरों में कैद हैं। स्थानीय निवासी विकी कुमार, संतोष शर्मा, अंजली तिवारी और सुमन ने बताया कि घरों में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। लोग चंदा कर नाली बनवा रहे हैं ताकि पानी निकाला जा सके।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जुस्को प्रबंधन की लापरवाही से यह स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं है। विधायक और नगर निगम से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। इधर, स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। निचले इलाकों में पानी घुसने लगा है, जिससे बाढ़ की आशंका और गहरा गई है। जिला प्रशासन ने ऐहतियातन अलर्ट जारी कर दिया है। 13 जुलाई तक पूरे कोल्हान में येलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर जल-जमाव की स्थिति बन गई है।

# कार्यकता सम्मेलन में हुए शामिल जदयू के प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जनता दल यूनाइटेड अररिया अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी शामिल हुए। जिनका कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। जिले के पुराना डाक बंगला में गुरुवार जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार राय एवं संचालन अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल ने किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी शामिल होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में अति पिछड़े समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों अनेक लाभकारी योजनाएं चलाएं। इससे इस समाज को काफी लाभ मिला। पंचायती राज एवं नगर निकाय में आरक्षण देकर इस समाज को सशक्त करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए बिहार में डोमिसाल नीति लागू कर हमारे नेता ने बिहार की महिलाओं को एक बहुत बड़ा तोहफा दिया इसके लिए मुख्यमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। मुस्लिम समुदाय के कुल्हैया जाति को अति पिछड़ी जाति में शामिल कर इसे शैक्षणिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सबल करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के शासनकाल में चौतरफा विकास हुआ। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय ने कहा कि मुख्यमंत्री जी समाज के हर वर्गों की हमेशा चिंता करते हैं। विकसित बिहार के विश्वकर्मा हैं नीतीश कुमार। इस विकास को निरंतर जारी रखने के लिए फिर से नीतीश कुमार को हीं मुख्यमंत्री बनना है। इसी संकल्प के साथ हम सबों को गांव मोहल्ले में जाकर मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए विकास कार्यों को विस्तृत रूप से बताना है।

जदयू नेत्री शगुफ्ता अजीम ने कहा कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के सम्बोधन से कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री मंजर आलम, पूर्व विधायक पदम पराग वेणु, जदयू नेत्री पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम,जिप अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल,व उमेश चन्द्र रॉय ,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह चौहान व उपेंद्र मंडल,जिला उपाध्यक्ष रेशम लाल पासवान, जिला प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी, संचिता मंडल, सुशीला साह,सुनील राय, पवन मिश्रा, रमेश सिंह, रमेश कुमार राय, डॉ एम आलम, नौशाद आलम, किशोर कुमार राय, सीता देवी, रजी अहमद, शाद अहमद बबलू, सत्यनारायण यादव, बाणेश्वर वर्मा, लक्ष्मण राय, नंदकुमार राय, ब्रजेश राय, निरंजन सिंह दांगी , धर्मनाथ राय, सरवर आलम, संजय राय , संजना देवी, विवेक कुमार मंडल, अमृता कुमारी, सुनीता देवी के अलावे सैकड़ो लोग शामिल हुए।

**रांची मंडल पर पार्सल स्कैनर, पार्सल वैन, बैटरी चालित कार, विज्ञापन, पार्किंग, प्रमोशनल किओस्क और एटीएम के लिए ई-नीलामी**

संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 10.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची ने रांची मंडल पर ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: **श्रेणी; कैटलॉग संख्या; संपत्ति विवरण; नीलामी शुरू; नीलामी बंद होने की तिथि:** ● पार्सल स्कैनर (विविध स्थैतिक); आरएनसीपीएस17; रांची मंडल के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना और संचालन; 14.07.2025 को 10:00 बजे; 14.07.2025 को 10:40 बजे; ● बैटरी चालित कार (विविध स्थैतिक); आरएनसीबीओसी16; रांची मंडल के रांची और हटिया में बैटरी चालित कार के संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 23.07.2025 को 11:00 बजे; 23.07.2025 को 11:40 बजे; ● विज्ञापन; आरएनसीएडीवीटी39; रांची मंडल पर वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (आउट ऑफ होम के 10 नंबर, इनसाइड स्टेशन के 3 नंबर, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-11) के लिए ई-नीलामी; 17.07.2025 को 11:00 बजे; 17.07.2025 को 16:30 बजे; ● पार्किंग; आरएनसीपार्किंग 39; टांगरबंसुली, इटकी और सुइसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; 21.07.2025 को 11:00 बजे; 21.07.2025 को 11:50 बजे; ● प्रमोशनल किओस्क (विविध स्थैतिक); आरएनसीप्रमोशन3; रांची मंडल के रांची स्टेशन पर प्रमोशनल किओस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 21.07.2025 को 11:00 बजे; 21.07.2025 को 11:30 बजे; ● एटीएम; आएनसीएटीएम39; रांची मंडल पर एटीएम के लिए 06 संपत्तियों के लिए ई-नीलामी; 23.07.2025 को 11:00 बजे; 23.07.2025 को 12:20 बजे। **नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी पट्टे मॉड्यूल पर जाएं। उपर्युक्त कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-380) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# सूबे के दक्ष युवाओं को नौकरी दिलवा रही बिहार सरकार

## देश की 80 नामचीन कंपनियां कैंप लगाकर युवाओं के बीच बांट रही नौकरी, 10 हजार से अधिक युवाओं को जॉब देने की योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार सूबे में तकनीकी रूप से दक्ष बेरोजगार युवाओं को देश की नामचीन कंपनियों में नौकरी दिलाने का अवसर लेकर आयी है। राजधानी के वेटनरी कॉलेज के समीप दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में श्रम संसाधन विभाग की तरफ से कौशल विकास मिशन के तहत गुरुवार से छह दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में देश की 80 नामचीन कंपनियां 10 से 15 जुलाई तक आयोजित 'मेगा जॉब फेयर-2025' में योग्य युवाओं का चयन कर उन्हे ऑनस्पॉट नियुक्ति पत्र उपलब्ध करा रही है। इस जॉब फेयर में तकनीकी, गैर तकनीकी, 10वीं, 12वीं पास, आइआइटी, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक, बी-टेक, एमबीए व अन्य स्नातक युवाओं को नौकरियां उपलब्ध कराई जा रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से दस हजार से भी अधिक युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 10 जुलाई की दोपहर तक करीब 50 हजार युवा निबंधन करवा चुके हैं।

इस जॉब फेयर का उद्घाटन करते हुए श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि श्रम संसाधन विभाग ने कौशल विकास मिशन के तहत इस जॉब फेयर का आयोजन किया है। इस जॉब फेयर में देश की लगभग 80 नामचीन कंपनियां शिरकत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह तक 35 हजार से भी अधिक युवाओं ने यहां अपना निबंधन करा लिया है। जॉब फेयर बहा लेने वाली कंपनियों में एमआरएफ लिमिटेड, अरविन्द लिमिटेड, आमधेन प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एचआर सर्विस प्रा. लि., 2050 हेल्थ केयर, पीआर स्किल वेंचर, बीमा बाजार, निमसन हर्बल, सुधीर फाउंडेशन, केपीआर मिल लिमिटेड, परम कॉर्पोरेट, जोमेटो लिमिटेड समेत कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियां वैसे युवाओं को जॉब ऑफर कर रही हैं जो तकनीकी रूप से दक्ष हैं। ऐसे युवाओं का ये कंपनियां मौके पर ही काउंसिलिंग भी कर रही हैं।

# पुनरीक्षण रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट ने फेरा पानी: मंगल पाण्डेय

## कोर्ट पर दबाव बनाने के लिए ही विपक्ष ने किया था बंद का नाटक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के जारी रखने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से पानी फिर गया है। बिहार में फिलहाल करीब 7 करोड़ 89 लाख वोटर हैं। करीब 65 फीसदी वोटर का सत्यापन हो चुका है। इसमें से करीब 4 करोड़ 96 लाख वोटर 2003 के वोटर लिस्ट में भी शामिल थे। उनका वेरिफिकेशन नहीं करना है। यानी बाकी बचे 2 करोड़ 93 करोड़ वोटरों का ही वेरिफिकेशन किया जाना है। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष की असली चिंता घुसपैठिए और डुप्लीकेट वोटरों को बचाने की है। जब पूर्व से ही तय था कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनाई करेगा, तब फिर एक दिन पहले बुधवार को बिहार की सड़कों पर उपद्रव मचाने का क्या औचित्य था? दरअसल सभी संवैधानिक संस्थाओं से लेकर न्यायालयों तक पर अविश्वास करने वाला विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाना चाहता था। श्री पाण्डेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के तमाम बे-सिर पैर की दलीलों को दरकिनार कर यह माना है कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों के तहत ही मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहा है। अब अगर विपक्ष में नैतिक बल हो तो उसे घुसपैठिए और फर्जी वोटरों को हटाने के इस अभियान में चुनाव आयोग का साथ देने की घोषणा करनी चाहिए।

# बी डी कॉलेज में नये कुलपति का स्वागत और प्राचार्य का विदाई समारोह संपन्न

## कुलपति प्रो उपेन्द्र सिंह और प्राचार्य प्रो विवेकानंद सिंह के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज में आज एक भावनात्मक और गरिमामय वातावरण में स्वागत-सह-विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वहीं प्रो विवेकानंद सिंह को बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्थायी प्राचार्य के रूप में चयनित होने पर विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो गणेश महतो ने की जिन्होंने नये कुलपति से शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासनिक सुधारों को लेकर विश्वविद्यालय परिवार की आशाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के नवगठित नेतृत्व से सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने प्रो. विवेकानंद सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन ने कहा कि नये कुलपति के आगमन से कार्य संस्कृति में जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह विश्वविद्यालय के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने भी बी डी कॉलेज के प्राचार्य को भावी उत्तरदायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालयों के निरीक्षक प्रो कृष्णनंदन प्रसाद ने कुलपति के स्वागत में अपने विचार रखते हुए कहा कि उनका प्रशासनिक अनुभव विश्वविद्यालय के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। एस यू कॉलेज, हिलसा के प्रभारी प्राचार्य प्रो. गडकर ने कुलपति की विशिष्ट कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका कार्य अनुशासन, समर्पण और दूरदृष्टि का परिचायक है। अंत में बी डी कॉलेज के प्राचार्य प्रो विवेका नंद सिंह ने सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि रंजन ने किया।

# जूडो-कराटे आत्मरक्षा, ऊर्जा और रोजगार का माध्यम: डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने गुरूवार को जूडो और कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए युवाओं से इस खेल को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जूडो और कराटे केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, शक्ति और सफलता का मार्ग है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा जूडो-कराटे युवाओं और युवतियों दोनों के लिए स्फूर्ति, सुरक्षा और आत्मबल का प्रतीक है। यह खेल व्यक्ति को इस योग्य बनाता है कि वह बिना किसी हथियार के भी कई दुश्मनों का अकेले मुकाबला कर सके। खासकर बेटियों के लिए यह समय की मांग है। कराटे की ट्रेनिंग लेने वाली लड़कियां आज किसी भी मनचले को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जूडो और कराटे अब केवल भारत ही नहीं, बल्कि ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने भी खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए मेडल लाओ, नौकरी पाओ जैसी योजना शुरू की है जिससे राज्य के युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना भी युवाओं को खेल में करियर बनाने का सुनहरा अवसर दे रही है। मंत्री ने बदलते समय की मानसिकता को रेखांकित करते हुए कहा एक समय था जब कहा जाता था, पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब, लेकिन आज खेल के क्षेत्र में लोग अरबों-खरबों की संपत्ति कमा रहे हैं और देश-दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

# सीएमआर चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ने पर डॉ. प्रेम कुमार ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सीएमआर (चावल) की आपूर्ति की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 तक बढ़ाने के लिए भारत सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने इसे राज्य के किसानों, सहकारी समितियों एवं व्यापार मंडलों के लिए बड़ी राहत बताया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हमने भारत सरकार से समय विस्तार का अनुरोध किया था ताकि पैक्सों और व्यापार मंडलों द्वारा अधिप्राप्त धान का चावल रूपांतरण पूर्ण हो सके और उसकी आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को की जा सके। भारत सरकार ने हमारी मांग को स्वीकार कर यह जनहित में सराहनीय निर्णय लिया है। मैं इसके लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का विशेष धन्यवाद करता हूं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने केंद्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से भेंट कर तिथि विस्तार का औपचारिक अनुरोध किया था। इससे पहले सीएमआर (चावल) की आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून 2025 निर्धारित थी। किन्तु निर्धारित अवधि तक केवल 22.06 लाख मीट्रिक टन चावल ही आपूर्ति हो सकी थी, जबकि कुल 26.61 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति का लक्ष्य था। शेष 4.56 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति नहीं होने से लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि सहकारी बैंकों की अवरुद्ध हो जाने की संभावना बन गई थी। साथ ही संबंधित पैक्सों एवं व्यापार मंडलों पर विफल संस्था घोषित होने का संकट मंडरा रहा था। डॉ. प्रेम कुमार ने उम्मीद जताई कि विस्तारित तिथि तक सभी पैक्स और व्यापार मंडल समर्पण में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, जिससे न केवल किसानों की मेहनत सफल होगी, बल्कि सहकारी व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत होगा। राज्य सरकार ने चावल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु भारतीय खाद्य निगम के नामित पदाधिकारी के साथ संयुक्त जाँच कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी भारत सरकार को भेजी थी। उसी के आधार पर यह तिथि विस्तार संभव हो सका। सहकारिता मंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों, पैक्सों तथा व्यापार मंडलों से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष चावल की आपूर्ति हर हाल में पूर्ण करें।

# राहुल गांधी की राजनीति पूरी तरह नकारात्मक : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षन को लेकर विपक्ष के रवैए पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जहां-जहां हारते हैं, वहां मतदाता अधिकार छीने जाने का रोना रोते हैं। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के लिए लड़ रहे हैं। वह देशद्रोही ताकतों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति पूरी तरह नकारात्मक है और वे देश को 90 के दशक की अव्यवस्था में लौटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी डमी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, वे वास्तव में संविधान की रक्षा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अगर कोई संविधान की रक्षा कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जैसे लोग संविधान के लिए खतरा है। देश को उनसे संविधान को बचाने की जरूरत है। वहीं तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को राहुल गांधी के रथ पर नहीं चढ़ने देना उनका अपमान है, जो पूरी तरह गलत है।

# सड़क पर नियम तोड़ने वाले 578 चालकों का लाइसेंस निलंबित

## ट्रैफिक पुलिस से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करके वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। ट्रैफिक पुलिस की सख्त चौकसी का ही नतीजा है कि इस वर्ष जनवरी से जून तक ट्रैफिक के नियमों को दरकिनार कर बेतरतीब तरीके से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी से जून के बीच ट्रैफिक पुलिस ने कुल 988 वाहन मालिकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने का प्रस्ताव भेजा है। इनमें से 578 वाहन मालिकों का डीएल निलंबित करते हुए शोकॉज जारी किया गया है। वहीं, डीटीओ कार्यालय की ओर से लगभग 900 वाहनों को चिन्हित करते हुए उनका निबंधन रद्द करने से पहले शो-कॉज किया गया है। इन वाहन मालिकों से जवाब आने के बाद इनकी समीक्षा करके कार्रवाई की जाएगी। इन वाहन मालिकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जानकारी भेजी जा रही है।

**कब होती है डीएल निलंबन की कार्रवाई**

डीटीओ से मिली जानकारी के आधार पर बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने या जांच के दौरान वाहन के कागजात और डीएल सही न पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई होती है। यदि जांच के दौरान डीएल पहले से ही निलंबित पाया जाता है तो ट्रैफिक पुलिस वाहन मालिक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाती है। ड्राइविंग लाइसेंस को न्यूनतम तीन से छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है। पटना डीटीओ उपेन्द्र कुमार पाल ने कहा कि जिले में अधिकतर युवा लापारवाही से गाड़ी चलाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। डीटीओ ने वाहन मालिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाएंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें डीएल निलंबन और निबंधन रद्द करने जैसी कार्रवाई शामिल हो सकती है।

**पटना डीटीओ से छह महीने में 30 डीएल रद्द**

बीते छह महीने में लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 30 से अधिक वाहन मालिकों के डीएल रद्द करने की कार्रवाई को मंजूरी दी है। दरअसल, डीएल निलंबित या रद्द करने से पहले लाइसेंसिंग प्राधिकरण दोनों पक्षों को सुनता है जिसके बाद अंतिम फैसला डीटीओ लेते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां विपक्ष की भावनाओं के अनुरूप : राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद ने कहा है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की है उससे चुनाव आयोग बेनकाब हो गया है। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड और राशन कार्ड को भी शामिल करने का सुझाव दिया है। विपक्ष लगातार इसकी मांग करता आ रहा है। इससे जो लोग गरीब-गुरबों, दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की मंसूबे पाले हुए थे उन्हें गहरा सदमा लगेगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी कि जो डाक्यूमेंट चुनाव आयोग द्वारा मांगा जा रहा है, वो मेरे पास भी नहीं मिलेगा। चुनाव आयोग के असली चेहरे को उजागर करने के लिए काफी है। विपक्ष लगातार इस सवाल को उठाते रहा है जिसे न्यायालय ने भी स्वीकार किया है। चित्तरंजन गगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कुछ सवालों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है और अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई का डेट निश्चित किया है। इस पर भाजपा और एनडीए नेताओं की प्रतिक्रिया 'अपने आप मुंह चीढ़ाने' वाली कहावत को हीं चरितार्थ कर रहा है।

# महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थलों पर बनेंगे पिंक टॉयलेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सार्वजनिक क्षेत्र से कार्यस्थल तक महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा निकायों में पिंक टॉयलेट का निर्माण शुरू कर दिया गया है जिसका संचालन एवं उपयोग महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा। सरकार ने महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर यौन उत्पीड़न एवं हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने और उनके स्वास्थ्य व गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए सुरक्षित और निजी स्वच्छता सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट उपलब्ध कराने की पहल की है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट स्थापित करने की घोषणा की थी।

उक्त घोषणा के तहत महिलाओं के लिए राज्य के विभिन्न शहरों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कुल 10 निकायों में 70 सीटों के पिंक टॉयलेट की स्थापना की जा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य योजना से भी 06 नगर निकायों में 30 सीटों की पिंक टॉयलेट बनाई जाएगी। पिंक टॉयलेट के निर्माण के लिए कुल 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर उच्च कोटि की स्वच्छता और अन्य सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट स्थापित किए जा रहे हैं जिसका पिंक रंग केवल महिलाओं के उपयोग हेतु उपलब्ध टॉयलेट को पहचानने में सहायक होगा।

नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य एवं गरिमा को अक्षुण्ण रखने और महिला सशक्तीकरण के लिए सुरक्षित, निजी सुरक्षा और स्वच्छता का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं और लड़कियों को उच्च कोटि की निजी स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पिंक टॉयलेट एक नवीन पहल है। इस पिंक टॉयलेट में सभी जरूरी सुविधाएं यथा बिजली, पानी, साफ-सफाई के साथ-साथ मुख्य रूप से सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिन नगर निकायों मे पिंक टॉयलेट की स्थापना की जानी है उनमें गयाजी नगर निगम, मुजफ्फरपुर नगर निगम, बिहारशरीफ नगर निगम, पूर्णिया नगर निगम, सासाराम नगर निगम, सीतामढ़ी नगर निगम, राजगीर नगर परिषद, बोधगया नगर परिषद, सुल्तानगंज नगर परिषद, भभुआ नगर परिषद और बड़हिया नगर परिषद, बक्सर नगर परिषद, जाले नगर परिषद, सिंहवाड़ा नगर पंचायत, कमतौल-अहियारी नगर पंचायत और देव नगर पंचायत शामिल हैं।

# तेजस्वी यादव मुझे रोकने वाले होते कौन हैं : पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन के बिहार बंद के दौरान पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार को राहुल-तेजस्वी के ट्रक पर चढ़ने से रोकने को लेकर सूबे का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। भाजपा और जदयू सहित पूरा एनडीए इसे महागठबंधन की आंतरिक कलह बता रहा है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि तेजस्वी यादव से अदावत के कारण इन दोनों नेताओं को ट्रक पर एंट्री नहीं मिली। इस घटनाक्रम को लेकर सत्तापक्ष पप्पू यादव पर तंज कस रहा है। पप्पू यादव के समर्थक भी इसे अपने नेता का अपमान मान रहे हैं। इसको लेकर अब सोशल मीडिया पर पप्पू यादव का एक बयान बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें पूर्णिया सांसद तेजस्वी यादव पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। वायरल वीडियो में पप्पू यादव कह रहे हैं कि 'इसका परिचय क्या है? लालू यादव का बेटा है, बस ना।' उन्होंने कहा कि 'आज लालू यादव का नाम हट जाए, साया हट जाए, कुत्ता पूछ ले ना।' पप्पू यादव ने कहा 'मुखिया चुनाव जीतेंगे। लालू यादव के बेटे का नाम हट जाएगा तो।' सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि धक्का खाने के बाद पप्पू यादव को अक्ल आ गई है। वहीं एक निजी चैनल से बातचीत में भी पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर जमकर भड़ास निकाली।

# राजद के लोग फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं : अरुण भारती

## लालू-राबड़ी राज में भी 'भूराबाल' साफ करो का नारा दिया जाता था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोजपा (रा) ने राजद विधायक के सामने 'भूराबाल' साफ करो का नारा दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लालू -तेजस्वी की पार्टी द्वारा बिहार में जंगल राज लाने की मंशा करार दिया है। पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बहनोई सांसद अरुण भारती ने गुरुवार को कहा राजद के विधायक के सामने ऐसी बातें कही गई। लालू-राबड़ी राज में भी ऐसी ही बातें कही जाती थी। एक बार फिर भूरा बाल साफ करो कहने का मतलब है कि ये लोग फिर से बिहार में जंगल राज लाना चाहते हैं। बता दें कि गयाजी जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में राजद विधायक के सामने भूराबाल साफ करो का नारा लगा जिसका वीडियो वायरल है। वहीं, बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने को लेकर चिराग द्वारा उठाये गए सवाल का अरुण भारती ने बचाव करते हुए कहा कि अपराध की जो घटनाएं हुई है उन घटनाओं पर सरकार कार्रवाई कर चुकी है। आगे भी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हम लोग तो सवाल उठाते रहेंगे, लेकिन मामलों में कार्रवाई हो रही है यह संतोषप्रद स्थिति है। उन्होंने कहा कि नालंदा में जो पासवान समुदाय के लोगों की हत्या हुई है, मैं खुद वहां जा रहा हूं और पूरे मामले में हमें खुद जाकर देखेंगे। हमारे नेता ने भी पूरे मामले में संज्ञान में लिया और सरकार से इस पूरे मामले में कार्रवाई करने को कहा था। कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को राहुल गांधी के साथ रथ पर नहीं चढ़ने दिए जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है। सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ नरसिम्हा राव के साथ क्या हुआ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब उपयोगिता खत्म हो जाती है तो उस नेता को इसी तरह वे लोग नजरअंदाज कर देते हैं। राहुल गांधी इसी परंपरा को आगे ले जा रहे हैं। महागठबंधन का हिस्सा होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के पशुपति पारस के फैसले और बिहार बंद में शामिल रहने पर अरुण भारती ने कहा कि पारस तो राहुल गांधी के साथ नहीं दिखे। अरुण भारती में महागठबंधन में पशुपति पारस को तरजीह नहीं दिए जाने की ओर इशारा किया।

# बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन का सावन मिलन महोत्सव कल दादी मंदिर में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन का सावन मिलन समारोह कल शनिवार को बैंक रोड शक्तिधाम स्थित दादी जी मंदिर में दिन में दो बजे से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल करेंगे। अग्रवाल महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं कई रंगारंग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगीं। इस मौके पर सावन नृत्य, रैंप वॉक, मेहंदी सहित कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम और गेम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में बिहार प्रदेश प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि सावन महोत्सव में समाज की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की हस्त निर्मित वस्तुओं की बिक्री हेतु स्टॉल भी लगाएं जाएंगे। गीता जैन ने बताया कि सावन के महीने का महिलाओं के लिए खास महत्व है। श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-आराधना का विशेष विधान है। सावन में सोमवार व्रत का सर्वाधिक महत्व बताया जाता है। दरअसल श्रावस मास भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय है। इस माह में सोमवार का व्रत और सावन स्नान की परंपरा है। शिव पुराण के अनुसार जो कोई व्यक्ति इस माह में सोमवार का व्रत करता है भगवान शिव उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

## पटना वीमेंस कॉलेज में 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' की विशेष स्क्रीनिंग

# बिहार की महिलाओं को समर्पित ऐतिहासिक आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को उजागर करने वाली पहली पूर्णतः मगही भाषा में बनी फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' की विशेष स्क्रीनिंग आज पटना वीमेंस कॉलेज के प्रतिष्ठित वेरोनिका ऑडिटोरियम में हुई। यह आयोजन बिहार में इस फिल्म की पहली औपचारिक प्रदर्शनी थी और खासतौर पर राज्य की कामकाजी महिलाओं को समर्पित किया गया था। स्क्रीनिंग का विधिवत शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण के साथ, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में परवेज अख्तर वरिष्ठ थिएटर डायरेक्टर, स्मिता कुमारी, डीन आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज, पटना वीमेंस कॉलेज के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी।

उक्त अवसर पर बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण ने कहा कि सिनेमा कला के एक माध्यम के रूप में समाज को प्रतिबिम्बित करता है। यह एक सशक्त माध्यम है किसी फिल्म को कहने का। उन्होंने कहा कि फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर', मुंबईया सिनेमा नहीं है, मगर इसे बेहद गहराईयों से बहुत सोच-समझ कर बनाया गया है। यह आम फिल्मों से हट कर है जिसमें आज हमारे समाज में औरतों का स्टेट्स क्या है, इस लाइन पर यह फिल्म केन्द्रित है। सबों को यह फिल्म देखनी चाहिए। मेरी बहुत सारी शुभकामनाएं हैं। मैं फिल्म के निर्देशक अभिलाष शर्मा और निर्माता विकास शर्मा को कहूंगा कि इस फिल्म को हर प्लेटफॉर्म पर दिखाएं। प्रजना फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' का निर्माण बिहार (राजगीर और गयाजी) में किया गया है और यह एक ऐसी महिला की मार्मिक कहानी को बयां करती है जो भय, चुप्पी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती है।

# प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों की अहम बैठक संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के एआईसीसी मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दुबे के नेतृत्व में पार्टी के प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों की अहम परिचर्चा, बैठक, प्रशिक्षण संपन्न हुई। इस मौके पर नेशनल मीडिया पैनलिस्ट प्रेमचंद मिश्र और मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भी सभी प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को विस्तार से समसामयिक मुद्दों और बिहार के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जिसमें सभी के सवालों और सुझावों को शामिल किया गया। इस दौरान प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को वरिष्ठ नेताओं ने अहम सुझाव और निर्देश भी दिए। प्रवक्ताओं को प्रमंडलों की जिम्मेदारी देने के साथ उन्हें संबंधित प्रमंडलों में अहम मुद्दों पर संवाददाता सम्मेलन भी करने का निर्णय लिया गया।

## संपादकीय

# पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के मोर्चे पर भी भारत को चुनौती, तैयारी की जरूरत

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता ने दुनिया को यह साफ संदेश दिया है कि सीमा पार से आतंकवाद को अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान भी अब दबी जुबान में यह स्वीकार कर रहा है कि चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के लक्षित हमलों से उसे नुकसान झेलना पड़ा है। वह भी ऐसी स्थिति में जब चीन और तुर्किये न केवल कूटनीतिक, बल्कि तकनीकी और हथियारों की आपूर्ति में भी पाकिस्तान का सहयोग कर रहे थे। इस संघर्ष में चीन और तुर्किये की भूमिका पहले भी उजागर हो चुकी है, लेकिन अब भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने खुलासा किया है कि चीन भारतीय सैन्य तैनाती की पाकिस्तान को सीधी जानकारी दे रहा था।यही नहीं, चीन ने पाकिस्तान के चेहरे का इस्तेमाल कर इस संघर्ष को अपने हथियारों के परीक्षण की प्रयोगशाला की तरह लिया। हालांकि, भारतीय सैन्य बलों की जवाबी कार्रवाई ने चीन के इस परीक्षण के नतीजों की सच्चाई भी सबके सामने ला दी है। चीनी हथियारों के हर वार को नाकाम कर भारत ने यह साबित कर दिया है कि उसके सुरक्षा कवच को भेदना इतना आसान नहीं है। मगर, पाकिस्तान को चीन और तुर्किये का साथ मिलने से यह बात भी साफ हो गई है कि भविष्य में भारत के लिए चुनौतियां और बढ़ेंगी, जिनसे निपटने के लिए कई मोर्चों पर तैयारी की जरूरत है।भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती भारत की वजह से है। दरअसल, भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और चीन भविष्य की संभावनाओं को लेकर इससे चिंतित है। इसलिए वह कूटनीतिक तरीके से पाकिस्तान को अपने पाले में बनाए रखना चाहता है। संकट के दौरान पाकिस्तान की मदद करने से भी वह पीछे नहीं हटता है। इसके पीछे चीन के अपने निजी स्वार्थ निहित हैं।उधर, तुर्किये भी पाकिस्तान का मददगार बना हुआ है, लेकिन भारत को सीधे तौर पर तुर्किये से कोई खतरा नहीं है। चीन से चुनौती इसलिए है, क्योंकि पाकिस्तान की तरह उसके साथ भी भारत की सीमा लगती है। भारत और चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) विभाजित करती है और चीन यहां पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करता रहता है।भारतीय सेना के उप प्रमुख के मुताबिक, सात से दस मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सिर्फ सामने नजर आ रहा था, पर्दे के पीछे चीन और तुर्किये उसे हरसंभव सहायता दे रहे थे। चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था। बहरहाल, रक्षा मामलों में चीन और पाकिस्तान को अलग-अलग करके देखना सही नहीं होगा। 'आपरेशन सिंदूर' के बाद यह तस्वीर साफ हो गई है कि चीन और पाकिस्तान ने अपनी रक्षा रणनीतियों में गहरा तालमेल बना लिया है।जब कभी पाकिस्तान से भारत के सैन्य टकराव की स्थिति आएगी, चीन भले ही परोक्ष रूप से, लेकिन उसमें खास भूमिका निभाएगा। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भारत को खुद को तैयार करना होगा।

इन दोनों पार्टियों के साथ समान दूरी बनाए रखने का उनका इरादा निस्संदेह अपेक्षित था, पर जो बात नई थी, वह थी– मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में अकेले आगे बढ़ने का फैसला। यह 2026 के चुनाव में अपनी हैसियत जांचने, 2031 में सिंहासन के प्रमुख दावेदार के रूप में खुद को पेश करने और सूबे की सियासत में लंबी दौड़ का खिलाड़ी बनने के उनके इरादे का संकेत देता है। हालांकि, विजय को शायद यह एहसास है कि उनकी लोकप्रियता उन्हें वोट तो दिला सकती है, पर द्रमुक व अन्नाद्रमुक वाले गठबंधनों को हराने व राज्य की राजनीति में नंबर एक बनने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि तमिल राजनीति में दोनों द्रविड़ पार्टियां अच्छी तरह से स्थापित हैं और उनकी जड़ें काफी गहरी हैं। दोनों काडर आधारित दलों के पास समर्थकों का एक बड़ा नेटवर्क है, जो बूथ स्तर की समितियों तक फैले हुए हैं। फिर, बीते कुछ वर्षों में राज्य की राजनीति दो-ध्रुवीय हो गई है, जिसमें ये दोनों दल-एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं और तीसरे के लिए बहुत कम जगह छोड़ी है।

# तमिल सियासत में उतरा एक और सितारा

(एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)



तमिलनाडु की सियासत में एक और फिल्मी सितारा उभर रहा है, 'थलापति विजय'। क्या वह राजनीति में सफल होंगे और अपने पूर्ववर्तियों- एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता की तरह मुख्यमंत्री बनेंगे या फिर 'मक्कल तिलगाम' शिवाजी गणेशन व सुपरस्टार रजनीकांत जैसे दिग्गजों की तरह पिछड़ जाएंगे पिछले हफ्ते विजय ने अपनी नई पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम की ओर से खुद को 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तमिलनाडु की राजनीति के दो ध्रुवों- द्रमुक और अन्नाद्रमुक में से किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। इन दोनों पार्टियों के साथ समान दूरी बनाए रखने का उनका इरादा निस्संदेह अपेक्षित था, पर जो बात नई थी, वह थी- मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में अकेले आगे बढ़ने का फैसला। यह 2026 के चुनाव में अपनी हैसियत जांचने, 2031 में सिंहासन के प्रमुख दावेदार के रूप में खुद को पेश करने और सूबे की सियासत में लंबी दौड़ का खिलाड़ी बनने के उनके इरादे का संकेत देता है। हालांकि, विजय को शायद यह एहसास है कि उनकी लोकप्रियता उन्हें वोट तो दिला सकती है, पर द्रमुक व अन्नाद्रमुक वाले गठबंधनों को हराने व राज्य की राजनीति में नंबर एक बनने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि तमिल राजनीति में दोनों द्रविड़ पार्टियां अच्छी तरह से स्थापित हैं और उनकी जड़ें काफी गहरी हैं। दोनों काडर आधारित दलों के पास समर्थकों का एक बड़ा नेटवर्क है, जो बूथ स्तर की समितियों तक फैले हुए हैं। फिर, बीते कुछ वर्षों में राज्य की राजनीति दो-ध्रुवीय हो गई है, जिसमें ये दोनों दल-एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं और तीसरे के लिए बहुत कम जगह छोड़ी है।

बहरहाल, समय की कसौटी पर द्रमुक गठबंधन खरा उतरा है और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अगुवाई वाले मौजूदा गठबंधन ने विधानसभा व संसदीय चुनावों में सफल प्रदर्शन किए हैं। हालांकि, घटक दलों ने मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व का मसला उठाया है, मगर वे द्रमुक को शायद ही छोड़ सकेंगे, क्योंकि भाजपा के साथ वे दूसरे गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना चाहेंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुछ अन्य बातों के अलावा अहम यह भी है कि राज्य में करीब 10 प्रतिशत अल्पसंख्यक वोट है, जिसमें मुस्लिम व ईसाई शामिल हैं। विजय 51 साल के हैं। उनके लिए स्टालिन के बेटे उदयनिधि के नेतृत्व वाले द्रमुक नेताओं की अगली पीढ़ी से मुकाबला करना आसान हो सकता है, जो लगभग उन्हीं की उम्र के हैं और फिल्म स्टार भी हैं, लेकिन उन्होंने उनकी तरह प्रशंसक नहीं कमाए हैं। विजय की टीवीके पार्टी बमुश्किल एक साल पुरानी है और उन्हें अपनी पार्टी को जमीन पर खड़ा करना होगा। उनको एक राजनेता के तौर पर अपने विचारों को भी धार देनी होगी। अब तक उन्होंने अपनी विचारधारा को द्रविड़वाद और तमिल उप-राष्ट्रवाद के मिश्रण के रूप में पेश किया है, मगर राज्य को परेशान करने वाले कई मुद्दों पर अपने विचार स्पष्ट नहीं किए हैं। वह कभी भी लोकप्रिय आंदोलन का हिस्सा नहीं रहे या अपने तीखे राजनीतिक रुख के लिए नहीं जाने जाते हैं।

वह द्रमुक को अपना 'राजनीतिक दुश्मन' और भाजपा को 'वैचारिक दुश्मन' बताकर खुद को राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। मगर अन्नाद्रमुक व उसके नेताओं पर कथित नरम रुख रखना संभवतः तटस्थ लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने की उनकी नीति हो सकती है या अगर त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनती है, तो समझौते के लिए वह दरवाजा खुला रखना चाहते हैं। मगर तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में हमेशा स्पष्ट फैसला ही आता है और मतदाता दोनों द्रविड़ पार्टियों में से ही किसी का चुनाव करते रहे हैं। हालांकि, 2006 में द्रमुक ने 'अल्पमत की सरकार' चलाई थी, जो राज्य बनने के बाद पहला मौका था, क्योंकि पहली बार चुनावों में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। मगर तब मुख्यमंत्री करुणानिधि सहयोगियों के समर्थन के बावजूद अपना कार्यकाल पूरा न कर सके थे। विजय संभवतः फिल्म इंडस्ट्री के अपने पूर्ववर्तियों की गलतियों से सबक ले रहे हैं। सुपरस्टार रजनीकांत भाजपा के बहुत करीब आ गए थे, लेकिन अंत-अंत तक वह अपना मन नहीं बना सके और स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर राजनीति से बाहर निकल आए। कमल हासन ने एक नई मध्यमार्गी धारा बनाने की कोशिश जरूर की, पर जब यह कारगर नहीं हुआ, तो राज्यसभा में जाने के लिए वह द्रमुक के साथ जुड़ गए। अभिनेता विजयकांत एकमात्र ऐसे सितारे हैं, जो राज्य की राजनीति में कुछ हद तक अपनी छाप छोड़ सके। विजयकांत ने 2006 में डीएमडीके के बैनर तले अकेले सभी सीटों पर अपनी किस्मत आजमाई थी। उन्हें 8.38 फीसदी मत जरूर मिले, पर वह सिर्फ एक सीट जीत सके। अगले चुनाव में उन्होंने जयललिता के साथ गठबंधन किया और 28 सीटें जीतीं। उनकी डीएमडीके राज्य की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई। चूंकि द्रमुक तीसरे पायदान पर चला गया था और जयललिता ने अपने दम पर बहुमत हासिल किया था, तो वह विजयकांत को मंत्रिमंडल में शामिल करने को तैयार न थीं, इसलिए वह राज्य विधानसभा में 'नेता प्रतिपक्ष' बन गए। हालांकि, 2016 के चुनाव में वह 'थर्ड फ्रंट' का हिस्सा थे और 2.30 फीसदी मत पाने के बाद भी उनको कोई सीट नहीं मिल सकी। इस हार के बाद वह कभी भी राजनीतिक रूप से नहीं उभर पाए। द्रमुक के स्टालिन व अन्नाद्रमुक के ई पलानीसामी, दोनों की नजर विजय के अगले कदम पर है। भाजपा ने विजय को अपने पाले में लाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम साबित हुई। पहले माना जा रहा था कि विजय की पार्टी टीवीके अन्नाद्रमुक के साथ समझौता कर सकती है, लेकिन भाजपा के साथ उसके गठबंधन के बाद यह उम्मीद छोड़ दी गई। पलानीसामी अपनी पार्टी के दरवाजे खुले रखना चाहते हैं, ताकि त्रिशंकु विधानसभा की सूरत में मदद मिल सके। अन्नाद्रमुक को टीवीके के आने से चुनावी नुकसान का अंदाजा है। नई पार्टी सत्ता विरोधी वोटों का बड़ा हिस्सा झटक सकती है और उन

## भाषा की दीवारों से शहर नहीं बनता

(देवेंद्र नाथ तिवारी)

हमारे दादाजी आजादी से पहले रोजी-रोटी की तलाश में पूर्वांचल से बंबई (मुंबई) पहुंचे। ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे। विरार में ठिकाना बनाया। टोकरी में केले बेचने लगे। मेहनत और लगन ऐसी कि धीरे-धीरे वह केले के बड़े व्यापारी बन गए। दादर में दुकान खुली, भुसावल से पूरी मालगाड़ी भर के केले आने लगे। इस बीच उनका राजनीतिक दखल भी बढ़ा। स्थानीय राजनीति में सक्रिय हुए। पड़ोस में गुजराती और मराठी परिवार थे। लिहाजा, उन्होंने गुजराती और मराठी भाषा भी सीख ली। आज हमारी चौथी पीढ़ी बंबई में है। हमारे परिवार का हर शख्स कम से कम पांच भाषाएं, भोजपुरी, हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी को जानता है। किसी ने जबर्दस्ती या दबाव में ये तमाम भाषाएं नहीं सीखीं। ये तो बस जिंदगी के साथ बहते हुए, पड़ोसियों के साथ हंसी-मजाक में और बाजार की चहल-पहल में आ गईं। कोई भाषा यूं ही सीखी जाती है। पर, आज भाषा के नाम पर जो खेल चल रहा है, वह न भाषा का भला करेगा, न समाज का। ठाकरे बंधु और उनके जैसे सियासतदां भाषा को हथियार बनाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। यह भाषा की आड़ में वजूद बचाने की मुहिम है, न कि किसी संस्कृति या अस्मिता को सहेजने की कोशिश। भाषा तो वह धारा है, जो समाज को जोड़ती है, बांटती नहीं। बंबई जैसे शहर ने इसे बार-बार साबित किया है। यह शहर, जो कभी बंबई था और अब मुंबई है, भाषाओं, संस्कृतियों और सपनों का मेला है। यहां गुजराती, मराठी, हिंदी, कोंकणी, तमिल, बंगाली सब रहे हैं। सब यहां अपनी जगह बनाते हैं। किसी पर कुछ थोपा नहीं जाता। दुकानदार मराठी में सौदा करता है और पड़ोसी से गुजराती में गप्पें मारता है। ऑफिस में अंग्रेजी चलती है। यह बंबई की तासीर है। फिर भाषा के नाम पर यह बवाल क्यों यह तो वही पुराना खेल है, जिसमें सियासतदां अपनी नाकामी छिपाने के लिए तरह-तरह की अस्मिता का नारा बुलंद करते रहे हैं। यह सियासत भाषा को नहीं, बल्कि समाज को कमजोर करती है। जब आप किसी को कहते हैं कि तुम्हारी भाषा कमतर है, तुम बाहरी हो, तो आप सिर्फ उस शख्स को नहीं, उसकी मेहनत, उसके योगदान को भी खारिज करते हैं।

# गरीब अफ्रीकी-अमेरिकी देशों की यात्रा पर मोदी क्यों

राजेश कुमार पासी

विपक्ष शुरू से ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाता रहा है कि वो इतनी विदेश यात्राएं क्यों करते हैं । विपक्ष यह सवाल उठाता है कि इन विदेश यात्राओं का क्या फायदा है क्योंकि इन यात्राओं पर काफी पैसा खर्च होता है । ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी जी का विपक्ष ने यह कहकर मजाक बनाया कि इतनी विदेश यात्राओं के बावजूद कोई भी देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ । विपक्ष यह भी देखने को तैयार नहीं है कि इन्हीं विदेश यात्राओं का असर है कि कोई भी देश भारत के खिलाफ नहीं खड़ा हुआ । चीन और तुर्की पाकिस्तान के साथ इसलिए खड़े दिखाई दिए क्योंकि वो पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करते हैं । भारत विरोधी होने के कारण चीन और तुर्की पाकिस्तान का साथ दे रहे थे । ऐसे तो भारत भी रूस, इजराइल, फ्रांस और अमेरिका के हथियारों से जंग लड़ रहा था । इस युद्ध की विशेषता यह रही कि भारत ने अपने बनाए हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल किया । इस तरह देखा जाए तो भारत को किसी देश की मदद की जरूरत ही नहीं थी ।

प्रधानमंत्री मोदी 2 जुलाई से 5 दिन की विदेश यात्रा के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा कर रहे हैं । इस पर भी कांग्रेस के कई नेताओं के बयान सामने आ चुके हैं कि मोदी जी इन देशों की यात्रा पर क्यों जा रहे हैं । जिन देशों का कई दशकों से भारत के किसी प्रधानमंत्री ने दौरा नहीं किया है, वहां जाने का क्या जरूरत है । यहां तक मजाक बनाया जा रहा है कि मोदी जी बाकी बचे हुए देशों की भी यात्रा कर लेना चाहते हैं । हर बार की तरह घरेलू समस्याओं की दुहाई देते हुए मोदी जी की यात्रा पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं । ऐसे में देश की जनता के मन में भी सवाल उठ सकता है कि इन गरीब देशों की यात्रा करके मोदी जी क्या हासिल करने वाले हैं । इसका विश्लेषण करने की जरूरत है कि क्यों मोदी जी इन देशों की यात्रा कर रहे हैं ।

किसी भी राष्ट्र प्रमुख द्वारा विदेश यात्रा करने का मकसद दूसरे देशों के साथ सम्बन्धों को बढ़ाना होता है । आजकल तो ज्यादातर राष्ट्र प्रमुख विदेश यात्राएं अपने देश के व्यापार को बढ़ाने के लिए करते हैं । भारत धीरे-धीरे विश्व शक्ति बन रहा है, जिसके कारण जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं । विश्व पटल पर भारत की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर चीन ने दक्षिण अमेरिकी और अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बना ली है और भारत कहीं दिखाई नहीं दे रहा है । मोदी जी ने सत्ता में आते ही जान लिया था कि भारत को अगर वैश्विक शक्ति बनना है तो इन देशों के साथ सम्बन्ध बढ़ाने होंगे । मोदी जी के सत्ता में आने से एक साल पहले ही चीन ने दुनिया के गरीब देशों को अपने कर्ज जाल में फंसाने के लिए एक जबरदस्त चाल चली थी । उसने अपने बीआरआई प्रोजेक्ट के अन्तर्गत गरीब देशों को यह लालच दिया कि वो उनके देशों को एक ऐसे गलियारे से जोड़ेगा जिससे उनका आयात-निर्यात आसानी से पूरी दुनिया में हो सकेगा । उसने इस योजना के अन्तर्गत इन देशों में ऐसी विकास परियोजनाएं शुरू की जिससे इन देशों के बुनियादी ढांचे का निर्माण होना था । उसने इन देशों को यह लालच दिया कि इन विकास परियोजनाओं से इन देशों की आय बढ़ जाएगी और इन पर खर्च किया गया पैसा भी जल्दी वापिस आ जाएगा । इसके लिए चीन ने इन देशों को कर्ज दिया और कर्ज की शर्तों को गुप्त रखा गया । इन शर्तों का ही नतीजा है कि श्रीलंका बर्बाद हो गया है, मालदीव और पाकिस्तान मुश्किल में हैं । चीन का तरीका यही है कि उन गरीब देशों को कर्ज दो और उसके बदले उनके प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा कर लो । चीन की इस नीति से दक्षिण अमेरिकी और अफ्रीकी देश बर्बाद हो चुके हैं । मोदी जी अब इन देशों से सम्बन्ध बढ़ा रहे हैं ताकि चीन के इस कर्ज जाल से उन्हें बाहर निकालने में मदद दी जाए। भारत ऐसा करने के लिए इन देशों को कर्ज नहीं दे रहा है बल्कि इन देशों के विकास पर काम कर रहा है ताकि ये देश खुद ही चीन के कर्ज की वापसी कर सके। इसके लिए भारतीय कंपनियां इन देशों में निवेश कर रही हैं ताकि इन देशों में भी विकास की धारा बह सके। भारत इन देशों को प्राकृतिक संसाधनों की लूट से बचा कर इन संसाधनों का उचित दाम दिलाना चाहता है । सच कहे तो भारत को भी इन संसाधनों की जरूरत है लेकिन भारत चीन की तरह उन पर कब्जा नहीं चाहता बल्कि इन देशों के साथ व्यापार भी चाहता है ।

2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार चीन ने अफ्रीकी देशों के लगभग 80 प्रतिशत व्यापार पर कब्जा कर लिया है और यही हाल दक्षिण अमेरिकी देशों का भी है । मोदी जी की इन पांच देशों की यात्रा भारत की सॉफ्ट पावर, ग्लोबल साउथ रणनीति, आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक नेतृत्व को शक्ति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। भारत आजादी के बाद से ही ग्लोबल साउथ के देशों के प्रति एक जिम्मेदारी महसूस करता रहा है, इसलिए नेहरू जी ने गुटनिरपेक्ष नीति पर इन देशों को लाने की कोशिश की थी ताकि ये देश दो गुटों की लड़ाई में उलझ कर बर्बाद न हो जाएं । घाना एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और भारत के महत्वपूर्ण व्यापारिक सम्बन्ध उसके साथ हैं । भारत सोने का बड़ा आयातक है और घाना से 70 प्रतिशत सोना हमारे देश में आता है। भारत इन व्यापारिक संबंधों का बढ़ाना चाहता है और घाना की विकास परियोजनाओं में सहयोग देना चाहता है। घाना के जरिये भारत अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बनाना चाहता है । घाना अफ्रीकी बाजारों में भारत की पहुंच आसान बना सकता है । त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय मूल की बड़ी आबादी है इसलिए भारत इस देश के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है।

# गरीबों का जीवन गरिमामय बनाती राष्ट्रीय योजनाएं

भारत में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार सिर्फ संख्या की वृद्धि नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण में भी एक गहरा बदलाव दर्शाता है। पहले जहां ये कल्याणकारी योजनाएं दिखावटी या चुनावी भाषणों तक सीमित समझी जाती थीं, वहीं अब उनको डाटा आधारित, कानूनी रूप से समर्थित व संस्थागत रूप से प्रमाणित ढांचे में समाहित किया गया है। इस बदलाव से गांवों-गरीबों का 'सिस्टम' के प्रति भरोसा जाग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय और समावेशी विकास की यह नीति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त करने की दिशा में बड़ा बदलाव है। यह एक ऐसा 'विजन' है, जिसके परिणामस्वरूप लाभार्थी अब सिर्फ राजनीतिक लाभ का जरिया न बनकर तरक्की की कतार में शामिल हो रहे हैं।

(नवनीत सहगल, चेयरमैन, प्रसार भारती)

भारत में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बीते एक दशक में जो बदलाव आया है, उसे लगातार अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं मिल रही हैं। बीते दिनों अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा जारी किए गए आंकड़े इस बदलाव की औपचारिक पुष्टि करते हैं। साल 2015 में जहां भारत की महज 19 फीसदी जनसंख्या को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में माना जाता था, वहीं 2025 में यह बढ़कर 64.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, यानी करीब 94 करोड़ भारतीय अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। यह न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी एक उल्लेखनीय छलांग है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार सिर्फ संख्या की वृद्धि नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण में भी एक गहरा बदलाव दर्शाता है। पहले जहां ये कल्याणकारी योजनाएं दिखावटी या चुनावी भाषणों तक सीमित समझी जाती थीं, वहीं अब उनको डाटा आधारित, कानूनी रूप से समर्थित व संस्थागत रूप से प्रमाणित ढांचे में समाहित किया गया है। इस बदलाव से गांवों-गरीबों का 'सिस्टम' के प्रति भरोसा जाग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय और समावेशी विकास की यह नीति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त करने की दिशा में बड़ा बदलाव है। यह एक ऐसा 'विजन' है, जिसके परिणामस्वरूप लाभार्थी अब सिर्फ राजनीतिक लाभ का जरिया न बनकर तरक्की की कतार में शामिल हो रहे हैं।

दरअसल, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की संकल्पना पर आधारित योजनाओं से बीते 10 वर्षों में यह स्पष्ट हुआ है कि जन-कल्याण सिर्फ सरकारी जुमला नहीं है, बल्कि यह शासन की प्राथमिक



जिम्मेदारी है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी सफलता यह रही है कि उसने लोक-कल्याणकारी योजनाओं को 'डिजिटल ट्रांसफर आधारित न्याय' में बदला। 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से इस दौरान 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे गए। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा, बल्कि सरकारी योजनाओं में लोगों का विश्वास भी बहाल हुआ। सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से आयुष्मान भारत योजना तो दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है। अब तक छह करोड़ से अधिक अस्पतालों में भर्ती रोगियों का मुफ्त इलाज और 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को बीमा सुरक्षा देना यह साबित करता है कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अभिजात्य वर्ग की सुविधा से निकालकर आम नागरिक का अधिकार बना दिया है। जहां अनेक विकसित अर्थव्यवस्थाएं सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा के लिए संघर्ष कर रही हैं, वहीं भारत ने गरीब से गरीब नागरिक को गंभीर रोगों से लड़ने की शक्ति दी है।

सामाजिक सुरक्षा की दिशा में 'कोड ऑन सोशल सिक्युरिटी 2020' भी एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। यह न केवल संगठित क्षेत्र को, बल्कि गिग इकोनॉमी और असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के मार्ग खोलता है। एक आकलन के अनुसार, फूड डिलीवरी, कैब ड्राइविंग, फ्रीलांसिंग जैसे कार्यों में लगे गिग कर्मचारियों की संख्या 2030 तक 2.35 करोड़ हो जाएगी। उनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड का प्रस्ताव भारत के बदलते श्रम परिदृश्य की समझ को दर्शाता है।

इसी तरह, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन, अटल पेंशन योजना, किसान मानधन योजना और राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना जैसी योजनाएं वृद्ध नागरिकों के लिए समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही हैं। आईएलओ का सुझाव है कि सामाजिक सुरक्षा केवल आर्थिक सहायता तक सीमित न होकर जीवन की गुणवत्ता से जुड़ी होनी चाहिए। ऐसे में, हर घर जल योजना ने करोड़ों घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया, तो प्रधानमंत्री आवास योजना ने चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण करवाया। सौभाग्य योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने सामाजिक सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य को आर्थिक संरक्षण व गरिमा में परिवर्तित कर दिया है।

आईएलओ की मान्यता केवल वैश्विक तमगा नहीं है, बल्कि यह एक संकेत है कि योजनाएं तभी प्रभावी होती हैं, जब वे नागरिकों के जीवन में प्रवेश करती हैं।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इस्कॉन ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्कॉन धनबाद कुसुम विहार के द्वारा आश्रम में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने भक्तों को जीवन में गुरु के महत्व के बारे में बताया। सुंदर गोविंद प्रभु के द्वारा श्रील प्रभुपाद, जयपताका स्वामी एवं अन्य गुरु जनों की महिमा का वर्णन किया गया एवं सुंदर प्रभुजी ने भक्तों से श्री प्रभुपाद के बताए गए भक्ति मार्ग पर चलने का निवेदन किया। कथा के पश्चात भगवान को महा भोग लगाया गया एवं आरती कीर्तन के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आए भक्तों के मध्य प्रसाद वितरण किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सभी दीक्षित भक्त, आश्रम से जुड़े नए भक्त एवं कुसुम विहार इस्कॉन के सेवकों ने शिक्षा गुरु सुंदर गोविंद प्रभु से भक्ति मार्ग में चलने एवं समाज में धर्म के प्रचार प्रसार को बढ़ाने के लिए वचन दिया ।

### डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल स्वास्थ्य निदेशक बनाए गए



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल जो पूर्व में गिरिडीह में सिविल सर्जन के रूप में कार्यरत थे इसके पर उनकी पदोन्नति करते हुए सरकार ने उन्हें हजारीबाग प्रमंडल का स्वास्थ्य निदेशक बनाया गया था। वहीं उनके स्वास्थ्य निदेशक झारखंड बनने को लेकर गिरिडीह में खुशी की लहर है ।गौरतलब डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल ने गिरिडीह में दो टर्म सिविल सर्जन के रूप में कार्य कर चुके हैं तथा उनका कार्य काफी उल्लेखनीय प्रशंसनीय रहा था ।यहां बताते चलें कि डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल की पत्नी की पत्नी मधु श्री सेन सान्याल वर्तमान में महिला कॉलेज में प्रिंसिपल के रूप में पदस्थापित हैं तथा उनका यहां आवास भी है ।जिस वजह से गिरिडीह से और गिरिडीह के लोगों से वर्षों से डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल का लगाव रहा है ।उनके स्वास्थ्य निदेशक बनने से लगातार लोग डॉक्टर सान्याल और उनकी पत्नी मधुश्री सेन सान्याल को बधाइयां दे रहे हैं तथा उनके बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजपा नेता



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य और जिलाअधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नू कांत गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को यहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे अपने कार्यकर्ता और सहयोगियों साथ लेकर सिरसिया स्थित कबीर ज्ञान मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां ज्ञान को शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन और उन्हें सम्मानितकिया। कार्यक्रमों की कड़ी में वे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भी हिस्सा लिए और वहां आगंतुक अतिथियों का उद्बोधन भी हुआ। श्रीकांत यहां गिरिडीह उच्च विद्यालय के खेल मैदान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वह जिला अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ता एवं अन्य द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

### लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना गिरिडीह के तत्वाधान में आज दिनांक 09/07/25 को आयोजित जिला स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर 12 बालक, बालिका) का आयोजन सर्कस मैदान गिरिडीह में किया गया। बालक वर्ग में गांडेय प्रखण्ड की टीम ने गिरिडीह प्रखण्ड को हराकर विजयी हुए। बेंगाबाद के टीम तीसरे स्थान पर रही और बालिका वर्ग में बगोदर की टीम धनवार प्रखण्ड को हराकर विजेता बने। गिरिडीह के टीम तीसरे स्थान पर रही। टूनामेंट का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मुकुल राज द्वारा किया गया। उन्होंने खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतीक रूप में फुटबॉल में कीक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए और बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं जिला शिक्षा विभाग एव जिला फूटबाल संघ की सराहनीय भूमिका रही।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।प्रो विनीता कुमारी,स्वतंत्र निदेशक वित्त मंत्रालय जीआईसी,प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं सुरेश गुप्ता ने मां भारती एवं महर्षि वेदव्यास जी के समझ दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मंच संचालन हर्षिता राजन एवं प्रिया कुमारी ने किया।इस अवसर पर बच्चों ने गुरु के सम्मान में कई भावपूर्ण नृत्य, भजन एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि यह दिन शिक्षकों, साधु संतों और मार्गदर्शकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का श्रेष्ठ अवसर है।वेद शास्त्रों में गुरु के चरणों में 68 तीर्थों का निवास बताया गया हैं।इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति की ओर से उपाध्यक्ष डा सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने आचार्य-दीदी को वस्त्र देकर सम्मानित किया।प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि गुरु-पूर्णिमा का महत्व केवल आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक,शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी अत्यंत विशिष्ट है।गुरु का स्थान भारतीय संस्कृति में सबसे ऊंचा माना गया है।गुरु वे होते हैं जो अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश भर देते हैं। जीवन की सफलता में गुरु का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण होता है। हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख प्रदीप कुमार सिन्हा,अजित मिश्रा,राजेंद्र लाल बरनवाल,मनीषा पांडेय एवं समस्त आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

### जमुआ में सरकारी तालाब योजना की लुट बंद होने के लिए दिया गया उपायुक्त को आवेदन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अशोक पासवान जिला सचिव माले तालाब गड़बड़ बनने से दर्जनों एकड़ खेती के जमीन हो जायेंगे प्रभावित माले के जिला सचिव अशोक पासवान,ने गिरिडीह उपायुक्त को ग्रामीण विजय यादव सहित दर्जनों ग्रामीण का हस्ताक्षर किया हुआ आवेदन आज उपायुक्त कार्यालय को दिया है आवेदन में जमुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत पालमो अतंर्गत,ग्राम सुरजा अवस्थित दसौंधी तालाब के जीर्णोद्धार में भारी अनियमितता है,भारी लुट है,इसपर विस्तार से लिखित जानकारी दी है जिसने 50 की संख्या में ग्रामीण के साथ क्षेत्र के उपमुखिया,पंचायत समिति सहित पूरे ग्रामीणों से मामले को सच पाकर हस्ताक्षर किया हुआ आवेदन माले सचिव अशोक पासवान को सौंपा है। अब आगे सिंचाई कैसे होगी वह भी बड़ा सवाल है,संवेदक से चर्चा करने के बाद धमकी देते है कि मुकदमा करेंगे,जिला सचिव का कहना है इसपर तत्काल जांच होने से बड़ा खुलासा होता माले के नगर कमिटी के सचिव राजेश सिन्हा भी साथ थे उन्होंने कहा कि पूरे जिले की योजना का यही हाल है, जिस विभाग से सरकारी योजना में काम हो रहा है,उसी विभाग में लुट जारी है,इसको रोकने के लिए जल्द जांच की जरूरत है। साथ में कई साथी भी मौजूद थे।

### निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए एच.जेड.बी. आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल अस्पताल की ओर से 12 जुलाई (शनिवार) को एक निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि यह शिविर खास तौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हर महिला का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, इसी सोच के साथ यह शिविर महिलाओं के लिए समर्पित है। इस शिविर में महिलाओं को निःशुल्क परामर्श, जाँच और प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जाएगी। जांच में माहवारी संबंधी समस्याएं, प्रजनन तंत्र की बीमारियाँ, गर्भाशय व अंडाशय की जाँच, स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर स्तर और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। शिविर में अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी जो महिलाओं को आवश्यक परामर्श देंगी एवं गंभीर मामलों में आगे के उपचार की सलाह भी देंगी।

# मासिक अपराध गोष्ठी में थानेदारों को दिए सख्त निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में माह जून से संबंधित मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विगत जून माह में धनबाद पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। एसएसपी के निदेर्शानुसार विगत जून माह में किए गए कार्य एवं उपलब्धियां इस प्रकार रही है जून महीने में कुल 1167 लंबित कांडो का निष्पादन किया गया। यह अभी तक का सर्वाधिक निष्पादन का रिकॉर्ड है। उक्त रिकॉर्ड निष्पादन से जिले में लंबित कांडों की संख्या 4102 से घटकर 3613 हो गई है। लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जुलाई व अगस्त महीने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए यह निर्देश दिया है की माह अगस्त के अंत तक लम्बित कांडों की संख्या घटाकर 3000 के नीचे लाना है। कुर्की व वारंट के निष्पादन में भी विगत जून माह में बेहतर कार्य किया गया और कुल 2600 वारंट का तामिला किया गया। यातायात नियमों के पालन हेतु जारी अभियान के तहत जून माह में करीब 63 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया जो कि अभी तक का सर्वाधिक है। यह अभियान जारी रखने का निर्देश ट्रैफिक डीएसपी को दिया गया है। उन्होंने ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य अधिक जुमार्ना वसूलना नही है, बल्कि कोशिश है कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए यातायत व्यवस्था में सुधार के साथ हादसों में कमी लाना ही मुख्य उद्देश्य है और इसे हासिल करने के लिए ट्रैफिक जांच का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की सक्रियता की वजह से जून माह में कोई भी बड़ी वारदात नही हुई है। उन्होंने संगठित अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाते हुए पुलिस को सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि थाना में किसी प्रकार का कोई दलाल या बिचौलिया नजर नहीं आना चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार के साथ ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव के साथ सभी डीएसपी, सभी एसडीपीओ, सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी के अलावा विभिन्न शाखा के प्रभारी भी मौजूद थे।

## गुरु ही वह पात्र हैं, जिनमें परमात्मा की झलक मिलती है : मां ज्ञान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कबीर ज्ञान मंदिर सिहोडीह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः गुरु पूजन से हुआ। विभिन्न स्थानों से लगभग 2 हजार श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर अपने गुरुदेव का पूजन वंदन किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को बहुत ही आकर्षक रुप से सुसज्जित किया गया है अपराह्न सत्र का कार्यक्रम 3 बजे से आरम्भ हुआ। जिसमें भक्तों श्रद्धालुओं द्वारा अपने उद्गार व्यक्त किए। नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति कि गई।ओम श्री सद्गुरुवे नमः गुरुर ब्रह्मा गुरु विष्णु" पर भावनृत्य तथा "गुरु है बड़े गोविन्द से" नाट्य मंचन की प्रस्तुति की गई इस अवसर पर सद्गुरु मां ज्ञान ने उपस्थित जन समुदाय को संदेश देते हुए गुरु महिमा के बारे में बताया। उन्होंने कहा सदगुरु कबीर साहब ने अपने अनुभव के सागर से जो शब्द निकाले, वे केवल काव्य न होकर, मानव जीवन की उत्कृष्टता का दर्पण है। उनका एक अमूल्य पद हैगुरु बिन कौन बतावे बाट। अर्थात "गुरु के बिना कोई मार्ग नहीं दिखा सकता? जैसे गहरे जंगल में पथ प्रदर्शक के बिना राह नहीं मिलती, वैसे ही जीवन रूपी भटकावों से मुक्ति केवल सद्गुरु ही दे सकते हैं। वे ही सत्य की राह बताते हैं अहंकार और ईर्ष्या रूपी बादल बरस रहे हैं, और माया की आँधी जोर पकड़ रही है। इनकी वर्षा और हवा से साधक का मन डगमगा जाता है, उसकी एकाग्रता और शांति नष्ट हो जाती है इन सभी बाधाओं के बीच मार्ग केवल एक है - गुरु।

## गिरिडीह में भारी बारिश के बीच कांग्रेस भवन का हुआ भव्य उद्घाटन, कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने की शिरकत



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारी बारिश के बीच बुधवार को जिला कांग्रेस कमिटी के नए कार्यालय भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, विधायक श्वेता सिंह, पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि यह भवन सिर्फ कांग्रेस का कार्यालय नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं के समाधान का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी झारखंड में पार्टी को मजबूत करने को लेकर गंभीर हैं और यह भवन संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कांग्रेस के लिए शुभ संकेत बताया। उन्होंने कहा कि कभी गिरिडीह में कांग्रेस के विधायक हुआ करते थे, लेकिन संगठनात्मक कमजोरी के चलते यह स्थिति आई। अब पार्टी दोबारा मजबूत हो रही है और जल्द ही राजनीतिक हालात बदलेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कार्यालय को जनता से जुड़ा बताते हुए कहा कि इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को बेदखल कर जामताड़ा में कार्यालय बनाया, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता चंदा जुटाकर कार्यालय बनाते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सांसद व विधायक ने जताया गहरी संवेदना**

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पांडेयबारा पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता संजय पांडेय का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रांची स्थित रिम्स में हो रहा था। उनका अंतिम संस्कार आज बनारस में किया जाएगा। स्वर्गीय संजय पांडेय भाजपा के निष्ठावान, कर्मठ और जनसेवा में सदैव तत्पर रहने वाले कार्यकताओं में गिने जाते थे। उनका जीवन बेहद संघर्षमय और पीड़ादायक रहा। कुछ ही समय पहले उनके इकलौते पुत्र का असामयिक निधन हुआ था, जिसकी पीड़ा से वे उबर भी नहीं पाए थे कि आज स्वयं भी दुनिया को अलविदा कह गए। पहले से ही उनके दोनों पैर दुर्घटना में टूट चुके थे, फिर एक और हादसे में वे पुनः घायल हुए।

## गिरीडीह में अनाज भंडारण केंद्र का औचक निरीक्षण



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद केंद्र सरकार की खाद्य आपूर्ति टीम ने बुधवार को बेंगाबाद अनाज भंडारण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व संतोष कुमार मीणा ने किया। उनके साथ राहुल कुमार, दीपक भारद्वाज, डीएसओ गुलाम समदानी, बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, एजीएम पवन वर्मा, मुरारी राम और निर्मल साव भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही सामने आई। गोदाम में गंदगी, अव्यवस्था और खराब प्रबंधन देख टीम ने नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद एजीएम पवन वर्मा को फटकार लगाई गई और जवाब-तलब किया गया टीम ने अनाज के रख-रखाव, कीटनाशक के प्रयोग, स्टॉक की स्थिति और सुरक्षा उपायों की गहन जांच की। बरसात के मौसम में नमी से बचाव के लिए कोई प्रभावी इंतजाम नहीं पाए गए। अग्निशमन यंत्र और अलार्म सिस्टम भी खराब हालत में मिले। चूहों से बचाव की व्यवस्था बेहद कमजोर थी और गोदाम में कबूतर व अन्य पक्षियों ने घोंसले बना रखे थे, जिससे भीतर गंदगी फैली हुई थी। टीम ने है सख्त निर्देश दिए कि अनाज को अलग-अलग लॉट में व्यवस्थित किया जाए और दीवार से उचित दूरी बनाकर रखा जाए। साथ ही स्टॉक पंजी, आयात-निर्यात पंजी और भारतीय खाद्य निगम से मिले आवंटन का भी गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को अनाज आपूर्ति में किसी तरह की परेशानी न हो और किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद टीम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी कमियों को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है और अब व्यवस्था में सुधार को लेकर तत्परता देखी जा रही परंतु जांच भी शक के दायरे में है गिरिडीह में अनाज की घोटाले की भरमार है बड़े-बड़े घोटाले हुए परंतु इसका शुद्ध कोई नहीं दे रहा जहां टीम भी कोई संतोषजनक जांच नहीं किया गया दिल्ली से आए जांच टीम 2 दिन गिरिडीह में रहे पर किसी से मुलाकात होने नहीं दिया कामेश्वर पासवान का कहना है कि यस टीम डीएसओ से गुप्त मीटिंग कर बिना जानकारी दिए ही चले गए नहीं कोई प्रेस वार्ता की गई नहीं लोगों को जानकारी दी गई क्या-क्या गड़बड़ियां पाई गई अनाज से संबंधित कौन-कौन से जगह उन्होंने जांच किया उसमें क्या गड़बड़ियां पाई गई सभी चीजों को उजागर नहीं किया गया में आखिर ऐसा क्या था जो प्रेस वार्ता नहीं की गई प्रेस वाले को भी दूर रखा गया जमुआ में इतने बड़े घोटाले हुए अनाज के लेकिन इसका सूद लेने वाला कोई नहीं देखा जाएगा अभी जांच से गिरिडीह की जनता को क्या लाभ मिलती है क्या सही अनाज गरीब लोगों तक पहुंच पाएगी या नहीं।

## हनुमान आराधना के साथ 'सात्विका' के वर्ल्ड-क्लास मॉल की आधारशिला



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना के दीघा क्षेत्र में 'सात्विका ग्रुप' द्वारा प्रस्तावित एक विश्वस्तरीय, अल्ट्रा-लग्जरीयस मॉल 'सात्विका एलिगेंस' की आधारशिला गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हनुमान आराधना के साथ रखी गई। यह कार्यक्रम पोल्सन डेयरी के समीप, रेल परिसर के सामने, दीघा (पटना-800011) स्थित प्रस्तावित स्थल पर धार्मिक विधियों और मंगल वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक मॉल बहुत बारे क्षेत्र में विकसित किया जाएगा, जिसमें शॉपिंग, एंटरटेनमेंट, डाइनिंग, और लग्जरी ब्रांड्स के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सात्विका ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दिया जा रहा है, जो इसे पटना ही नहीं, पूरे देश के प्रमुख मॉल्स की श्रेणी में लाने हेतु संकल्पबद्ध हैं। इस अवसर पर श्री सुबोध वर्मा ने कहा सात्विका एलिगेंस केवल एक मॉल नहीं, बल्कि एक अनुभव होगा। यह पटना के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बनेगा। हम इस परियोजना को संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का समावेश बनाकर प्रस्तुत करेंगे।

## स्लम के बच्चों का सच हुआ सपना : आचार्य सुदर्शन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'हमें भी पढ़ाओ' के गरीब बच्चों ने जगनपुरा स्थित आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल के विशाल प्रांगण में अपने गुरु के सम्मान में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों ने अपने गुरु राज ऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के सम्मान में विभिन्न प्रकार के गीत संगीत एवं बच्चियों ने कई सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया । इस अवसर पर श्री संजीव प्रसाद टोनी जी ने समारोह में भाग लेकर इन गरीब बच्चों का उत्साहवर्धन किया । श्री संजीव प्रसाद टोनी जी ने 'हमें भी पढ़ाओ' के इन बच्चों के सुनहरे भविष्य की कल्पना की उन्होंने इन बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री के द्वारा 'हमें भी पढ़ाओ' के इस योजना के द्वारा स्लम के गरीब बच्चों के लिए यह एक निःशुल्क योजना है जिससे यह गरीब बच्चे शिक्षित होकर समाज के मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने हजारों बच्चे की उपस्थिति में घोषणा कि की आज स्लम के बच्चों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने की आवश्यकता है। पिछले 25 वर्षों से 'हमें भी पढ़ाओ' के कार्यकर्ता स्लम एवं दलित बस्तियों में जाकर सड़क पर भटकते, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशनों पर भटकते बच्चों को बटोर कर लाते रहे हैं और उन्हें पढ़ाते रहे हैं। अब तक सैकड़ों केंदों पर पढ़कर हजारों बच्चे मुख्य धारा में जुड़े हैं और इनमें से अनेक बच्चे सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य यह है कि बिहार में सभी स्लम बस्तियों में 'हमें भी पढ़ाओ' की शाखाएं खोली जाए । इस कार्य को और सफलतापूर्वक चलाने के लिए समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों को आज आगे आने की आवश्यकता है ताकि स्लम के भटकते हुए बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ा जाए। जिस दिन इन बच्चों के हाथ में किताब और कलम आ जाएगी उस दिन उनके जीवन का यह सपना पूरा हो जाएगा। इस मौके पर उनके साथ बिहार के कई समाजसेवी नेता भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### डॉ. अशोक कुमार ने नए सिविल सर्जन के रूप में संभाला कार्यभार

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले को नया सिविल सर्जन मिला है। डॉ. अशोक कुमार ने मंगलवार को हजारीबाग सिविल सर्जन के पद पर औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद डॉ. कुमार ने कहा कि उनका प्राथमिक उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिले के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करने की बात कही और कहा कि जनता को सुलभ, सुरक्षित और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब योजना: पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने एवं आवेदन समय से जमा करने संबंधी निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता हेतु प्रखंड कार्यालय या जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब योजना, झारखंड सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना, ग्रामीण युवाओं को खेल से जोड़ना तथा विभाग द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों का संपादन करना है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि जिले के सभी ग्रामों के सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का पंजीकरण सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत सुनिश्चित किया जा सके और सभी ग्राम इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें वर्तमान में जिले में 72 युवा क्लब पंजीकृत हैं तथा कई अन्य क्लबों के आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिन्हें शीघ्र ही पंजीकृत किया जाएगा। पंजीकृत क्लबों के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान राशि प्रति निबंधित क्लब ₹ 25000.00/- गिरिडीह जिला को प्राप्त हो चुकी है तथा यह राशि संबंधित क्लबों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जारी है। यह अनुदान क्लबों को ग्राम से जिले स्तर तक खेलकूद के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक एवं साहित्यिक कार्य जो विभाग द्वारा निर्देशित है के संपादन हेतु प्रदान किया जा रहा है। गिरिडीह जिला उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि क्लबों के पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि शेष ग्रामों के क्लबों का पंजीकरण शीघ्रता से पूर्ण हो सके जिला खेल पदाधिकारी, गिरिडीह द्वारा अनुरोध किया जाता है कि जिन ग्रामों में अभी तक क्लब पंजीकृत नहीं हुए हैं, उनके संबंधित सदस्य पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र ही सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पूर्ण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पंजीकरण के लिए सभी आवेदन प्रखंड स्तर से जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह में समय से जमा कराए जाएँ, ताकि झारखंड सरकार की इस महत्त्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी ग्रामों एवं युवाओं तक पहुँच सके। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता हेतु प्रखंड कार्यालय या जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

## सुरेखा स्कूल की पूर्व छात्रा कल्पना नायक का एनआईएफटी 2025 में चयन, फैशन डिजाइनिंग में बनाएंगी करियर



**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बहेरा स्थित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा कल्पना नायक ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी 2025 की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन की। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एंटीए) द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कल्पना ने बैचलर ऑफ डिजाइन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन दिया था। जिसमें कल्पना ने कुल 53.08 अंक प्राप्त करते हुए कॉमन मेरिट रैंक 4444 एवं ओबीसी कैटेगरी मेरिट रैंक 984 प्राप्त की है। प्रदर्शन के आधार पर इनका नामांकन देश के प्रतिष्ठित फैशन संस्थानों में दाखिले के लिए कॉउंसलिंग किया जा चुका है। बता दें कि कल्पना नायक प्रखंड के ग्राम सिंहपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. ललन प्रसाद की पुत्री शिला देवी की छोटी पुत्री है। इनके पिता महेंद्र नायक मयूरहण्ड प्रखंड के भाजपा मंडल के अध्यक्ष हैं। कल्पना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, बहेरा से प्राप्त की,जहां से 2022 में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। इसके बाद संत जेवियर कॉलेज, रांची से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करते हुए उन्होंने एनआईएफटी 2025 की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। कल्पना ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाना था। इस उपलब्धि से उत्साहित होकर उन्होंने आगे भी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की बात कही।

## गुरु पूर्णिमा पर सांसद मनीष जायसवाल ने किया गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत

**बड़ा अखाड़ा में लिया महंत और पुजारियों का आशीर्वाद**



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को बड़ा अखाड़ा मठ पहुंचकर भारतीय संस्कृति की अनुपम गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत किया। उन्होंने बड़ा अखाड़ा ठाकुर बाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर पुजारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास जी महाराज सहित पुजारी आनंद प्रकाश पांडेय, धनंजय प्रकाश पांडेय और सत्यम प्रकाश पांडेय को अंग-वस्त्र ओढ़ाकर और गुरु दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान महंत विजयानंद दास ने सांसद मनीष जायसवाल को गले लगा लिया। जो भारत की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा के मनोरम दृश्य को जीवंत कर रहा था।

**गुरु-सम्मान के उपरांत सांसद ने व्यक्त की प्रसन्नता**

गुरु-सम्मान के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धर्म गुरु महंत विजयानंद दास जी और मंदिरों के पुजारियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। आज मन बड़ा प्रसन्न है ।

**धर्म के मयार्दा में सांसद मनीष जायसवाल की सहभागिता सराहनीयः महंत विजयानंद दास**

बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने सांसद को आशीर्वाद देते हुए कहा कि धर्म की मयार्दा के पालन में विशेष रूप से गुरु का पूजन व्यक्ति को सर्वोच्चता की ओर ले जाता है। जो व्यक्ति बुद्धिहीन समझकर अपने आपको समर्पित भाव से श्रद्धा और विश्वास का पुष्प गुरु के चरणों में चढ़ाता है, निश्चित रूप से वह दिव्य और अलौकिक स्थान पर सर्वस्व स्थापित करता है। महंत जी ने सांसद जायसवाल के 'सांसद तीर्थ दर्शन' महाअभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं अपने सांसद मनीष जायसवाल को ढेरों आशीर्वाद और मंगलकामना प्रेषित करता हूं कि सर्वोच्च शिखर पर स्थापित होकर धर्म की मयार्दा में अपनी सहभागिता जिस प्रकार निभा रहे हैं उसमें और उच्च कोटि के साथ धर्म की मयार्दा में अपनी सहभागिता निभाते रहें। जन-जन का सेवा ही सर्वोच्च मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का सेवा है। इन्होंने जो माता-बहनों और बुजुर्गों को सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थाटन का संकल्प लिया है, वह अलौकिक और दिव्य है। इसका वर्णन धर्म के एक-एक पग जो तीर्थयात्री चलते हैं, वह यज्ञ के समान होता है और उस यज्ञ का पुण्य- प्रताप सांसद और उनके सहयोगियों को मिलता है।

# सरकार जल्द ही तेल कंपनियों को एलपीजी के नुकसान की कर सकती है भरपाई

## सरकार पिछले 15 महीनों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकारी तेल कंपनियों को 30,000-35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सरकार पिछले 15 महीनों में लागत से कम कीमत पर एलपीजी बेचने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकारी तेल कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को 30,000-35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे सकती है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय नुकसान की वास्तविक भरपाई और उसकी भरपाई की व्यवस्था पर काम कर रहा है।

1 फरवरी को पेश किए गए वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) के केंद्रीय बजट में, सरकार ने घाटे की भरपाई के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। हालाँकि, अप्रैल में, सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग वित्त मंत्रालय एलपीजी घाटे की भरपाई के लिए कर सकता है। अधिकारी ने कहा, तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसी) सरकारी परिवार का हिस्सा हैं। क्षतिपूर्ति होगी। हम मूल्यांकन कर रहे हैं कि कितना घाटा हो रहा है और उन्हें क्षतिपूर्ति के तौर-तरीकों पर विचार कर रहे हैं।



घरेलू परिवारों को ऊँची बाजार दरों से बचाने के लिए सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित करती है। नियंत्रित कीमतें सऊदी अरब के सीपी - घरेलू एलपीजी की कीमत तय करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मानक - से कम हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थानीय माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और ईंधन का आयात करना पड़ता है।

इससे घाटे की भरपाई होती है और परिणामस्वरूप ईंधन खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है। वित्त वर्ष 2024-25 में एलपीजी उद्योग की बिक्री पर कुल घाटा लगभग 40,500 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी के साथ, खुदरा एलपीजी की कीमतों में भी 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इससे लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को कम करने में मदद मिली है, जिससे चालू वित्त वर्ष में घाटे में कमी आई है।

इससे पहले, सरकार दो वित्त वर्षों में कुल 35,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी देने पर विचार कर रही थी। अधिकारी ने आगे कहा कि वे इस बात का मूल्यांकन कर रहे हैं कि हालिया उत्पाद शुल्क वृद्धि से प्राप्त राशि को मुआवजे की राशि में कैसे शामिल किया जाए।

यह पूछे जाने पर कि क्या तेल विपणन कंपनियों को मुआवजा भारत के समेकित कोष के माध्यम से दिया जाएगा, अधिकारी ने कहा, हाँ, मोटे तौर पर इसी तरह। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद, इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

सरकार समय-समय पर आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को इन घाटे की भरपाई करती है। इन तीनों को पहले वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए 22,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था। यह 28,249 करोड़ रुपये के घाटे के विरुद्ध था। अधिकारी ने आगे कहा कि एक बार तेल विपणन कंपनियों को धनराशि जारी हो जाने के बाद, यह उनका विशेषाधिकार होगा कि वे पूंजीगत व्यय सहित, धनराशि का उपयोग कैसे करना चाहती हैं।

## आईडीबीआई बैंक का निजीकरण जल्द, सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन वर्षों से चल रही है। बैंक की रणनीतिक बिक्री की प्रकिया अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। सरकार ने उन निवेशकों के लिए शेयर खरीद समझौते पर चर्चा पूरी कर ली है

आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री की प्रकिया अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने उन निवेशकों के लिए शेयर खरीद समझौते पर चर्चा पूरी कर ली है, जो वित्तीय बोलियां लगाने वाले हैं।




आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन वर्षों से चल रही है।अक्टूबर 2022 में सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। इस प्रक्रिया के तहत सरकार और LIC की कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। इसमें सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

अधिकारी ने बताया कि फिलहाल डेटा रूम की ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया चल रही है और सरकार जल्द ही वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी। अक्टूबर 2022 में ईओआई आमंत्रित करने के बाद, जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को कई ईओआई प्राप्त हुए थे। आईडीबीआई बैंक के संभावित खरीदार को पहले ही गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिल चुकी है। और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी उपयुक्त एवं उचित मूल्यांकन घोषित कर दिया है। बीएसई में आईडीबीआई बैंक के शेयर 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.50 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

## अनिल अंबानी की कंपनी को केनरा बैंक से राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केनरा बैंक ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को सूचित किया कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाले खाते के रूप में वर्गीकृत करने के अपने फैसले को वापस ले लिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। केनरा बैंक ने गुरुवार को




बॉम्बे हाईकोर्ट को सूचित किया कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाले खाते के रूप में वर्गीकृत करने के अपने फैसले को वापस ले लिया है। व्यवसायी और बैंक के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। अब फ्रॉड खाते का टैग हटना अनिल अंबानी की कंपनी के लिए एक बड़ी राहत है। केनरा बैंक ने अनिल अंबानी के दिवालिया दूरसंचार उद्यम रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी इकाई के ऋण खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया था, क्योंकि 2017 में बैंक से लिए गए 1,050 करोड़ रुपये के ऋण का कथित रूप से दुरुपयोग किया गया था। ये ऋण मूल रूप से पूंजीगत व्यय और कंपनी के मौजूदा ऋण का भुगतान करने के लिए स्वीकृत किए गए थे। केनरा बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को 5 नवंबर, 2024 को लिखे अपने पत्र में कहा था, उक्त ऋणों और ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने के बाद, आपकी कंपनी ने डिफॉल्ट किया और स्वीकृत नियमों व शर्तों का उल्लंघन किया।

# नये युग का आईटीएम, स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्ररोच के साथ कर रहा काम

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अनुभवी और कुशल फैकल्टी, नवाचार और छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए जाना जाता है।

आज भारत वर्ष 2047 का रोडमैप लेकर चल रहा है। सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी है कि हम अपने परम्परागत दृष्टिकोण में बदलाव करते हुए आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपने जीवन में सम्मलित करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) अपने छात्रों को नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से डायनामिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

आईटीएम के चेयरमैन निशांत थपलियाल कहते हैं, हमारा संस्थान स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्ररोच के साथ काम कर रहा है ताकि बदल रहे भारत के साथ यहां के छात्र कदमताल कर सकें।

आईटीएम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अनुभवी और कुशल फैकल्टी, नवाचार और छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए जाना जाता है। संस्थान अपने छात्रों को अगले पांच साल के लिए तैयार कर रहा है ताकि वो बाजार की




मांग के अनुरूप तैयार हो सकें। इसके तहत छात्रों को विश्वविद्यालय के तय कोर्स के अलावा छात्रों को स्किल्ड बनाने, वैक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में सक्षम बनाने के लिए प्रयास किये जाते हैं। इसके सकारात्मक परिणाम रहे हैं और विगत कई वर्षों से आईटीएम में 100 फीसदी कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है।

चेयरमैन निशांत थपलियाल के मुताबिक आज विज्ञान का दौर है। तेजी से बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में संस्थान डायनाजिम में विश्वास करता है। हालांकि सेलेबस बदल गया है, लेकिन चेंज इतनी जल्दी हो रहा है कि नया सेलेबस भी पुराना हो जाता है। नवाचार और शोध ने शिक्षा के स्वरूप को बदल दिया है। एक नई तकनीक दूसरी तकनीक को पीछे छोड़ रही है। ऐसे में आईटीएम अपने छात्रों को भविष्य की तकनीक से जोड़ने का काम कर रहा है।

संस्थान का मानना है कि तकनीक सीखने की जरूरत है। मसलन आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) से डरना नहीं है, सीखना है। यही कारण है कि संस्थान ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस से करार किया है। टीसीएस संस्थान के छात्रों को आर्टिफिशल इंटेलीजेंस(एआई), डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसे कोर्स भी करा रहा है ताकि संस्थान में आज पढ़ रहा छात्र 2030 के भारत के लिए तैयार रहे।

टीसीएस के इस कोर्स के तहत देश की प्रमुख 4200 कंपनियों में काम करने का अवसर मिलता है। आईटीएम में देश की प्रमुख आईटी कंपनियां टीसीएस, विप्रो, इंफोएसिस समेत 200 से भी अधिक कंपनियों के साथ कैंपस प्लेसमेट के लिए करार किया है।

आईटीएम बेहद वाजिब फीस में संस्थान छात्रों को बेहतरीन और अत्याधुनिक सुविधाएं दे रहा है। संस्थान में स्मार्ट और डिजिटल क्लासरूम, लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी, सेमिनार हाल, कंप्यूटर लैब, और अन्य तमाम संसाधन मौजूद हैं। क्लासरूम में छात्र-टीचर रेसियो सबसे बेहतरीन है। छात्रों के साथ विभिन्न कंपनियों के एचआर, मैनेजर, टेक्निकल एक्सपर्ट का संवाद कराया जाता है। वर्कशॉप होती हैं और इंडस्ट्रियल टूर भी। वैक्तित्व विकास के लिए नाटक, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी होती हैं। इसके अलावा आईटीएम खेलों के लिए भी अलग पहचान बनाए हुए है।

बीबीए, बीसीए, बीएससी आईटी, बी.कॉम आनर्स, बी.कॉम, बीएचएम, बीए योग, बीए आनर्स, जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन, बीएफए, बीबीए कारपोरेट, बीए ऑल स्ट्रीम, बी. लिब, बीएससी एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया।

## 25000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में देश का सबसे बड़ा बैंक, रिपोर्ट्स में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संपत्ति के लिहाज से देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक, अगले सप्हात संस्थागत क्यूआईपी के जरिए निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये (2.9 अरब डॉलर) के शेयर बेचने की तैयारी कर रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

संपत्ति के लिहाज से देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक, अगले सप्हात संस्थागत क्यूआईपी के जरिए निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये (2.9 अरब डॉलर) के शेयर बेचने की तैयारी कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार यह देश का अपनी तरह का सबसे बड़ा सौदा हो सकता है।




ब्लूमबर्ग की ओर से इकट्ठा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अगर योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी होगा। यह 2015 में कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से की गई 225.6 अरब रुपये की बिक्री से भी आगे निकल जाएगा। बैंक के बोर्ड ने मई में इस बिक्री को मंजूरी दी थी। सूत्रों के अनुसार, योजनाएं अभी अंतिम रूप नहीं ले पाई हैं और इनमें बदलाव हो सकते हैं। इस मामले में एसबीआई की ओर से फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

मामले की जानकारी रखने वालों के अनुसार, यह बिक्री एसबीआई की ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने, अपनी बैलेंस शीट को मज़बूत करने और नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने की व्यापक योजनाओं का हिस्सा है। 2017 के बाद यह पहली सरकार के स्वामित्व वाले इस ऋणदाता ने शेयर बाजार से पैसे जुटाने की योजना पर काम कर रहा है।

# भारत-आसियान एफटीए समीक्षा में तेजी की उम्मीद, पीयूष गोयल ने मलेशियाई मंत्री के साथ की चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और आसियान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होने वाली है। उन्होंने इस मुद्दे के ऊपर मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ बैठक की है।

भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होन की उम्मीद है। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को बताया कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा चल रही है और वह वार्ता में तेजी लाने के लिए उत्सुक हैं।

गोयल और मलेशिया के उनके समकक्ष टी. जफरुल अजीज के बीच बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा। गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर इससे संबंधित एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ सार्थक बैठक हुई। मलेशिया, आर्थिक मामलों पर आसियान में भारत का स्थायी समन्वयक है। उन्होंने आगे कहा कि हमने दोनों देशों के बीच व्यापक



आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की।

मंत्रियों ने आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि समीक्षा वार्ता धीमी गति से आगे बढ़ रही है। समझौते की समीक्षा भारतीय उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग है। भारत एक उन्नत समझौते की उम्मीद कर रहा है, जो द्विपक्षीय व्यापार में मौजूदा विषमताओं को दूर करेगा और व्यापार को अधिक संतुलित व टिकाऊ बनाएगा।

### 2010 में लागू हुआ था दोनों पक्षों के बीच यह समझौता

आसियान के सदस्यों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत और 10 देशों के समूह आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के बीच वस्तुओं के क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किये गये थे। आसियान व्यापार समझौता जनवरी 2010 में लागू हुआ। अगस्त 2023 में, दोनों पक्षों ने 2025 तक वस्तुओं पर मौजूदा समझौते की पूर्ण समीक्षा की घोषणा की।

# टीसीएस के नतीजों से पहले शुरुआती कारोबार में बाजार में गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे क्योंकि निवेशक नतीजों के मौसम की शुरुआत से पहले अलग-थलग रहे। आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस आज दिन में अपनी पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 76.99 अंक गिरकर 83,461.90 पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 23.15 अंक गिरकर 25,452.95 पर आ गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, इंफोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा पिछड़ गए। हालाँकि, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे।

बाजार उस संकीर्ण दायरे को तोड़ने की संभावना नहीं है जिसमें यह एक महीने से अधिक समय से कारोबार कर रहा है। वैश्विक बाजारों की मजबूती और भारतीय बाजारों में निरंतर पूंजी प्रवाह, इस दायरे के निचले स्तर पर बाजार को सहारा दे सकते हैं। अमेरिका और



भारत के बीच व्यापार समझौते की सकारात्मक खबरों के चलते निफ्टी 25,500 के ऊपरी दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर निकल सकता है। लेकिन बाजार ने इसे आंशिक रूप से कम करके आंका है और इसलिए, यह निफ्टी 25,500 से आगे की तेजी को बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगा, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा।

उन्होंने कहा कि आज से नतीजों का मौसम शुरू हो रहा है और नतीजों के बाद शेयर बाज़ार में कई तरह की हलचल देखने को मिलेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा भारत, बुधवार को ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ पत्र जारी किए गए देशों की सूची में अब तक शामिल नहीं है।

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि जापान का निक्केई 225 इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुआ। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, बाजार दो प्रमुख कारकों से प्रेरित हैं- टैरिफ का खतरा और टीसीएस द्वारा 10 जुलाई को बाजार खुलने के बाद पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत गिरकर 70.15 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 176.43 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 46.40 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,476.10 अंक पर बंद हुआ।

# गुरु पूर्णिमा के मौके पर कार्यक्रमों की रही धूम

**नबिटा टीम**

**खूंटी/पाण्डु /मेदिनीनगर (पलामू)**। जिला के महर्षि में हीं आश्रम मलियादा और शबरी कुटिया शांतिपुरी मुरहू में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सभी सत्संगियों ने सद् गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण -पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं,उसका जीवन शुरू नहीं। गुरु ही जीवन के अंधकार को दूर कर प्रकाश भरते हैं।

गुरु शिक्षा के साथ -साथ जीवन के उद्धार की बात बताते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यासजी के जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। वेदव्यास जी ने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग बताया। सद्गुरु महर्षि में ही परमहंस जी महाराज ने सत्संग और ध्यान का मार्ग बताकर हमें इस मानव जीवन के कल्याण की युक्ति बताई है।

स्वामी वैष्णवानंदजी महाराज ने कहा कि गुरु इहलोक - परलोक दोनों को सुधारने का मार्ग बतलाते हैं। महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेदव्यास जी ने महाभारत - पुराणों आदि ग्रंथों की रचना की, और जगत में सच्चे ज्ञान ज्ञान का प्रसार किया। माता शबरी - मीराबाई आदि की गुरु भक्ति की बातें बताई।

उन्होंने कहा कि हमे अपने गुरु के निदेर्शानुसार भक्ति करने से शीघ्र पूर्ण फल मिलेगा। लोदरो बाबा, मुरली धर बाबा,दिगंबर बाबा आदि ने भी गुरु पूर्णिमा पर अपने प्रवचन में जीवन में सद् गुरु की अनिवार्यता पर बल दिया, गुरु ही जीवन में सुख-शांति और मोक्ष प्राप्त करने की युक्ति बताते हैं।मौके पर डॉ डीएन तिवारी, राम हरि साव, डॉ रमेश वर्मा, मूचीराय मुंडा, कांडे मुंडा,चमरा मुंडा,सुखराम मुंडा, विष्णु मुंडा, सूरजमल आदि उपस्थित थे।



**पांडू (पलामू) से संवाददाता के अनुसार** पांडू मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड के चर्चित वेणुगोपाल मंदिर बृद्धखैरा, झारखण्ड विश्वनाथ मंदिर तिसीबार, दुर्गा मंदिर पांडू, शिव मंदिर मुसीखाप, बजरंगबली मंदिर सिलदिली के पुजारियों को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। मंडल संयोजक श्यामकिशोर सिंह ने कहा कि भाजपा जिला कमिटी के निर्देश पर यह कार्यक्रम किया गया।उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु व संतों को सम्मानित करने से परम संतुष्टि मिलती है।



मौके पर प्रभारी शंभू शरण सिंह, मंडल सह संयोजक श्रीराम गुप्ता, अवधेश सिंह, बैजनाथ सिंह, अयोध्या ठाकुर, चंदन सिंह, बीरन भुंईया, रामचंद्र राम, महेंद्र विश्वकर्मा, प्रसाद विश्वकर्मा, विनय सिंह, सूबा सिंह, भीखू पासवान के अलावे अन्य कई शामिल थे।



**मेदिनीनगर (पलामू) से संवाददाता के अनुसार** अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा गायत्री शक्तिपीठ सूदना में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा के पूर्व बुधवार को प्रातः 6 बजे से संध्या 6 बजे तक बारह घंटे का अखंड गायत्री मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इसमे सक्रिय गायत्री परिवार के परिजनों ने भाग लिया।

इसमे मुख्य प्रबंध ट्रस्टी देवेंद्र कुमार वर्मा, ट्रस्टी रवीन्द्र मित्तल, दिनेश चंद्रवंशी, महिला मंडल अध्यक्ष शशि प्रभा, सहायक ट्रस्टी सरिता मेहता, कुंती देवी, मीरा सिंह, उर्मिला श्रीवास्तव, रीमा शुक्ला, सीमा तिवारी, आरती पांडेय, अर्चना देवी, चंपा देवी, वैष्णवी देवी, सुनीला सहाय, संगीता देवी, संजू देवी, अनिता देवी, अशोक मेहता आलोक रंजन राजेंद्र जैसवाल विनय शर्मा आदि गायत्री परिजनों ने भाग लिया।

गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे से हवन यज्ञ, गुरु पूजन व 11 बजे से प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर गायत्री परिवार ने गुरु श्री राम शर्मा जी आचार्य की पूजा की। साथी अपने श्रद्धा भक्ति दिखाई।पंच कुंडीय यज्ञ तीन पालियों में संपन्न हुआ।

शाम 5 बजे दीप महायज्ञ व आरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार शामिल हुए।

यज्ञ कार्यक्रम का संचालन परिवार्जक रंजय कुमार सिंह व अंबिका सिंह ने संपन्न कराया। उपर्युक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गायत्री परिजन रवीन्द्र कुमार मित्तल, उमाशंकर शर्मा, संजय सिन्हा, सुशील यादव, देवेन्द्र कुमार वर्मा, बजरंगी मेहता, योगेश श्रीवास्तव, जया, नितेश कुमार, दिनेश चन्द्रवंशी, पूर्णिमा कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# दो साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

## नगदी सहित बाइक एवं दर्जनों एटीएम कार्ड बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची** ।कोतवाली थाना की पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनसे पूछताछ में ठगी तथा ठगों के रैकेट का पता चला है। मामले में कोतवाली थाना में पदस्थापित अनुज प्रसाद यादव के बयान पर केस हुआ है।अनुज प्रसाद यादव ने अपने बयान में कहा है कि एक बाइक पर दो युवकों को देखा गया है जो कि शहर के अलग अलग एटीएम के बाहर संदिग्ध हालत में मौजूद थे। पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान दोनों युवकों को शहीद चौक के पास रोका गया। दोनों बाइक छोड़ कर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

पकड़े जाने पर आरोपितों ने अपना नाम दीपक कुमार हिमांशु और संजीव कुमार बताया। दोनों आरोपित बिहार के गया जिला के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों अरोपितों के पास से एक लाख 60 हजार रुपये, बाइक और दर्जनों एटीएम कार्ड,पासबुक बरामद किए हैं।

पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि दो वर्ष पहले इंदौर में एक माल में रूद्र नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों आरोपित अपने गांव चले आए थे। दोनों आरोपित रूद्र से फोन से संपर्क में रहते थे।

कुछ दिनों बाद रूद्र ने फोन कर उन्हें बताया कि एक काम करने से बहुत पैसा मिलेगा। दोनों आरोपितों ने काम के बारे में पूछा तो रूद्र ने बताया कि वह ट्रेडिंग के माध्यम से साइबर अपराध के तहत लोगों से ओटीपी मांगकर ठगी का काम करता है।

जिसके बैंक के खाता में पैसा जाता है उसे तीन प्रतिशत कमीशन के रुप में दिया जाता है। दोनों आरोपितों ने रूद्र को अपना खाता दे दिया और कमीशन लेने लगे। दोनों आरोपितों के खाता में जो पैसा आता था ,उस पैसा को दोनों आरोपित सीडीएम में जाकर जमा कर देते थे।

दोनों ने अपने गांव के लोगों को ठग कर उन्हें पैसा और प्रलोभन देकर फर्जी तरीके से उन लोगों से बैंक का खाता खुलवाया, नया सीम जारी करवाकर बैंक बाता को नए सिम से लिंक कर सारा नियंत्रण अपने पास रख लिया। उसी खाता में ठगी का पैसा मंगवाने लगे।

# मनरेगा की हजारों योजनाएं ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम से संचालित योजनाओं की स्थिति बदतर हो गई है। योजना मद में आवंटन नहीं आ रहा है। वेंडरों ने सामग्रियों की आपूर्ति करने से इनकार कर दिया है।

सामग्री मद में पिछले एक साल से फूटी कौड़ी का आवंटन नहीं हुआ है। वेंडर का 21.99 करोड़ रुपये बकाया हो गया है। कुछ महीनों से मजदूरों की मजदूरी का भी आवंटन नहीं आ रहा है। उनका भी 2.63 करोड़ रुपये का बकाया हो गया है।

राशि के अभाव में कूप निर्माण की करीब ढाई हजार और बिरसा हरित ग्राम की तीन हजार से अधिक योजनाएं ठप हैं। बिरसा हरित ग्राम की योजनाएं वर्मी कंपोस्ट और आम के पौधों की प्रतीक्षा कर रही हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए 16 सौ एकड़ भू-खंड की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

प्रति एकड़ 112 पौधा रोपण किए जाएंगे। सामग्री मद में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 का 16.87 करोड़ से अधिक का बकाया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 4.04 करोड़ का बकाया हो चुका है।

इस प्रकार दोनों को मिला दिया जाए, तो 21.99 करोड़ रुपये हो जाते हैं। वहीं मजदूरी मद में गत वित्तीय 2024-25 का 1.07 करोड़ तथा चालू वित्तीय वर्ष का 1.56 करोड़ अर्थात दोनों वित्तीय वर्ष को मिलाकर 2.63 करोड़ की राशि हो गई है। स्थिति ऐसी हो गई है कि वेंडर सामग्री आपूर्ति करने में हिचक रहे हैं, तो मजदूर मजदूरी नहीं कर रहे हैं।

## कार्रवाई का आदेश

**पिछरी**। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि प्राप्त करने के बावजूद कई लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को डीडीसी के निर्देश पर डीटीओ एवं बीडीओ ने पिछरी उतरी पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में पांच लाभुकों के आवास स्थलों की जांच की। जांच के दौरान रोहनियाडीह की लाभुक बेबी देवी रोजगार के सिलसिले में छह माह से राज्य से बाहर पाई गईं। उन्होंने 40 हजार रुपये की निकासी की थी, लेकिन आवास निर्माण शुरू नहीं किया।डीटीओ ने परिजनों को फटकार लगाते हुए राशि वापस करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि निर्माण नहीं करने पर वसूली की जाएगी।

# थानों में तैनात पुलिस अधिकारी यूनिफॉर्म में रहें वरना होगी कार्रवाई : डीआइजी

## प्रत्येक दिन सुबह थानों में हो बैठक, अधिकारी को सौंपे जिम्मेदारी व करें समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। ड्यूटी के दौरान थाना में रहने वाले पुलिसकर्मी यूनिफॉर्म में रहें। यूनिफॉर्म पर पुलिसकर्मियों का नाम प्लेट रहना जरूरी है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्देश पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने दी है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के गढ़वा, पलामू व लातेहार के पुलिस को निर्देश जारी किया है।

जांच में क्रम में उन्होंने पाया कि थानों में तैनात ओडी आफिसर, सिरिस्ता में तैनात कर्मी व अन्य पुलिस अधिकारी बिना स्पष्ट नेम प्लेट के ड्यूटी कर रहे हैं। इससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही है। इससे पुलिस की छवि भी खराब हो रही है। डीआईजी ने जारी निर्देश में कहा है कि पुलिस अधिकारी व कर्मी पूरी यूनिफॉर्म व स्पष्ट नेम प्लेट के साथ ड्यूटी पर कार्यरत रहें। प्रत्येक दिन सुबह थानों में बैठक होना चाहिए। इसमें विभिन्न पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए।ठीक अगले दिन जिम्मेदारी के क्रियान्वयन की समीक्षा होनी चाहिए। बैठक के बाद यूनिफॉर्म में एक ग्रुप फोटो डीआईजी को भेजी जाए। फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजी जानी चाहिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को एक स्पष्ट रोस्टर जारी करने को कहा। सभी पुलिस अधिकारी जारी रोस्टर व बैठक में अपने नाम के पहले अक्षर लिखेंगे। थानों में तैनात पुलिस अधिकारी 24 घंटे यूनिफॉर्म में मौजूद रहें।

## सोनाली आत्महत्या की जांच करेगी सीआइडी

**रामगढ़**। जिले के बहुचर्चित सोनाली आत्महत्या मामले ने अब एक नयामोड़ ले लिया है। इस हाइप्रोफाइल केस की जांच अब सीआइडी को सौंप दी गई है। सीआइडी अधिकारी एएसपी दीपक कुमार की टीम इस मामले की गहन जांच करेगी। इससे पहले बोकारो प्रक्षेत्र के आइजी क्रांति कुमार गडिदेशी के नेतृत्व में की गई प्रारंभिक जांच में कई अहम बातें सामने आई थीं। इस मामले में सोनाली के पिता विमल कुमार सिंह ने सौरभ की बहन श्वेता सिंह और उनके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# शताब्दी एक्सप्रेस के दो एसी चेयर कार होंगे कम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। खाली सीटों के साथ दौड़ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ने शताब्दी एक्सप्रेस को झटका दे दिया है। वंदे भारत के कारण शताब्दी एक्सप्रेस के यात्री कम हो गए हैं।इस वजह से शताब्दी एक्सप्रेस के दो एसी चेयर कार कम कर दिए जाएंगे। एक सितंबर से शताब्दी एक्सप्रेस सात के पांच एसी चेयर कार के साथ चलेगी।

रेलवे के पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) में नई व्यवस्था को अपडेट भी कर दिया गया है। शताब्दी एक्सप्रेस से दो कोच कम होने से वंदे भारत में यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि यात्री वंदे भारत को वाराणसी तक विस्तार की मांग कर रहे हैं।

धनबाद से हावड़ा के बीच 25 मिनट के अंतराल में दोनों ट्रेनें हैं। शताब्दी एक्सप्रेस का शाम 5:35 पर आगमन व 5:40 पर प्रस्थान है।गया से हावड़ा जानेवाली वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 6:00 बजे आकर 6:02 पर रवाना होती है। चंद मिनटों में दो प्रीमियम ट्रेन के कारण दोनों ही एक-दूसरे को प्रभावित करती है।

पहले शताब्दी एक्सप्रेस में कंफर्म सीट मिलना था मुश्किल, अब हर दिन सीटें खाली

वंदे भारत से पहले धनबाद से हावड़ा और हावड़ा से धनबाद तक शताब्दी एक्सप्रेस प्रीमियम क्लास की ट्रेन थी। महीने भर पहले कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल था। वंदे भारत चलने से अब शताब्दी एक्सप्रेस की मांग घट गई है। हर दिन इस ट्रेन में काफी संख्या में सीटें रह रह रही हैं।

हावड़ा से गया तक चलने वाली वंदे भारत का वाराणसी तक विस्तार होने से इस ट्रेन को यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा। देशभर की कई वंदे भारत को अलग-अलग स्टेशन तक विस्तार दिया गया है। अधिकारियों की इच्छाशक्ति हो इसे इसे भी वाराणसी तक चलाया जा सकता है।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राशन आपूर्ति, राशन वितरण, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति, ई केवाईसी, लैम्प्स पैक्स समेत आपूर्ति विभाग अंतर्गत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई।

एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के राशन कार्डधारियों की उपायुक्त ने जानकारी लेते हुए लाभुकों को किए जा रहे राशन वितरण की समीक्षा कर सभी पीडीएस डीलरों को समय पर राशन का उठाव करने एवं ससमय लाभुकों को राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पीडीएस दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए,



जिससे पात्र लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन प्राप्त हो सके।

राशन कार्ड में आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। पीडीएस डीलरों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर अगले 10 दिनों में शत प्रतिशत राशनकार्डधारी लाभुकों का अनिवार्य रूप से ई केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि जिले में समय पर धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। खरीदे गए धान का समय पर उठाव हो एवं किसानों को ससमय भुगतान सुनिश्चित हो। वहीं जिले में डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे

## राशन वितरण, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति, ई केवाईसी सहित कई बिन्दुओं पर हुई गहन समीक्षा

राशन की भी समीक्षा कर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अलावा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका के माध्यम से ससमय राशन का उठाव करने के निर्देश दिए गए, साथ हीं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# साइबर अपराधियों की जद में आये डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। ठगों के निशाने पर अब प्रशासन के शीर्ष अधिकारी भी आ रहे हैं। विदेश में ठग ने धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन का फर्जी व्हाट्सएप व फेसबुक अकाउंट बना डाला है। उपायुक्त के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए दक्षिण पूर्व एशिया के लाओस में बैठे किसी ठग ने फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया है।

इसके माध्यम से ठग प्रशासनिक पदाधिकारी सहित अन्य लोगों को मैसेज कर ठगी करने का प्रयास कर रहा है। कई लोगों को डीसी फर्जी के फेसबुक मैसेंजर से पैसे मांगे जाने की शिकायत मिली है। डीसी की फोटो लगाकर बनाए गए फेसबुक अकाउंट व मैसेंजर के माध्यम से ठग दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहा है। इसके साथ ही फेसबुक मेसेंजर पर मेसेज कर रहा है। इस संबंध में उपायुक्त ने आमजनों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन दिया जाता है या लिंक भेजी जाती है अथवा फेसबुक मेसेंजर पर मेसेज किया जाता है तो उसे तुरंत ब्लॉक करें और फेसबुक को रिपोर्ट करें। उपायुक्त ने लोगों को सतर्क रहने और ऐसे ठग के किसी भी झांसे में नहीं आने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनाधिकृत फोन नंबर या सोशल मीडिया अकाउंट से पैसों की मांग की जाती है या प्रलोभन, लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर रिपोर्ट करें।

# किसानों से अवैध वसूली पर प्रमुख ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू**। सरकार की ओर से किसानों को राहत देने के उद्देश्य से चल रही निशुल्क बीज वितरण योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। तरहसी प्रखंड के किसान भवन में किसानों से बीज देने के बदले 30 से 60 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही थी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब कई किसानों ने सीधे प्रखंड प्रमुख अजय कुमार सिंह को फोन कर अपनी पीड़ा बताई।




सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख स्वयं किसान भवन पहुंचे और मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे बात की। किसानों ने बताया कि बीज के लिए प्रज्ञा केंद्रों से रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर उनसे पैसे वसूले जा रहे हैं, जबकि यह योजना पूरी तरह निशुल्क है।

मौके पर मौजूद प्रखंड कृषि पदाधिकारी निलेश रंजन तिवारी और बीटीएम विनय कुमार सिंह को प्रखंड प्रमुख ने जमकर फटकार लगाई और पूछा कि जब लॉगिन आईडी-पासवर्ड कृषि विभाग के पास हैं, तो प्रज्ञा केंद्र किस अधिकार से रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं?

उन्होंने यह भी पूछा कि किसानों से पैसे वसूलने का आदेश किसने दिया? प्रखंड कृषि पदाधिकारी निलेश रंजन तिवारी ने सफाई में कहा कि विभाग की ओर से किसी भी किसान से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी प्रज्ञा केंद्र द्वारा अवैध वसूली की गई है, तो यह गंभीर मामला है और जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई तय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया विभागीय पोर्टल से होती है और इसकी जिम्मेदारी किसी निजी संस्था को नहीं सौंपी गई है। प्रखंड प्रमुख अजय कुमार सिंह ने दो टूक कहा कि गरीब किसानों के अधिकारों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की गहराई से जांच होगी ताकि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति न हो।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी96 5जी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। मोटोरोला ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन मोटो जी96 5जी लॉन्च किया है, जो रुपये 20,000 से कम कीमत में प्रीमियम फीचर्स और शानदार डिजाइन के साथ पेश किया गया है। इसकी शुरूआती कीमत रुपये 17,999 रखी गई है। यह फोन 144 एचजेड 3डी कर्व्ड पोलेड डिस्प्ले, आईपी68 वाटर और डस्ट प्रोटेक्शन, और 50 एमपी ओआईएस सोनी लिटिया कैमरे जैसी खूबियों से लैस है। स्नैपड्रगन 7एस जेन2 प्रोसेसर और 5500 एमएएच की बैटरी इसे तेज परफॉर्मेंस और लंबी चलने वाली बैटरी का अनुभव बनाते हैं। मोटो जी96 5जी दो वैरिएंट्स 8 जीबी प्लस 128 जीबी और 8 जीबी प्लस 256 जीबी में उपलब्ध है। 8 जीबी प्लस 128 जीबी की कीमत 17,999रुपये तथा 8 जीबी प्लस 256 जीबी की कीमत 19,999 रुपये है। इसका आकर्षक वीगन लेदर डिजाइन चार पैनटोन-क्यूरेटेड




रंगों (एक्ष्रे ब्लू, ग्रीनर पास्चर्स, कैटलेया ऑर्किड और ड्रेस्डेन ब्लू) में पेश किया गया है। फोन की बिक्री 16 जुलाई से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला डॉट इन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। मोटो जी96 5जी प्रीमियम तकनीक को किफायती दाम पर लाकर मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है।

## मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति

जमशेदपुर। पिछले 24 घंटे से पूर्वी सिंहभूम समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

जमशेदपुर सहित घाटशिला, बहरागोड़ा, गुड़ाबांधा, धालभूमगढ़, चाईबासा, चांडिल और अन्य इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सबसे अधिक बारिश घाटशिला में 83.6 एमएम और जमशेदपुर के आस-पास 82.6 एमएम दर्ज की गई।

कुल मिलाकर कोल्हान में 854.5 एमएम बारिश हुई। बारिश का असर जमशेदपुर के कदमा, सोनारी, बागबेड़ा, साकची, बिष्टुपुर जैसे क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**सं. सी8–डब्ल्यूवीएम–एएसएन–2025** **दिनांकः 09.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 (पश्चिम बंगाल) द्वारा आसनसोल मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) और मॉडुलर कैटरिंग स्टॉल (जीएमयू) के प्रावधान के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार हैः **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–डब्ल्यूवीएम–25–9, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण एवं ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैंः **एए/1**, एमएसएस–एएसएन–एमडीपी–एमईडीएसटीएन–18–25–1, वापस ली जाती है। **एबी/1**, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–डब्ल्यूवीएम–52–25–3, दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा सिरे के एफओबी की ओर, प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 19.07.2025 को 11.40.00 बजे। **एबी/2**, एमएसएस–एएसएन–एसटीएन–डब्ल्यूवीएम–90–25–1, सीतारामपुर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए पुराने एफओबी के पास प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 19.07.2025 को 11.50.00 बजे। **एबी/3**, एमएसएस–एएसएन–एमएनई–डब्ल्यूवीएम–39–25–1, मानकर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर सीट नं. 16–20 और सीट नं. 31–35 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 19.07.2025 को 12.00.00 बजे। **एबी/4**, एमएसएस–एएसएन–पीएएन–डब्ल्यूवीएम–91–25–1, पानागढ़ रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर, ओएसओपी स्टॉल के पास स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 19.07.2025 को 12.10.00 बजे। **एबी/5**, एमएसएस–एएसएन–डीजीएचआर–डब्ल्यूवीएम–24–25–1, देवघर रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2 पर सबवे के पास सीटिंग अरेंजमेंट नं. 4 और 5 के बीच शेड के नीचे, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 19.07.2025 को 12.20.00 बजे। **एबी/6**, एमएसएस–एएसएन–एसयूआरआई–डब्ल्यूवीएम–89–25–1, सिउड़ी (एसयूआरआई) रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर, ओएचई पी/नं. 54/8 और एसयूआरआई/1018 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्गफीट) का संस्थापन एवं परिचालन, 19.07.2025 को 12.30.00 बजे । **एबी/7**, एमएसएस–एएसएन–यूडीएल–डब्ल्यूवीएम–26–25–1, अण्डाल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 3–4 पर ओएचई मास्ट नं. 186/36 के पास, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 19.07.2025 को 12.40.00 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.: सीएटीजी–जीएमयू–25–11, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण एवं ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैंः **एए/1**, सीएटीजी–एएसएन–जेएमटी–जीएमयू–129–25–1, जामताड़ा रेलवे स्टेशन (कैटेगरी डी) में 05 वर्ष की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के अधीन प्रवेश/निकास गेट के पास प्लेटफॉर्म नं. 2 पर, मॉडुलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्गफीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 25.07.2025 को 11.45.00 बजे। **एए/2**, सीएटीजी–एएसएन–एमएनई–जीएमयू–71–23–1, मानकर (कैटेगरी डी) रेलवे स्टेशन में 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 3–4 पर, मॉडुलर कैटरिंग स्टॉल (साइज 6'X10'=60 वर्गफीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 25.07.2025 को 11.55.00 बजे।

ASN-116/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वंतिका, पद्मिनी, नंधिधा दूसरे राउंड में, हम्पी और हारिका भी खेलेंगी दूसरा राउंड




**बातुमी , जॉर्जिया, एजेंसी।** फीडे विश्व महिला कप 2025 के पहले राउंड के दूसरे मुकाबलों में भारत की तीन प्रमुख महिला शतरंज खिलाड़ियों - इंटरनेशनल मास्टर वंतिका अग्रवाल, आईएम पद्मिनी राऊत और महिला ग्रांड मास्टर नंधिधा पी वी - ने शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है । वहीं प्रियंका के ने हंगरी की महिला ग्रांड मास्टर गाल झोका को हराकर टाईब्रेक में प्रवेश कर दिया है । महिला ग्रांड मास्टर किरण मनीषा मोहंती पहले राउंड में बाहर होने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। वंतिका अग्रवाल ने तुर्कमेनिस्तान की लाला शोहरादोवा के विरुद्ध मुकाबला महज 27 चालों में समाप्त कर दिया, जब लाला ने एक चाल में अपने मोहरे की बलि दे दी। नंधिधा ने इक्वाडोर की अनाही ओर्तिज वर्देजोतो को हराया, जिन्होंने महत्वपूर्ण मौके पर एक चाल में स्थिति गंवा दी और मुकाबला गवां बैठीं। भारत की पाँच बार की राष्ट्रीय विजेता पद्मिनी राऊत ने चीन की झांग लनलिन के खिलाफ सिसिलियन नजडोर्फ में लगातार दूसरे मुक़ाबले में अपना हाथी कुर्बान करते हुए जीत दर्ज की । वहीं महिला ग्रांड मास्टर प्रियंका के ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज करते हुए हंगरी की शीर्ष खिलाड़ी गाल झोका को हराया और मैच को टाईब्रेक तक खींच लिया।दूसरे राउंड में भारत की दो खिलाड़ी एक-दूसरे से टकराएंगी जब ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली का मुकाबला नंधिधा पी वी से होगा। वहीं अन्य मुकाबलों में जीएम कोनेरु हम्पी का सामना उज्बेकिस्तान की डब्ल्यूआईएम अफरूजा खमदामोवा से होगा, आईएम पद्मिनी राऊत का सामना जीएम अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक (स्विट्ज़रलैंड) से होगा, आईएम दिव्या देशमुख का मुकाबला जॉर्जिया की डब्ल्यूएफएम केसारिया म्गेलाड्जे से होगा और वंतिका अग्रवाल का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन जीएम अन्ना उशेनीना (यूक्रेन) से होगा।

## गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन अस्थाई रूप से निलंबित, डोप टेस्ट में विफल रहने पर हुई कार्रवाई




**नई दिल्ली , एजेंसी।** इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारतीय गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन कौर को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी अस्थायी निलंबन के तहत रखे गए खिलाड़ियों की नवीनतम सूची से मिली है। इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पंजाब की इस खिलाड़ी ने पिछले साल अंतर विश्वविद्यालय खेलों में 14.75 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान भी हासिल किया था। इस बीच अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान नितिका पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है जो पिछले साल 28 मई से प्रभावी है।

# देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे सूर्यकुमार, बुमराह-संजना ने भी लगाया ग्लैमर का तड़का

**लंदन, एजेंसी।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सबसे बड़ा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबलों की आज से शुरुआत हो जाएगी। इस टूर्नामेंट में फिल्म और खेल जगत के कई सितारों ने ग्लैमर का तड़का लगाया। एंड्रयू गारफिल्ड और टॉम हॉलैंड से लेकर ब्रायन लारा और विराट कोहली तक इस टूर्नामेंट में शिरकत कर चुके हैं। अब बुधवार को भारत के दो और स्टार क्रिकेटर्स विंबलडन का मुकाबला देखने पहुंचे। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पत्नी देविशा के साथ विंबलडन मैच देखने पहुंचे, जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी पत्नी संजना के साथ विंबलडन का मैच देखा। इन दोनों की तस्वीरें विंबलडन ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सूर्यकुमार हर्निया की सर्जरी के लिए यूरोप गए थे।





जर्मनी में उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद वह पत्नी के साथ क्रिकेट से ब्रेक का आनंद ले रहे हैं। इसी कड़ी में वह इंग्लैंड पहुंचे। वहीं, बुमराह भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। विंबलडन ने सूर्यकुमार और बुमराह का आभार भी जताया है। अब तक क्रिकेट जगत से कुल 11 सितारे विंबलडन 2025 के मुकाबले देखने पहुंच चुके हैं। इससे पहले क्रिकेट जगत से दीपक चाहर पत्नी जया भारद्वाज के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, विराट कोहली ने भी पत्नी अनुष्का के साथ विंबलडन का मुकाबला देखा था। वहीं, इंग्लैंड के सुपरस्टार जो रूट भी पत्नी कैरी कॉटरेल और जेम्स एंडरसन पत्नी डैनिएला लॉयड के साथ विंबलडन देखने पहुंचे थे। वहीं, महान ब्रायन लारा भी इसमें हाजिरी लगा चुके हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज से समय निकालकर विबंलडन का लुत्फ उठाने पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी क्लेयर रैटक्लिफ भी नजर आईं। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी विंबलडन मैच देखने पहुंचे। इस दौरान वह सूट-बूट में नजर आए।

# जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे, कोबोली को कठिन मैच में हराया





**लंदन, एजेंसी।** पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना सिनर से और कार्लोस अल्काराज का सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा। महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में अरिना सबालेंका का सामना अमांडा एनिसिमोवा से और दूसरे सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनचिच का सामना इगा स्वियातेक से होगा। सर्बिया के नोवाक जोकोविच विंबलडन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त फैबियो कोबोली को मुश्किल मुकाबले में 6-7, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। यह जोकोविच का विंबलडन में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल होगा। इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा सेमीफाइनल मैच किसी ने नहीं खेला है। जोकोविच की नजर आठवीं बार विंबलडन जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने पर है। सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना विश्व नंबर एक यानिक सिनर से होगा। सिनर ने क्वार्टर फाइनल में बेंजामिन शेल्टन को 7-6, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज का सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा। अल्काराज कैम नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर और फ्रिट्ज खाचानोव को 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे।

## सैमसोनोवा को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचीं इगा स्वियातेक



**लंदन, एजेंसी।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को रूस की लुडमिला सैमसोनोवा को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराकर पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

नंबर 1 कोर्ट पर खेलते हुए, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार मेजर क्वार्टर फाइनलिस्ट सैमसोनोवा के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। 19वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक ने रूसी खिलाड़ी पर 1 घंटा 49 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। यह उनकी सैमसोनोवा के खिलाफ लगातार 5वीं जीत है। विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में 125 सप्ताह बिताने वाली इगा स्वियातेक चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी सक्रिय खिलाड़ी बन गई हैं। उनके अलावा इस सूची में सबालेंका, विक्टोरिया अजारेंका और कैरोलिना प्लिसकोवा शामिल हैं।

स्वियातेक ने चार खिताब फ्रेंच ओपन की लाल मिट्टी पर और एक यूएस ओपन की हार्ड कोर्ट पर जीता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के हार्ड कोर्ट पर भी दो बार सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। हालांकि, ऑल इंग्लैंड क्लब की घास वाली को?र्ट पर उनके लिए अब तक सबसे मुश्किल साबित हुई। 23 साल की पोलैंड की खिलाड़ी इस साल घास पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इस साल इस सतह पर उनका रिकॉर्ड 8-1 है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ विंबलडन परिणाम 2023 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। वह 2015 में एग्निज्का राडवांस्का के बाद विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली पोलिश महिला खिलाड़ी बन गईं। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने जर्मनी की लौरा सीगेमंड की कड़ी चुनौती को परास्त कर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। एक अन्य मुकाबले में, अमांडा अनिसिमोवा ने क्वार्टर फाइनल में अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर अंतिम चार में जगह पक्की कर ली।



## हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना की अगुआई में भारत ने खत्म किया 19 साल का सूखा

### पहली बार इंग्लैंड से जीती महिला टी20 सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने 9 जुलाई 2025 की रात 2 बजे इंग्लैंड के मैनचेस्टर में इतिहास रचा। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 सीरीज जीती। भारत ने मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए मैच में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया। इसके साथ ही उसने 5 मैच की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई और इतिहास रचा।

सीरीज का अंतिम टी20 मैच शनिवार 12 जुलाई 2025 को बर्मिंघम में खेला जाएगा। इससे पहले भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई हर महिला टी20 सीरीज (कुल 6 शृंखला) में हारती रही थी। इस तरह भारत ने 19 साल का सूखा खत्म किया।

### शैफाली वर्मा–स्मृति मंधाना की ताबड़तोड़ शुरुआत

भारत की शानदार जीत में उसकी स्पिनर्स ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने 5 विकेट लिए और मेजबान टीम को 20 ओवर में 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा (31 रन, 19 गेंद) और स्मृति मंधाना (32 रन, 31 गेंद) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 7 ओवर में 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारत ने 18 गेंद शेष रहते 17 ओवर में 4 विकेट पर 127 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राधा यादव प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं।

### इंग्लैंड की धीमी पारी

इंग्लैंड ने अपने 20 ओवर्स में 8 चौके और 3 छक्के लगाए। दूसरी ओर, भारत ने 10 चौके की मदद से 5 ओवर्स में ही 50/0 का स्कोर बना लिया था। इसके बाद मेजबानों ने रन-फ्लो रोकने में कामयाबी हासिल की और अगली 24 गेंद में सिर्फ 20 रन दिए भारत की दोनों ओपनर्स (शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना) को पवेलियन भेज दिया। एक समय ऐसा भी आया जब भारत की स्थिति थोड़ी निराशाजनक लग रही थी।आवश्यक रन-रेट एक गेंद पर एक रन के करीब पहुंच रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने शुरुआत में सिंगल्स लेकर क्रीज पर नजरें टिकाईं। फिर कुछ बड़े ओवर आए जहां उन्होंने 22 रन बनाकर लगभग मैच अपने पाले में पक्का कर लिया।

## दस दिन से पहले पोलैंड रेस फतह कर जॉन ग्वाइट ने रचा इतिहास, बनाया भारत का नया साइकिलिंग रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर लंबी रेस अराउंड पोलैंड बिना किसी मदद के अकेले 9 दिन 21 घंटे में पूरी कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने 274 घंटे के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और 31,000 मीटर ऊंचाई वाले चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार किया।

भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) को 10 दिनों से भी कम समय में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। ग्वाइट ने कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की। उन्होंने इसके लिए कुल नौ दिन और 21 घंटे का समय लिया है। ग्वाइट ने रेस पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वह 10 दिन से कम में इस रेस को पूरा करने वाले देश के पहले साइकिलिस्ट हैं।

ग्वाइट ने अन्य प्रतिभागियों की तरह अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान साइकिलिस्टों को कोई टीम कार या कोई बाहरी सहायता नहीं दी गई थी। यह रेस इस वजह से भी कठिन हैं, क्योंकि रेस में दुर्गम रास्तों से



गुजरते हुए 31 हजार मीटर की ऊंचाई तक जाना होता है। यह रेस एक अन्य कठिन साइकिलिंग स्पर्धा रेस अक्रॉस अमेरिका के लिए एक क्वालिफायर इवेंट भी है।ग्वाइट ट्रांस हिमालयन रेस को 62 घंटे में पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक दूरी भी पार की है। पेरिस से ब्रेस्ट और पेरिस की 1229 किलोमीटर की दूरी को उन्होंने 59 घंटे 29 मिनट में पूरा किया।

# पीएसजी फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में, रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया, रुईज ने दागे दो गोल

**ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी।**इसी साल यूएफा चैंपियंस लीग जीतने वाली पीएसजी की टीम ने रियल मैड्रिड को पूरे मैच में वापसी करने का मौका नहीं दिया। रुईज ने छठे और 24वें मिनट में दो गोल दागे। इसके अलावा डेम्बेले और रामोस ने एक-एक गोल किया।

पीएसजी की टीम फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में पहुंच गई है। उसने सेमीफाइनल में स्पेन की दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड को 4-0 से हरा दिया। पीएसजी के लिए फैबियन रुईज ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। अब फाइनल में पीएसजी का सामना चेल्सी से होगा। चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार 14 जुलाई को रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा।

### पीएसजी की मैड्रिड पर एकतरफा जीत

इसी साल यूएफा चैंपियंस लीग जीतने वाली




पीएसजी की टीम ने रियल मैड्रिड को पूरे मैच में वापसी करने का मौका नहीं दिया। टीम ने शुरू में स्पैनिश जायंट्स पर पकड़ बना ली थी। मैच के छठे मिनट में ही रुईज ने गोल दाग पीएसजी को 1-0 की बढ़त दिला दी। फिर डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दाग बढ़त को दोगुना कर दिया। शुरुआती 10 मिनट में ही दो गोल खाने के बाद रियल मैड्रिड की टीम सकपका गई। टीम ने आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन काफी मौके गंवाए। रुईज ने फिर 24वें मिनट में गोल दाग पीएसजी को 3-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक पीएसजी की टीम 3-0 से आगे रही। हाफ टाइम के बाद पीएसजी ने डिफेंस पर ज्यादा ध्यान दिया। मैड्रिड की टीम चाह कर भी कुछ नहीं कर सकी। 87वें मिनट में गोंकालो रामोस ने गोल दागा और पीएसजी को 4-0 से आगे कर दिया और साथ ही टीम की लगभग जीत सुनिश्चित कर दी।

### पेड्रो के दो गोल से चेल्सी 13 साल बाद फाइनल में

इससे पहले यूरोपीय क्लब चेल्सी 13 साल बाद क्लब विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया। क्लब ने सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात दी। इस मैच के हीरो 23 साल के जाओ पेड्रो रहे जिन्होंने चेल्सी के लिए पहली बार गोल किए। दोनों गोल उन्हीं के नाम रहे। उन्होंने पहले हाफ में 18वें मिनट पर पहला गोल दागा। वहीं, 56वें मिनट पर एंजो फर्नांडिस की मदद से वह दूसरा गोल करने में सफल रहे। यह पहली बार हुआ है जब किसी खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में अपने पुराने क्लब (2019-2020) के खिलाफ गोल दागा है। अब चेल्सी की नजरें पहले खिताब पर होंगी क्योंकि 2012 में वह पहली बार क्लब विश्वकप के फाइनल में पहुंचकर भी ब्राजील के क्लब कुरिन्थियों से हार गया था।

### कार्लो एंसेलोटी के बेटे डेविड बने बोटाफोगो के कोच

ब्राजील के क्लब बोटाफोगो ने ब्राजील राष्ट्रीय टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के बेटे को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। 35 वर्षीय डेविड एंसेलोटी को 2026 तक का अनुबंध दिया गया है। यह उनका पहला पूर्णकालिक कोचिंग अनुबंध है। बोटाफोगो के मालिक जॉन टेक्स्टर ने क्लब विश्वकप में टीम के अंतिम-16 से बाहर होने के बाद पूर्व कोच रेनाटो पाइवा को निकाल दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, 4.4 दर्ज की गई तीव्रता, लोग घरों-दफ्तरों से निकलकर भागे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 बताई जा रही है. करीब 4 से 5 सेकंड तक यह भूकंप की झटके महसूस किया गए. गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद आदि जगहों पर भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. इस दौरान लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. इससे पहले दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो रही है और भूकंप के झटके आने से लोगों में डर का माहौल है. दिल्ली-एनसीआर में पहले भी हल्के से मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके आते रहे हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक, इस क्षेत्र में हल्के झटके सामान्य हैं. इनसे सतर्क रहने की जरूरत होती है. भूकंप के दौरान लोगों को घबराने के बजाय सुरक्षा निर्देशों का पालन करना चाहिए. भूकंप के लिहाज से दिल्ली-एनसीआर संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है और यह सीस्मिक जोन 4 में आता है. ये जोन उच्च भूकंपीय गतिविधि वाले क्षेत्रों में गिना जाता है, जहां मध्यम से तीव्र तीव्रता के भूकंप आने की संभावना रहती है. बारिश के कारण गीली और कमजोर हो चुकी दीवारों के चलते लोगों में डर बैठ गया है. हालांकि भूकंप से किसी बड़े नुकसान या जनहानि की कोई पुष्टि अभी तक नहीं हुई है. कई इमारतों में कंपन और झटकों की वजह से लोग सहम गए हैं. दिल्ली से सटे इंदिरापुरमें में रहने वाली संयुक्ता ने बताया कि वह किचन में खाना बना रहीं थी. तभी उन्हें चक्कर सा महसूस हुआ. उन्हें लगा शायद कमजोरी के कारण ऐसा हो रहा हो लेकिन तभी खबर आई की भूकंप आ गया. सोसायटी में लोग घरों से बाहर आ गए. राधेश्याम चौधरी ने बताया कि वह बेड पर बैठकर नाश्ता कर रहे थे भूकंप आने पर उनका बेड आगे पीछे हिलने लगा. उन्हें लगा कि भूकंप आ रहा है. यह बात उन्होंने अपने बहू को बताई. बाद में कंफर्म हुआ कि भूकंप ही आ रहा था. हालांकि भूकंप से सब कुछ सुरक्षित है. बारिश के बीच भूकंप से चिंता बढ़ गई है. वहीं सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले मुन्ने सिंह ने बताया कि वह कुर्सी पर बैठे थे तभी अचानक कुर्सी हिलने लगी. लोग सोसायटी में इमारत से बाहर आने लगे तो पता चला की भूकंप आ गया है. विशेषज्ञों के अनुसार यदि दिल्ली-एनसीआर में 6.0 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो नुकसानदायक साबित हो सकता है. इस तीव्रता के भूकंप से दिल्ली में इमारतों को नुकसान पहुंच सकता है. 7.0 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप दिल्ली में बड़ी तबाही मचा सकता है.

### बिहार में वोटर लिस्ट रिविजन पर नहीं लगेगी रोक, चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनावी राज्य बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के भारत निर्वाचन आयोग के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बड़ी राहत दी है. दरअसल, कोर्ट ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है. इससे पहले सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन कराने के चुनाव आयोग के कदम में लॉजिक है, लेकिन कोर्ट ने विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले होने वाली इस प्रक्रिया के समय पर सवाल उठाया. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि उसने बिहार में मतदाता सूची के स्ढ्ढक्र इतनी देर से क्यों शुरू किया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन इसे आगामी चुनाव से महीनों पहले शुरू किया जाना चाहिए था. मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वोटर लिस्ट में नॉन-सिटिजन्स के नाम न रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए गहन प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध करने में कुछ भी गलत नहीं है. बल्कि समय की समस्या है. याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अब जबकि चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं चुनाव आयोग कह रहा है कि वह 30 दिनों में पूरी मतदाता सूची का एसआईआर करेगा. उन्होंने कहा कि वे आधार को मान्य नहीं करेंगे और माता-पिता के दस्तावेज भी मांग रहे हैं।

# राणा दग्गुबाती से लेकर देवरकोंडा तक, सट्टेबाजी कांड में फंसी मशहूर हस्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने अवैध सट्टेबाजी एप्स के प्रचार में शामिल कई फिल्मी सितारों, टीवी कलाकारों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब ऑनलाइन अवैध सट्टेबाजी के मामलों में तेजी से इजाफा देखने को मिला है।

ईडी के सूत्रों के मुताबिक, जांच में यह सामने आया कि इन हस्तियों ने सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स का प्रचार-प्रसार करके लोगों को अवैध ऑनलाइन सट्टे में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इससे न केवल सट्टा खेलने वालों की संख्या में वृद्धि हुई, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गंभीर वित्तीय गड़बड़ियों का भी खुलासा हुआ है।

**इन सिलेब्रिटीज और इन्फ्लुएंसर्स के नाम ईडी की जांच में शामिलः** 1. राणा दग्गुबाती 2. प्रकाश राज 3. विजय देवरकोंडा 4. मांचू लक्ष्मी 5. प्रणिता सुभाष 6. निधि अग्रवाल 7. अनन्या नागल्ला 8. सिरी हनुमंत 9. श्रीमुखी 10. वार्शिनी साउंडराजन 11. वसंती कृष्णन 12. शोभा शेट्टी 13. अमृता चौधरी 14. नयनी पावनि 15. नेहा पठान 16. पांडु 17. पद्मावती 18. इमरान खान 19. विष्णु प्रिया 20. हर्ष साई 21. भैया सनी यादव 22. श्यामला 23. स्वादिष्ट तेजा 24. रीतू चौधरी 25. बंडारू शेषयानी सुप्रीता



ईडी ने इन सट्टेबाजी ऐप्स के संचालन और मैनेजमेंट में शामिल प्रमुख व्यक्तियों के नाम भी बताए हैंः

26. सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के संचालक 27. किरण गौड़ 28. सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अजय, सनी और सुधीर 29. यूट्यूब चैनल 'लोकल बॉय नानी'

ईडी ने इन सभी के डिजिटल लेनदेन, वॉलेट ट्रांसफर, प्रमोशनल विडियोज और बैंक खातों की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन सिलेब्रिटीज और इन्फ्लुएंसर्स ने लाखों-करोड़ों के प्रमोशनल सौदों के तहत इन सट्टेबाजी एप्स को बढ़ावा दिया।

सूत्रों का कहना है कि जांच की शुरुआत तब हुई जब ईडी को यह पता चला कि बड़े स्तर पर डिजिटल प्रचार के जरिए आम लोगों को सट्टे में शामिल होने के लिए उकसाया जा रहा था। इस पूरे मामले में मोबाइल वॉलेट्स और डिजिटल माध्यमों से किए गए वित्तीय लेनदेन जांच के दायरे में हैं।

**क्या है अगला कदमः** ईडी ने फिलहाल सभी नामजद लोगों को समन भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि क्या उन्हें सट्टा प्लेटफॉर्म्स की अवैधता की जानकारी थी। अधिकारियों के अनुसार, अगर इन पर लगे आरोप सही साबित होते हैं तो उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जा सकती है। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना है। ईडी इस मामले में सभी डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

## मजनू का टीला में डबल मर्डर में खुलासाः पहली बच्ची को बेचकर दिल्ली आया था आरोपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में डबल मर्डर ने लोगों को हिला कर रख दिया है. मंगलवार को घटी इस घटना में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को बुधवार को उत्तराखंड के हल्द्वानी से गिरफ्तार किया था. मामले में यह बात सामने आई कि डबल मर्डर का आरोपी निखिल मूल रूप से उत्तराखंड हल्द्वानी का ही रहने वाला है. वहीं पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. वहीं डीसीपी ने बताया है कि आरोपी हल्द्वानी से नेपाल भागने की फिराक में था, जिसके लिए वह अपने जानने वालों से पैसे इकट्ठा कर रहा था.

दिल्ली आने से पहले बच्ची को बेचा- डीसीपी राजा भाटिया ने कहा, पूछताछ में निखिल ने बताया कि निखिल और सोनल 2023 में हल्द्वानी में मिले थे, जहां दोनों के बीच गहरी दोस्ती हुई. इसी बीच सोनम प्रेग्नेंट हुई और सोनल ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन उसे अल्मोड़ा में दो लाख रुपये में बेच दिया. इन पैसों को लेकर वह दिल्ली आ गए और कुछ दिन वजीराबाद और फिर मजनू के टीले में रहने लगे.

बिना मर्जी किया अबॉर्शन- उसने बताया कि कुछ महीने पहले सोनल की दोस्ती लक्ष्मी से हुई और उसका घर आना-जाना शुरू हो गया. निखिल को शक हुआ कि सोनम और लक्ष्मी के पति दुर्गेश का अफेयर चल रहा है. इस बीच सोनम फिर प्रेग्नेंट हुई और निखिल चाहता था कि यह बच्चा जन्म ले, लेकिन सोनम ने निखिल की मर्जी के बिना दवा खाकर अबॉर्शन करवा लिया. इस बात को लेकर सोनम और निखिल के बीच जमकर झगड़ा हुआ, जिसपर सोनम नाराज होकर अपनी सहेली लक्ष्मी के घर आकर रहने लगी. बस इसी बात से खफा निखिल मंगलवार दोपहर दुर्गेश के घर पहुंचा, जहां दुर्गेश की 6 महीने की बच्ची और सोनम घर पर मौजूद थे. इसपर नाराज निखिल ने सर्जिकल ब्लेड जैसी चीज से पहले सोनल की बेरहमी से हत्या की और उसके बाद दुर्गेश की छह महीने की बच्ची को भी बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया. निखिल ने दुर्गेश की बच्ची को इसलिए मारा क्योंकि उसे यह शक था कि सोनम ने दुर्गेश के कहने पर ही अबॉर्शन कराया था।

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, 2025-26 से हर कक्षा में अनिवार्य होगा इंग्लिश मीडियम सेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाया है. नए सत्र में छात्र इंग्लिश मीडियम में पढाई कर सकेंगे. शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सभी सरकारी स्कूलों में प्रत्येक कक्षा में कम से कम एक अंग्रेजी माध्यम का सेक्शन अनिवार्य करने का निर्देश जारी किया है. इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अंग्रेजी भाषा में दक्षता देना और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए तैयार करना है.

यह निर्णय उन माता-पिता और छात्रों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर लिया गया है, जो अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा लेना चाहते हैं. अंग्रेजी भाषा में न केवल उच्च शिक्षा में विज्ञान, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में अवसरों को बढ़ाती है, बल्कि छात्रों की करियर संभावनाओं को भी मजबूत करती है. इस कदम से दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र वैश्विक मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे. शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे छात्रों की रुचि और योग्यता के आधार पर अंग्रेजी माध्यम के सेक्शन में प्रवेश सुनिश्चित करें. इसके लिए स्कूलों को उच्च गुणवत्ता वाली अंग्रेजी शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने और पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के



लिए कहा गया है. साथ ही, स्कूलों को इस बदलाव को आधिकारिक रिकॉर्ड और यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (ष्ठद्बस्श्व) पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रहे. यह कदम दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के समकक्ष लाने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने पर जोर दिया जा रहा है. अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई से न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना सकेंगे. उप शिक्षा निदेशक (डीडीई) ने बताया की शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी हर कक्षा में इंग्लिश मीडियम सेक्शन को अनिवार्य कर दिया गया है.

## दिल्ली में बारिश से बुरा हाल, सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक पानी-पानी, खराब मौसम के कारण कई फ्लाइट्स डायवर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बुधवार शाम से रुक-रुक कर बारिश हो रही है. ये बारिश इस मानसून की सबसे तेज बारिश बनकर बरसी है. लोग इस बारिश का मजा छत और सड़कों पर लेते निकले, लगभग एक घंटे के अंदर ही इस मसूलधार बारिश ने देश की राजधानी में मुसीबत जैसे हालात बना दिए हैं. जहां, दिल्ली वालों को इस बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दी है तो कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है.

मानसून की पहली बारिश ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के उन दावों की पोल खोल दी. जिसमें उन्होंने जलभराव की स्थिति में सुधार का वादा किया था. जहां पूरे दिल्ली में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हो रहे है तो वहीं खुद मुख्यमंत्री की विधानभा के हालत बेहत खराब है.विधानसभा शालीमार बाग भी पूरी तरीके से पानी पानी दिखाई दे रही है यानी शालीमार बाग विधानसभा जलमग्न हो चुकी है. तस्वीरों में



शालीमार बाग विधानसभा के हैदरपुर में मार्केट जहां सड़क दिखाई तक नहीं दे रही. लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले नालों की सफाई तो हुई थी लेकिन ठीक से सफाई न होने के कारण पहली बारिश में ही यहां तालाब और नदी जैसे हालात बन गए.

दिल्ली में बुधवार शाम से हो रही भारी बारिश के चलते बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता मजदूर कॉलोनी में स्थित एक मोहल्ला क्लीनिक की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई.गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता था.स्थानीय लोगों के मुताबिक यह मोहल्ला क्लीनिक पिछले करीब 5 महीने से बंद पड़ा हुआ है और यहां कोई स्वास्थ्य सेवाएं नहीं चल रहीं. बुधवार रात करीब 8 बजे जब तेज बारिश हो रही थी, तभी क्लीनिक की पीछे की दीवार तेज आवाज के साथ अचानक गिर गई. आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि क्लीनिक के पीछे की बाउंड्री वॉल पूरी तरह ध्वस्त हो चुका था

# अफगानिस्तान में 6 साल की बच्ची की शादी

### तालिबान बोला- 9 साल की हो जाए तब ले जाना

**काबुल, एजेंसी।**
अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में 6 साल की एक बच्ची की शादी 45 साल के एक व्यक्ति से कर दी गई। अमेरिका स्थित अफगान आउटलेट एएमयू .टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद खुद तालिबान अधिकारी हैरान रह गए और बच्ची को उसके ससुराल ले जाने से रोक दिया।

लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जब वह 9 साल की हो जाएगी, तब उसे पति के घर भेजा जा सकता है। दूल्हे ने बच्ची के परिवार को पैसे देकर यह रिश्ता तय करवाया। शादी हेलमंद के मर्जा जिले में हुई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन



अब तक किसी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

**तालिबान की वापसी के बाद बाल-विवाह के केस बढ़ेः** तालिबान के 2021 में दोबारा सत्ता में आने के बाद, देश में न सिर्फ बाल विवाह की घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि उन्हें लेकर सामाजिक सहमति भी बनती जा रही है। लड़कियों की शिक्षा और काम पर पाबंदी के चलते कई परिवार बेटियों को बोझ मानकर जल्दी ब्याह दे रहे हैं।

यूएन वूमेन की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के महिला-विरोधी कानूनों के चलते देश में बाल विवाह में 25प्रतिशत और किशोरियों के गर्भधारण में 45प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**बाल विवाह के पीछे सामाजिक मान्यताएं और कुप्रथाएंः** अफगान समाज में अक्सर लड़कियों को बचपन में ही नामकरण प्रथा के तहत किसी रिश्तेदार से मंगनी कर दी जाती है। इसे पारिवारिक संपत्ति की तरह देखा जाता है। कई इलाकों में वलवर यानी दहेज के रूप में पैसा लेकर लड़कियों की शादी तय होती है। यह रकम लड़की की खूबसूरती, सेहत और शिक्षा के स्तर के आधार पर तय होती है। द अफगान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उरुजगान की एक महिला अमीरी ने बताया कि उन्होंने अपनी 14 वर्षीय बेटी की शादी 27 साल के पुरुष से 3 लाख अफगानी में कर दी। महिला ने बताया कि उनकी बेटी बहुत छोटी है, लेकिन घर में खाने को कुछ नहीं था, यही रास्ता बचा था। अफगान समाज में बाद नाम की प्रथा के तहत खून-खराबे वाले झगड़ों को सुलझाने के लिए लड़कियों को दुश्मन परिवारों को सौंप दिया जाता है। एक बार सौंपे जाने के बाद लड़की अपने पति के परिवार की इज्जत (नमूस) बन जाती है।

## सीरिया में कुर्द लड़ाकों और सरकार के बीच मतभेद

**दमिश्क, एजेंसी।**
सीरिया की सरकार और कुर्द लड़ाकों के बीच सेनाओं के विलय को लेकर मतभेद बरकरार हैं। तुर्किये में अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक को सीरिया में भी विशेष दूत के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा है कि सीरिया की केंद्रीय सरकार और कुर्दों के बीच लंबी बातचीत के बावजूद गतिरोध खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वार्ता के बाद भी सेनाओं के विलय की योजना को लेकर मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के प्रमुख मजलूम आब्दी और सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद यह बात कही। बता दें कि इसी साल मार्च में अमेरिका समर्थित कुर्द लड़ाकों के नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस और देश की सरकार के बीच ऐतिहासिक समझौते हुए थे। समझौते के तहत, एसडीएफ बलों का नई राष्ट्रीय सेना में विलय कर दिया जाएगा और वर्ष के अंत तक इसके लागू हो जाने की उम्मीद है। समझौता लागू होने के बाद इराक और तुर्किये से लगी सभी सीमा चौकियां, पूर्वोत्तर में हवाई अड्डे और तेल क्षेत्र भी केंद्र सरकार के नियंत्रण में आ जाएंगे। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट समूह के हजारों संदिग्ध सदस्यों को रखने वाले हिरासत केंद्र भी सरकार के नियंत्रण में आ जाएंगे। क्या एसडीएफ नई सेना में एक एकीकृत इकाई बनकर रहेगा।

# भोजन और दवाइयों के लिए तड़प रहे गाजा के लोग, 10 इजरायली बंधकों को छोड़ने पर राजी हुआ हमास

**गाजा , एजेंसी।**
हमास ने गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के बीच 10 इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमति जताई है। यह घोषणा तब हुई है जब इजरायली सेना के ताजा हमलों में गाजा में कम से कम 74 लोग मारे गए हैं। बंधकों की रिहाई को लेकर हमास ने कहा कि यह कदम युद्धविराम की दिशा में चल रही वार्ताओं का हिस्सा है। हालांकि उसने इजरायल पर अड़ियल रुख अपनाने का आरोप लगाया है।

अल जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने बुधवार को बयान दिया कि कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही वार्ताओं में कई बाधाएं हैं। इनमें गाजा में अत्यावश्यक सहायता की आपूर्ति, इजरायली सेना की वापसी, और स्थायी युद्धविराम के लिए वास्तविक गारंटी जैसे मुद्दे शामिल हैं। हमास के एक सीनियर लीडर ताहेर अल-नूनू ने अल जजीरा को बताया कि समूह ने 10 बंधकों की रिहाई के बदले भोजन, दवाइयां, और इजरायली हमलों को रोकने की मांग की है, जो उनके अनुसार मानवता की दिशा में एक कदम है।



दूसरी ओर, इजरायली सैन्य प्रमुख इयाल जमीर ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि 10 जीवित बंधकों और नौ अन्य के शवों की रिहाई के लिए परिस्थितियां तैयार की गई हैं। हालांकि, युद्धविराम की संभावनाओं के बावजूद, इजरायली सेना ने गाजा में अपने हमले जारी रखे, जिसमें बुधवार को 74 लोग मारे गए। इनमें से आठ लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के एक खाद्य वितरण केंद्र पर इंतजार कर रहे थे।

गाजा में इजरायली हमलों का सिलसिला जारी है, जिसने क्षेत्र को तबाह कर दिया है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 को हमास के इजरायल पर आश्चर्यजनक हमले के बाद से गाजा में अब तक कम से कम 57,523 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हानून में एक और बड़ा हमला शुरू किया, जो मंगलवार को हमास के एक आश्चर्यजनक हमले में पांच इजरायली सैनिकों की मौत के बाद हुआ।

गाजा में मानवीय स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अस्पतालों में संसाधनों की कमी है, एम्बुलेंस रुक रही हैं, और जल आपूर्ति प्रणाली ढहने की कगार पर है। गाजा के इंडोनेशियाई अस्पताल के निदेशक मारवान अल-सुल्तान ने युद्ध के दौरान स्वास्थ्य प्रणाली के पतन के भयावह विवरण साझा किए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर उम्मीद जताई कि जल्द ही युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने 60 दिनों के युद्धविराम की शर्तों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास ने इस तरह के किसी समझौते को अस्वीकार करने की बात से इनकार किया। ट्रंप के मध्य पूर्व दूत ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच मतभेद कम हो रहे हैं, लेकिन कोई ठोस समयसीमा अभी तक तय नहीं हुई है।इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के पूर्ण निरस्त्रीकरण और गाजा से उसके शासन को हटाने की मांग की है। दूसरी ओर, हमास ने स्पष्ट किया है कि वह केवल तभी बंधकों को रिहा करेगा जब इजरायल स्थायी युद्धविराम और गाजा से अपनी सेना की पूर्ण वापसी पर सहमत होगा। गाजा में सहायता संकटगाजा में सहायता वितरण को लेकर भी विवाद बढ़ रहा है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के संचालन शुरू होने के बाद से, सहायता प्राप्त करने की कोशिश में 650 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और लगभग 4,000 घायल हुए हैं।

# एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से जुलाई '2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 38 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनाँक 10 जुलाई को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. बजाज एलियांज लाइफ इन्स्योरेन्स की रिलेशन मैनेजर श्वेता सिंह ने एनपीएस तथा कोटक महिंद्रा बैंक के ब्राँच हेड मोहम्मद जुल्फिकार आलम तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. अनीता झा (मानव संसाधनअंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु बीएलओ को मिला प्रशिक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, चास सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 37-चंदनकियारी (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता, चास श्री प्रभाष कुमार दत्ता ने की। प्रशिक्षण का संचालन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 37-चंदनकियारी (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अंचल अधिकारी, चास दिवाकर दुबे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर महादेव कुमार महतो एवं अमर नाथ बाउरी उपस्थित रहे। साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकगण की भी सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर अधिकारियों ने बीएलओ को मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटि संशोधन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने व अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं, 36-बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, चास से प्राप्त निदेश के अनुसार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, चास डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में भी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंजूर अंसारी एवं निरंजन बाउरी द्वारा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।

# गुरु पूर्णिमा को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बोकारो के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा,आषाढ पूर्णिमा के शुभ उपलक्ष्य में प्रो.परमेश्वर लाल वर्णवाल की अध्यक्षता में सेक्टर 12 में गुरु को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है।भारत में भगवान् से भी बड़ा दर्जा गुरु की रही है। गोष्ठी की शुरूआत गीता कुमारी गुस्ताख ने मां सरस्वती की वंदना 'हे शारदे मॉं अज्ञानता से हमें तार दे मां। चर्चीत कवियत्री नीलम झा द्वारा तबला वादन एवं गुरु वंदना चर्चीत रही। ऐश्वर्या द्वारा गायन हे प्रभु आनंददाता ज्ञान हमको दीजिये अद्भूत रहा। गोष्ठी का संचालन महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि गुरु के कृपा के बिना ज्ञान संभव ही नहीं। वरिष्ठ कवि दयानंद सिंह ने कहा कि हमारे ग्रंथ रामायण एवं महाभारत में स्पष्ट रुप से गुरु की महत्ता स्थापित रही है। प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि गु अर्थात अंधकार, : अर्थात प्रकाश, जो गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये, वो ही सच्चे गुरु हैं। बोकारो की प्रसिद्ध कवियत्री गीता कुमारी गुस्ताख की गुरु वंदना से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। परिषद् के संयोजक मधूकर ने कहा कि तालियों में कमी, कवियों के अधिकार का हनन होता है।अंत में धन्यवाद् ज्ञापन नीलम झा ने की।



# सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा सह सम्मान समारोह का आयोजन







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर, 3 सी, बोकारो में गुरु पूर्णिमा सह सम्मान समारोह अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव राजकुमार सिंह , कोषाध्यक्ष स्वाति श्री, समिति सदस्य रजनी, तथा प्राचार्य संजीव कुमार की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में भैया-बहनों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें कविता पाठ कक्षा चतुर्थ की बहन दर्पण द्वारा, भैया आनंद ने दोहा वाचन कक्षा दशम के भैया आशुतोष ने सामूहिक गान शिशु वर्ग की बहनों ने प्रस्तुत किया।

जबकि सामूहिक नृत्य कक्षा दशम की बहनों ने प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों ने गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा को भावपूर्ण रूप से प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ अत्यंत शांत और सात्त्विक वातावरण में किया गया। यह समारोह न केवल गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और गुरु परंपरा के प्रति आस्था भी जागृत हुई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी को समिति के अधिकारियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो के तीन इंस्पेक्टर बने डीएसपी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के तीन इंस्पेक्टर डीएसपी के पद पर प्रोन्नत हुए हैं। सभी प्रोन्नत डीएसपी को आज बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने एसपी कार्यालय सभागार में बैच लगया। बोकारो जिले से नवल किशोर सिंह, मुकेश कुमार पांडे और आर के राणा इंस्पेक्टर से डीएसपी के पद पर प्रोन्नत हुए। एसपी कार्यालय सभागार में पिंपिंग समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें एसपी के साथ-साथ डीएसपी चास,सिटी,सीसीआर और मुख्यालय डीएसपी मौजूद रहे। एसपी के साथ सभी डीएसपी ने भी बैच लगाने का काम किया। एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि सभी नव प्रोन्नत डीएसपी अब गजेटेड अफसर हो गए हैं। इनका लाभ अब झारखंड को डीएसपी के रूप में मिलेगा।



### अवैध बालू परिवहन में संलिप्त दो हाइवा जब्त, दो गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा के नेतृत्व में सेक्टर-6 थाना अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आशालता दिव्यांग विद्यालय के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए दो हाइवा वाहनों को पकड़ा गया। दोनों वाहनों को विधिवत जप्त कर सेक्टर-6 थाना को सुपुर्द किया गया तथा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वाहनों के साथ एक चालक एवं एक खलासी को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। इस विशेष अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही।



### डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में बताया

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** आज गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंथू महतो के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा एवं एवं 31 गांडेय विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को को गणन प्रपत्र, भवनाओं का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 ,8,घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना आज




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट (इकाई जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन) के जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 2 स्थित सरस्वती मंदिर के संघ कार्यालय में किया गया। साथ ही साथ आने वाले 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के दिन धरना एवं प्रदर्शन के उपरांत उपायुक्त बोकारो को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की जाएगी कि हम दो हमारे दो सबके दो और जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो ने की। साथ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस मौके पर संयोजक विकास अग्रवाल,संगठन मंत्री गौरी शंकर सिंह, महासचिव एवं कार्यालय प्रमुख करमचंद गोप, महासचिव एवं संपर्क प्रमुख अंकज कुमार बनवार, उपाध्यक्ष गोपाल शाह, अमन सिंघानिया, मनोज कुमार, साधन मंडल रतन महतो सह-संयोजक महेंद्र नायक, महादेव मरांडी,प्रकाश चंद्र राय, देवी लाल महतो, सचिव आशीष महतो, प्रदीप कुमार सिंह, नीति कुमार दास (चंदनक्यारी प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार), गणेश सिंह चौधरी, नरेश प्रसाद शिबू बाउरी कार्यकारिणी सदस्य रमेश लोहिया, बलराम महतो,जवाहर सिंह चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय प्रदेश सचिव अशोक जगनी, अविनाश कुमार एवं साध्वी झा उपस्थित रहे।

# रशिमपुंज साहित्यिक संस्थान के काव्यांजलि में बही काव्य रस की सरिता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रशिमपुंज साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में को ऑपरेटिव कॉलोनी में काव्यांजलि काव्य संध्या का आयोजन किया गया। संस्था की महासचिव कवयित्री करुणा कलिका के संयोजन में आयोजित इस प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। करुणा कलिका ने सभी कवियों का स्वागत किया तदुपरांत रीना यादव ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। कवि व शायर सुशील साहिल ने इस सफल आयोजन के लिए करुणा कलिका सहित सभी उपस्थित रचनाकारों की




काव्यांजलि कार्यक्रम का कुशल संचालन पटना से आये हुए उम्दा शायर सुशील ठाकुर 'साहिल' ने तथा अध्यक्षता बोकारो की कवयित्री काजल भलोटिया एवं कवि व गायक अरुण पाठक ने की। इस अवसर पर कवि कवयित्रियों ने सावन, प्रेम, मानवीय संवेदना, देशभक्ति आदि विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर सभी को आनंदित किया। मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पार्चन के बाद दीप तारीफ की। उन्होंने कहा कि बोकारो शहर में एक से बढ़कर एक प्रतिभाएं छिपी हुई हैं जिन्हें एकजुट करने का यह प्रयास स्तुत्य है। सभी रचनाकारों को सुनकर बहुत अच्छा लगा। आप सभी ऐसे ही साहित्यिक मेल-जोल को बढ़ाते रहें और सदैव सकारात्मकता को प्रतिष्ठित करते हुए अपने साहित्यिक अवदान को गति प्रदान करते रहें। कार्यक्रम का समापन करुणा कलिका जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# पहला कदम विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का आयोजन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को जगजीवन नगर स्थित विशेष विद्यालय 'पहला कदम' मे गुरु पूर्णिमा उत्सव, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिंद्रा कंपनी के स्टेट हेड रोशन सिंह एवं ब्रांच हेड दशरथ और डॉक्टर एम.पी. ठाकुर उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बच्चों ने केक भी काटा इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा गुरु वह दीप हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने कहा गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य के बीच के आत्मिक संबंध का प्रतीक है। पहला कदम में कार्यरत शिक्षक विशेष बच्चों के जीवन में जो योगदान दे रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों को उनकी सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।दिव्यांग बच्चों ने नृत्य, गायन और कविता पाठ के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। मंच पर प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों ने अतिथियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को भोजन कराया गया।

# जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त एवं समिति सदस्यों ने क्रम वार अंतर जिला स्थानांतरण हेतु प्राप्त आन लाइन आवेदन पत्रों पर विचार - विमर्श किया।

# कर्ण कुमार सिंह पुनः प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस लाईन में झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय कमिटी का चुनाव सम्पन्न हो गया। एक बार फिर से कर्ण कुमार सिंह प्रांतीय अध्यक्ष चुनकर आए। वही रमेश उरांव प्रदेश महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। साढ़े बारह बजे दिन में चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। 19 पदों पर हुए चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री के अलावा अन्य एकल पदों में प्रदेश कोषाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष के पांच पद,संयुक्त महामंत्री के पांच पद,सहायक महामंत्री के पांच पद पर निर्वाचित उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई।.कुल 761 वोटरों में 741 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। 9 जुलाई को मतदान की परिक्रिया शुरू हुई। देर रात मतदान चलता रहा।. मतदान के बाद देर रात्रि में मतों की गिनती शुरू की गई। आखिरकार साढ़े बारह बजे रिजल्ट की घोषणा की गई।. जीत कर आए प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री ने पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकताएं गिनाई।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उनके कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों से सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल एजेंटों (बी.एल.ए.) की शीघ्र नियुक्ति करने का अनुरोध किया। साथ ही बताया गया कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (विशेष गहन पुनरिक्षण) शुरू हो गया है। जिसमें बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को उनके कार्य एवं कर्त्तव्य, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, दावा आपत्ति से जुड़े विभिन्न प्रपत्र, 11 अधिकृत दस्तावेज सहित अन्य बिंदुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर धनबाद विस के एईआरओ शशिकांत सिंकर, रविन्द्र नाथ ठाकुर, विकास आनंद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री सोनु दुबे, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के अरविंद कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार तथा अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की मंडलकारा सुरक्षा समिति की बैठक, दिया दिशा-निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास मंडलकारा स्थित कार्यालय कक्ष में मंडलकारा सुरक्षा समिति की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने मंडलकारा के समीप अवैध अतिक्रमण को हटाकर चारों ओर चाहरदिवारी का निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया। अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चास अंचलाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने पर विशेष जोर दिया।

**साफ-सफाई व नियमित निगरानी सुनिश्चित करें**

बैठक में उपायुक्त ने जेल अधीक्षक/जेलर को मंडलकारा परिसर एवं सभी वार्डों की नियमित साफ - सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कैदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाएं रखने का निर्देश दिया।

**परिसर में हाई मास्क लाइट, जैमर लगाएं**

मंडलकारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु उपायुक्त ने 02 हाई मास्क लाइट लगाने, मोबाइल नेटवर्क बाधित करने हेतु जैमर का अधिष्ठापन करने एवं सभी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और उनके फुटेज का कम-से-कम एक माह तक बैकअप रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

**पेड़ों की टहनियों – झाड़ियों की छटाई करें**

उपायुक्त ने मंडलकारा के आसपास बड़े पेड़ों की टहनियों और झाड़ियों की वन प्रमंडल विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल छटाई कराने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया।

**भोजन व्यवस्था का भी लिया जायजा**

बैठक के बाद डीसी व एसपी ने मंडलकारा परिसर का निरीक्षण किया तथा कैदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन का रसोई घर जाकर गुणवत्ता का जायजा लिया। द्वय पदाधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने की बात कहीं।
मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मंडलकारा में किसी भी तरह की सुरक्षा चूक नहीं हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी सतर्कता बनाए रखें तथा समय-समय पर प्रतिवेदन जिला को समर्पित करेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार व अन्य उपस्थित थे। इससे पूर्व, डीसी व एसपी को जेल अधीक्षक अनुभाग द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं, पुलिस जवानों द्वारा उपायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# झरिया में दो समुदायों के बीच झड़प, आधा दर्जन घायल एक गंभीर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाहिर मैदान में दो समुदायों के बीच आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से जमकर पथराव और लाठी-डंडे चले। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं और एक की हालत गंभीर बनी हुई है।.सभी का इलाज झरिया के निजी अस्पताल में चल रहा है। .घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पास के थाना को दी। सूचना मिलते ही सिंदरी एसडीपीओ , झरिया अंचल के सीओ सहित सिंदरी अनुमंडल के सभी थाने की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थिति को नियंत्रित किया। .इस दौरान पुलिस को हल्के बल का भी प्रयोग करना पड़ा। फिलहाल इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस और शांति समिति के सदस्य दोनों पक्षों से बातचीत कर हालात को सामान्य करने में जुटे हैं. घटना को लेकर एक समुदाय का कहना है कि एक युवक बाल कटवाने गया था इसी दौरान कुछ युवकों ने अचानक हमला कर दिया. दावा किया कि हमला करने वाले लोग हाल ही में दिल्ली से यहां अपने रिश्तेदारों के पास आए हैं और बांग्लादेशी हैं। वहीं विशेष समुदाय का कहना है कि कुछ बच्चे बनियाहिर ग्राउंड में खेल रहे थे .जहां कुछ बात को लेकर विवाद हुआ जिससे मामला बिगड़ा . जिसके बाद दोनों और से पथराव और लाठी डंटे चलने लगे .इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं.घर और ऑटो भी क्षतिग्रस्त हुआ है. वहीं इस घटना को लेकर सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि रास्ते को लेकर दो समुदाय के बच्चों के बीच विवाद हुआ था जो हिंसक रूप ले लिया. फिलहाल स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है. और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com